3 राजधानी
भारत मंडपम में नक्षत्र मेला 10 फरवरी से

6 अभिमत
विकसित भारतः युवाओं की भूमिका

10 राष्ट्रीय
कांग्रेस ने यात्रा के लिए जारी किया गीत

11 विदेश
अमेरिकी हमलों में पांच हुती विद्रोही मरे

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 68
नई दिल्ली, शनिवार, 13 जनवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अक्षर की नजरें विश्वकप टीम में जगह बनाने पर
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# पीएम मोदी ने शुरू की 11 दिनों की आध्यात्मिक यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अयध्यठ** में राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए केवल 11 दिन शेष रह गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो अनुष्ठानों का नेतृत्व करेंगे, ने 11 दिनों का कठोर उपवास शुरू किया है जिसमें 'यम नियम' भी शामिल है। इसके तहत नियमित प्रार्थना और योग शामिल है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को एक संदेश में लोगों को 22 जनवरी को रामलला की 'प्राण प्रतिष्ठा' करने से पहले शास्त्रों में बताए गए अनुष्ठानों का पालन करने के बारे में यह जानकारी दी।

मोदी ने एक्स पर एक संदेश में कहा, 'मैं भाग्यशाली हूं कि मैं भी इस शुभ अवसर का साक्षी बनूंगा। प्रभु ने मुझे अभिषेक के दौरान भारत के सभी लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक साधन बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं आज से 11 दिनों का एक विशेष अनुष्ठान शुरू कर रहा हूं।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें जीवन में पहली बार एक अद्भुत अनुभव हो रहा है जो वर्णातीत है। उन्होंने कहा, मैं भावुक हूं, भाव-विह्वल हूं। मैं पहली बार जीवन में इस तरह के मनोभाव से गुजर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस स्वप्न को अनेक पीढ़ियों ने वर्षों तक एक संकल्प की तरह अपने हृदय में जिया, उन्हें उसे साकार होते हुए देखने का सौभाग्य मिला है।





मोदी ने एक ऑडियो संदेश में कहा कि उनके अंतर्मन की यह भाव यात्रा अभिव्यक्ति की नहीं बल्कि अनुभूति का अवसर है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हुए भी इसकी गहनता, व्यापकता और तीव्रता को शब्दों में बांध नहीं पा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सभी भारतीयों और भगवान राम के भक्तों के लिए पवित्र अवसर है और हर कोई 22 जनवरी को उस ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रहा है जब भगवान राम की प्रतिमा अयोध्या में स्थापित की जाएगी जिसे भक्त उनका जन्म स्थान मानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वह इस पवित्र पल के साक्षी बनेंगे। मोदी ने कहा कि प्रभु ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सभी भारतीयों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है और वह इसे ध्यान में रखते हुए 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वक्त किसी की भी भावना को शब्दों में बांधना मुश्किल है लेकिन वह कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि शास्त्रों में प्राण प्रतिष्ठा के लिए लोगों के वास्ते सख्त और कठिन दिशा निर्देश हैं। उन्होंने कहा कि वह आध्यात्मिक यात्रा के कुछ विद्वानों के मार्गदर्शन में विशेष अनुष्ठान शुरू कर रहे हैं।अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री ( शेष पेज 9 )

## रामलला के कपड़ों पर चल रहा काम

**बिस्वजीत बनर्जी।** लखनऊ

**वशिष्ठ** कुंड के शांत इलाके में मास्टर टेलर भागवत प्रसाद पहाड़ी की वर्कशॉप में सिलाई मशीनों की लयबद्ध आवाज गूंजती है। भागवत प्रसाद को राम लला की पोशाक तैयार करने का अहम काम सौंपा गया है लेकिन एक अप्रत्याशित बाधा के कारण सुई और धागे पर अल्प विराम लग गया है। अयोध्या में प्रतिष्ठित राम मंदिर के निर्माण और तैयारियों की देखरेख करने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अभी तक राम लला की मुख्य मूर्ति की जरूरी माप प्रदान नहीं की है। इस अप्रत्याशित देरी ने पवित्र कपड़ों की तैयारी को प्रभावित किया है। अनुभवी दर्जी भागवत प्रसाद पहाड़ी वर्षों से भगवान के लिए कपड़े सिल रहे हैं। समर्पण और चिंता मिश्रित अपनी दुविधा व्यक्त करते हैं। ट्रस्ट के आवश्यक माप के बिना वह खुद को राम लला की पोशाक के लिए आवश्यक जटिल सिलाई प्रक्रिया शुरू करने में असमर्थ पा रहे हैं।

पहाड़ी भरोसा देते हुए कहते हैं, हरी झंडी मिलने पर राम लला के लिए सभी वस्त्र सावधानीपूर्वक तैयार किए जाएंगे और अधिकतम दो दिनों के भीतर तैयार हो जाएंगे।वर्तमान में भागवत ने मूर्ति के लिए तीन अलग-अलग पोशाकें सिलवाई हैं - एक प्राचीन सफेद रंग में, दूसरी शुभ पीले रंग में, और तीसरी चमकीले लाल रंग में। हालाँकि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रतिनिधि चंपत राय ने मूर्ति के संबंध में केवल आंशिक जानकारी का खुलासा किया है, जिसमें कहा गया है कि यह 51 इंच ऊंची होगी और श्याम वर्ण, गहरे रंग की होगी। पोशाक की सटीक सिलाई के लिए जरूरी जानकारी नहीं दी गई जिससे परिधान के निर्माण प्रक्रिया में अप्रत्याशित रुकावट आई है। इस अस्थायी झटके के बावजूद भागवत प्रसाद पहाड़ी न केवल राज्य के भीतर बल्कि पूरे देश में समर्पित लोगों द्वारा की जा रही पूछताछ से अभिभूत हैं। जयपुर, मध्य प्रदेश, मकराना, गुजरात और हरिद्वार जैसे विविध स्थानों से कॉल और पूछताछ आ रही हैं, जो राम लला के लिए सावधानीपूर्वक तैयार की गई पोशाक की व्यापक मांग को रेखांकित करती हैं।भागवत ने कहा, 'अब तक मैंने 25,000 से अधिक पोशाकें बनाई हैं और अधिक ऑर्डर आ रहे हैं। यह राम लला के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा और विश्वास को दर्शाता है।'राम लला के लिए वार्डरोब तैयार करने के कार्य में लगभग 10,000 रुपये का बजट शामिल है। इस व्यापक सेट में तीन जटिल डिजाइन वाले पर्दे, एक बड़ी बेडशीट, छह छोटी बेडशीट, छह रंगीन दुपट्टे और एक रजाई शामिल है ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### जोड़े पर हमला करने वालों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज

**हावेरी** (कर्नाटक)। कर्नाटक के हावेरी जिले में एक होटल के कमरे में घुसकर एक अंतरधार्मिक जोड़े के साथ मारपीट करने के आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि महिला ने पुलिस में दर्ज कराई गई अपनी शिकायत में कहा है कि उसका यौन शोषण किया गया है। आठ जनवरी की इस घटना के संबंध में अल्पसंख्यक समुदाय के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, बृहस्पतिवार दोपहर को पीड़िता के बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किए गए जिसमें उसने आरोप लगाया कि सात लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था।

### सीईसीकी नियुक्ति से जुड़े नए कानून पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उस समिति द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश शामिल नही है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ हालांकि, नए कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गई और उसने केंद्र को एक नोटिस जारी किया। पीठ ने नए कानून पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली कांग्रेस नेता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील विकास सिंह से याचिका की एक प्रति केंद्र सरकार के वकील को देने को कहा।सिंह ने कहा, कृपया इस कानून पर रोक लगाएं। यह शक्तियो के पृथक्करण के विरुद्ध है। पीठ ने सिंह से कहा, नही, दूसरे पक्ष को सुने बगैर हम रोक नहीं लगा सकते। हम नोटिस जारी करेंगे।

### प्रधानमंत्री 16 को कोच्चि में करेंगे रोड शो

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले मंगलवार को केरल में रोड शो करने के लिए कोच्चि जा रहे हैं। पिछले कुछ हफ्तों में यह उनका दूसरा रोड शो होगा। कांग्रेस के साथ-साथ सीपीआई (एम) और इन पार्टियों का समर्थन करने वाले छोटे संगठनों को डर है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में अपना खाता खोलने के लिए पूरे दमखम के साथ उतरेगी। 3 जनवरी को राज्य की सांस्कृतिक राजधानी त्रिशूर में आयोजित प्रधान मंत्री का रोड शो एक बड़ी सफलता रही है। जनसभा मे भारी भीड़ जुटी थी और इसमें महिलाओ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं।

## ईडी ने बंगाल के मंत्री, विधायक और पार्षद ठिकानों पर मारे छापे

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**हथियारों** से लैस केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शुक्रवार को बंगाल के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस, उनके वरिष्ठ पार्टी सहयोगी और दक्षिण दमदम से तृणमूल कांग्रेस के विधायक तापस रॉय और दमदम नगरपालिका के पार्षद सुबोध चक्रवर्ती के आवासों पर छापेमारी की।

नगर निकायों में भर्ती में कथित अनियमितता की जांच के सिलसिले में शुक्रवार सुबह यह छापेमारी हुई। एक सप्ताह पहले उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में टीएमसी के एक नेता के आवास पर छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद शुक्रवार की ईडी की यह पहली छापेमारी है।

सूत्रों ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को बोस के आवास में प्रवेश करने का प्रयास करते समय शुरू में प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और लगभग 40 मिनट के बाद वे अंदर प्रवेश कर पाए।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा, हम छापेमारी वारंट के साथ कर रहे हैं लेकिन इसे दिखाने के बाद भी हमें शुरू में प्रवेश नहीं करने दिया गया। इस बार केंद्रीय सुरक्षाबलों के जवान हेलमेट जैसे अतिरिक्त सुरक्षा उपकरणों के साथ ही स्वचालित हथियार भी लिए हुए थे। बीते सप्ताह संदेशखाली में छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों पर हुए हमले को ध्यान में रखते हुए इस तरह की तैयारी की गई थी।उन्होंने बताया कि ईडी के अधिकारियों ने केंद्रीय बलों के साथ शुक्रवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के लेक टाउन इलाके में बोस के दो आवासों पर छापे मारे। अधिकारी के अनुसार, इसके साथ ही केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने तापस रॉय के बीबी गांगुली स्ट्रीट स्थित आवास और चक्रवर्ती के बिराती स्थित आवास पर भी छापे मारे जो उत्तर 24 परगना जिले में स्थित है। इस दौरान स्थानीय थानों के पुलिसकर्मी संबंधित स्थानों पर पहुंचे और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में संदेशखाली में टीएमसी नेता शेख शाहजहां के घर पर छापेमारी के प्रयास के दौरान ईडी अधिकारियों पर हिंसक हमले के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उक्त हमले में तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

ईडी के एक प्रवक्ता ने ने कहा, हम नगर निकायों में भर्तियों को लेकर टीएमसी के तीन नेताओं के आवासों पर छापेमारी कर रहे हैं। हम नेताओं से बात भी कर रहे हैं। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में नगर निकाय भर्ती में हुई अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के लिए कई पार्टी नेताओं के घरों पर समन्वित छापेमारी की निंदा की। पार्टी ने इसे लोकसभा चुनाव से पहले ( शेष पेज 9 )

## पारा पांच साल में सबसे नीचे, कांपती रही दिल्ली

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में शुक्रवार को शीतलहर जारी रहने के कारण दिल्ली लगातार मौसम की मार झेल रही है। धूप के बीच दिल्ली में कंपकंपी जारी है क्योंकि शुक्रवार को न्यूनतम तापमान इस मौसम के औसत से तीन डिग्री नीचे गिरकर 3.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो इस मौसम में अब तक का सबसे कम तापमान है। यह पिछले पांच वर्षों में दर्ज किया गया सबसे कम न्यूनतम तापमान है। औसत अधिकतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य से एक डिग्री कम है।



आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, जाफरपुर में 3.2 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 3.6 डिग्री सेल्सियस और पालम में 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में भीषण ठंड होने से शहर की बिजली की अधिकतम मांग शुक्रवार सुबह बढ़कर 5,701 मेगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के वास्तविक समय के आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार सुबह 10.49 बजे दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 5,701 मेगावाट थी। बिजली वितरण कंपनियों ने अनुमान लगाया है कि इस साल सर्दियों में बिजली की अधिकतम मांग 5,760 मेगावाट तक पहुंच जाएगी। सर्दियों की पिछली उच्चतम मांग बुधवार सुबह 5,611 मेगावाट थी। डिस्कॉम अधिकारियों ने कहा कि 1 जनवरी के बाद से दिल्ली की अधिकतम बिजली मांग 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है। बीएसईएस के एक प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी की डिस्कॉम - बीआरपीएल और बीवाईपीएल - ने क्रमश: 2,484 मेगावाट और 1,185 मेगावाट की अधिकतम बिजली मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया। डिस्कॉम के एक प्रवक्ता ने कहा कि टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) ने अपने क्षेत्र - उत्तरी दिल्ली में 1,774 मेगावाट तक पहुंचने वाली अब तक की सबसे ऊंची शीतकालीन पीक बिजली की मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया।

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार पालम, लोधी रोड, रिज, आयानगर, जाफरपुर, मुंगेशपुर, नरेला, पीतमपुरा, पूसा और एसपीएस मयूर विहार में अधिकतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से चार डिग्री अधिक), 18.8 डिग्री सेल्सियस ( शेष पेज 9 )

## बंगाल की खाड़ी में मिला आठ साल पहले लापता वायुसेना के विमान का मलबा

**राहुल दत्ता।** नई दिल्ली

**भारतीय** वायुसेना के लापता विमान का रहस्य आखिरकार लगभग आठ साल बाद सुलझ गया है क्योंकि इसके मलबे का कुछ हिस्सा हाल ही में बंगाल की खाड़ी में लगभग 3.4 किमी की गहराई पर पाया गया। 22 जुलाई 2016 को चेन्नई के तंबरम एयरबेस से उड़ान भरने के बाद 29 कर्मियों के साथ एएन-32 परिवहन विमान पोर्ट ऑफ ब्लेयर के रास्ते में था, जब वह लापता हो गया।शुक्रवार को यहां जानकारी देते हुए, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा तैनात एक ऑटोनामस अंडर वाटर व्हेकिल (एयूवी) द्वारा ली गई तस्वीरों की जांच से पता चला है कि चेन्नई तट से 310 किमी दूर स्थित जहाज का मलबा एएन-32 विमान का है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, तस्वीरों की जांच में उन्हें एएन-32 विमान के




अनुरूप पाया गया। इस क्षेत्र में किसी अन्य विमान के लापता होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है लिहाजा इस बात की पूरी संभावना है कि मलबा वायुसेना के लिए एएन-32 का है।भारतीय वायुसेना का पंजीकरण संख्या के-2743 वाला एएन-32 विमान 22 जुलाई 2016 को एक मिशन के दौरान बंगाल की खाड़ी के ऊपर लापता हो गया था। इस विमान का पता लगाने के लिए संभवत: विमान और जहाजों से जुड़े देश के सबसे बड़े खोज और बचाव अभियानों में से एक था। विमान के लापता होने के बाद से किसी भी लापता कर्मी या विमान के मलबे का पता नहीं लग सका।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तत्वावधान में कार्य करने वाले राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान ने हाल ही में लापता एएन-32 विमान के अंतिम ज्ञात स्थान पर गहरे समुद्र में अन्वेषण क्षमता वाला एक एयूवी तैनात किया था। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'यह खोज मल्टी-बीम सोनार (साउंड नेविगेशन एंड रेंजिंग), सिंथेटिक अपर्चर सोनार और हाई-रिज़ॉल्यूशन फोटोग्राफी सहित कई पेलोड का उपयोग करके 3,400 मीटर की गहराई पर की गई थी।'बयान में कहा गया है, 'खोज छवियों के विश्लेषण से चेन्नई तट से लगभग 140 समुद्री मील (3.10 किमी) दूर समुद्र तल पर दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे की मौजूदगी का संकेत मिला है।'परिवहन विमान ने 22 जुलाई, 2016 को सुबह 8.30 बजे चेन्नई के तांबरम हवाई अड्डे से उड़ान भरी और 750 समुद्री मील (1,300 किमी)की दूरी तय करने के बाद सुबह 11.30 बजे के आसपास अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर में उतरना था। जब विमान उतरने में विफल रहा, तो सुबह 11.45 बजे खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि रडार ने विमान को आखिरी बार सुबह 9.15 बजे चेन्नई से 200 किमी पूर्व में देखा था। अधिकारियों ने यहां बताया कि लापता विमान में सवार सेवा कर्मियों में चार अधिकारी और 25 अन्य शामिल थे। जबकि विमान में चालक दल के छह सदस्य थे, अन्य यात्रियों में भारतीय वायुसेना के 11, नौसेना के नौ, सेना के दो और तटरक्षक बल के एक जवान शामिल थे। पोर्ट ब्लेयर में त्रि-सेवा कमान है। बताया जाता है कि उड़ान भरने के सोलह मिनट बाद पायलट ने आखिरी कॉल की और कहा, 'सब कुछ सामान्य है।'विमान ने तेजी से 23,000 फीट की ऊंचाई खो दी और चेन्नई तट से 280 किमी दूर सुबह 9.12 बजे के आसपास रडार से बाहर हो गया। दुर्घटना के लगभग आठ साल बाद दुर्घटनाग्रस्त विमान का मलबा उसी क्षेत्र में तट से 310 किमी दूर पाया गया है। तब शुरू किए गए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान में नौसेना के डोर्नियर विमान और 11 जहाज - सह्याद्रि, राजपूत, रणविजय, कामोर्टा, किर्च, कार्मुक, कोरा, कुठार, शक्ति, ज्योति, घड़ियाल और सुकन्या शामिल थे।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए 85 मंदिर चिन्हित

● आयोजन में रामकथा व सुंदरकांड का होगा पाठ

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



अयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान जिले के मंदिरों में भी विशेष आयोजन किए जाएंगे। इसके लिए जिले में कुल 85 मंदिरों को चिन्हित किया गया है जिसमें शहरी क्षेत्र में 39 और ग्रामीण क्षेत्र के 46 मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। इन आयोजनों में रामकथा, सुंदरकांड पाठ, रामभजनों का आयोजन किया जाएगा।

शहरी क्षेत्र के मंदिरों में नगर निगम द्वार कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें विजयनगर जोन से 4 मंदिर, वसुंधरा जोन, कविनगर जोन, सिटी जोन से नौ-नौ मंदिर और मोहनगर जोन से आठ मंदिरों को चिन्हित किया गया है। वार्ड-3 के श्रीराम मंदिर, वार्ड-4 से महर्षि वाल्मीकि मंदिर, वार्ड-14 महर्षि वाल्मीकि मंदिर, वार्ड-48 महर्षि वाल्मीकि मंदिर, वार्ड-61 हनुमान मंदिर, वार्ड-36 प्राचीन हनुमन मंदिर, वार्ड-40 में प्राचीन सिद्धबलि हनुमान मंदिर, सूर्य नगर श्रीराम मंदिर, वार्ड-94 श्रीराम मंदिर, वार्ड-72 प्राचीन हनुमान मंदिर, वार्ड-36 प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर, वार्ड-72 प्राचीन सनातन धर्म मंदिर, श्री वाल्मीकि मंदिर, हनुमत धाम ट्रस्ट, चौधरी मोड, हनुमान मंदिर, जटवाडा के महर्षि वाल्मीकि मंदिर, पटेल नगर के श्रीराममंदिर, पटेलनगर सेकेण्ड के हनुमान मंदिर, सिकरोड के वाल्मीकि मंदिर, बाग वाली कॉलोनी व रहीसपुर के वाल्मीकि मंदिर, के ब्लॉक संजयनगर के रामजानकी मंदिर, एफ ब्लॉक संजयनगर, राजनगर से 10 राममंदिर सनातन धर्म मंदिर, राजनगर, एलएलटी पुल के पास, रजापुर हनुमान मंदिर, चौपाला का हनुमान मंदिर, पीएससी चौक कैला भट्टा वाल्मीकि मंदिर, न्यू कोट गांव श्रीराम मंदिर, घंटाघर चौक हनुमान मंदिर, डीएलएफसंकट मोचन मंदिर, राजीव कॉलोनी श्रीवाल्मीकि मंदिर, विक्रम एन्क्लेव शालीमार गार्डन राम मंदिर, वार्ड.73 त्रिवेदी धाम मंदिर, शिव चौक शिव जगदम्बा मंदिर, शालीमार गार्डन शिवशक्ति साईं मंदिर, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 शिवशक्ति साई मंदिर, राजेन्द्र नगर श्रीराम मंदिर, वार्ड-83 श्रीहनुमान मंदिर शामिल हैं।

## ग्रेटर नोएडा डिपो की केवल 24 बसों में लगे है स्पीकर

*नोएडा। 22 जनवरी को रामनगरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होने जा रहा है। जिसको लेकर सूबे की योगी सरकार पूरे प्रदेश को राम मय बनाने में जुटी है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश परिवहन की अयोध्या रूट पर लने वाली बसों में स्पीकर के जरिए राम भजन चलाने के निर्देश दिये गये हैं। लेकिन ग्रेटर नोएडा से चलने वाली 153 में से केवल 24 बसों में ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगे मिले हैं। बाकी बसों में लगे स्पीकर खराब हो गये हैं। पब्लिक एड्रेस सिस्टम बसों में नहीं लगे होने से यात्रियों को राम भजन से वंचित होना पड़ेगा। रामलला के भजन बजाना ग्रेटर नोएडा डिपो के अधिकारियों के लिए चुनौती बन गया है। हाल ही में डिपो को मिली 24 बसों में ही यह सुविधा मिली है। इन बसों में भी लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम के स्पीकर फटे हुए और वायरिंग खराब पड़ी हुई है। नई बीएस छह बसों में ये सिस्टम लगे आ रहे हैं। बिना सिस्टम के बसों में रामलला के भजन चलना संभव नहीं है।*

## कोर्ट पेशी पर आए आरोपी ने ब्लैड से खुद का काटा गला, घायल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जिला न्यायालय में कोर्ट में पेशी के लिए आए एक आरोपी ने अपनी गर्दन पर ब्लेड से हमला कर लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। न्यायालय में हुई इस घटना के बाद हड़कम्प मच गया। आरोपी को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जारचा कोतवाली क्षेत्र के पावली गांव निवासी शिवम कुमार पर दहेज हत्या का मामला दर्ज है। इस मामले में वह जेल गया था फिलहाल वह जमानत पर बाहर था। शुक्रवार को सूरजपुर स्थित जिला कोर्ट में एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम में मामले की सुनवाई थी। मामले में वादी पक्ष गवाही होनी थी एआरोपी शिवम भी कोर्ट पहुंचा था। इसी दौरान शिवम ने एक ब्लेड से अपनी गर्दन पर वार कर दिया। बताया जा रहा है कि वह ब्लड को अपने साथ छिपा कर लाया था। गर्दन पर ब्लैड लगते ही वह लहूलुहान हो गया।

# बिना मीटर के बिल भेजना पड़ा भारी, रीडर समेत दो पर दर्ज हुआ मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा से एक अजीबों गरीब मामला सामने आया है। जहां घर में मीटर न लगे होने के बाद भी बिजली का बिल भेज दिया गया।

इस पर कार्यवाही करते हुए बिजली का बिल भेजने और गलत रीडिंग बनाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए सुदामा पुरी स्थित 33/11 केवीए उप केंद्र में तैनात अवर अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बिलिंग एजेंसी के मीटर रीडर द्वारा बनाए जा रहे थे। आईडीएफ आरडीएफ बिलों की जांच के लिए गठित टीम सांई उपवन सोसायटी यूसुफ पुर चक सबेरी पहुंची। यहां उपभोक्ता गुंजन कुमार ने बताया कि उसने 2 किलो वाट घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए अप्लाई किया था। उसके यहां अभी तक मीटर नहीं लगा है। इसके बावजूद भी उसके यहां लगातार मीटर रीडिंग के बिल भेजे जा रहे हैं।

इस प्रकरण में कई बार उपभोक्ता ने कार्यालय में आकर भी शिकायत की थी।

इसके अलावा कई अन्य उपभोक्ताओं ने शिकायत की थी कि वास्तविक खपत रीडिंग के अनुसार बिलिंग नहीं की जा रही है। इन आरोपों पर कार्यवाई करते हुए अवर अभियंता संतोष कुमार ने मीटर रीडर आकाश कुमार और बिलिंग एजेंसी के सुपरवाइजर राहुल शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की जांच शुरू हो गई है।

# गौतम बुद्ध नगर में 43 करोड़ के टेंडर जारी

● ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व गांवों में विकास व रखरखाव के कार्यों में तेज लाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों व गांवों में मरम्मत व रखरखाव के कार्यों को और तेज कर दिया है। प्राधिकरण ने 30 कार्यों के लिए लगभग 43 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। एक माह में टेंडर प्रक्रिया को पूरा काम कराने की तैयारी है।


ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व गांवों में विकास व रखरखाव के कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देशों पर अमल करते हुए परियोजना विभाग 30 कार्यों के लिए 43 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं।

प्राधिकरण के परियोजना विभाग के महाप्रबंधक हिमांशु वर्मा ने बताया कि जिन 30 कार्यों के टेंडर निकाले गए हैं उनमें लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर-10 व 12 की 24 मीटर रोड की री.सर्फेसिंग का कार्य, 1.42 करोड़ रुपये की लागत से लखनावली में सीसी रोड व नाली का कार्य, 1.18 करोड़ रुपये की लागत से घोड़ी-बछेड़ा में 6 प्रतिशत आबादी भूखंडों और 60 मीटर चौड़े संपर्क मार्ग का अवशेष कार्य, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 130 मीटर रोड से क्रॉसिंग रिपब्लिक तक 45 मीटर रोड का चौड़ीकरण और ड्रेन का निर्माण कराया जाएगा।

इसी तरह सेक्टर चाई फोर स्थित एस/एसटी हॉस्टल में 2 वर्ष के लिए स्वीपिंग और क्लीनिंग के कार्य, सेक्टर म्यू टू स्थित 29.76 मीटर के फ्लैटों के रिपेयर का कार्य, कासना व सिरसा में 6 प्रतिशत आबादी के विद्युतीकरण का कार्य, सेक्टर जीटा से ओमीक्रॉन टू एवं 3 के जंक्शन तक 130 मीटर रोड का सौंदर्यीकरण व तीन वर्ष तक के लिए मेनटेनेंस के कार्य आदि शामिल हैं। सीईओ एनजी रवि कुमार ने निर्धारित अवधि में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर इन कार्यों को प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए हैं।

## जेवर एयरपोर्ट के पास जमीन दिलवाने के नाम पर 24 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी, गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर 24 करोड रुपए का घोटाला करने के मामले में मुख्य आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इस घटना मे शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। थाना सेक्टर 63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि गौरव शर्मा ने छह दिसंबर 2023 को थाना सेक्टर 63 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अकील पुत्र ताहिर खान तथा उसके अन्य साथियों ने जमीन दिलवाने के नाम पर उनसे 24 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है।



उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी अकील को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। सिंह ने बताया कि आरोपियों ने खुद को बड़े जमींदार और राजनीतिक घराने से संबंधित होने का झांसा देकर पीड़ित को अपने जाल में फंसाया तथा उन्हें जमीन दिलवाने के एवज में मोटी रकम हड़प ली थी।

## मोदीनगर में देह व्यापार का भंडाफोड़, कई युवक दीवार फांदकर भागे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की मोदीनगर नगर की एक निर्माणाधीन कॉलोनी में चले रहे होटल पैराडाइज ओयो पर पुलिस ने छापा मारकर देह व्यापार पकड़ा। पुलिस ने तीन महिलाओं और दो युवक व एक संचालक को गिरफ्तार किया।

मुख्य संचालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। कई युवक दीवार फांदकर भाग गए। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पुलिस को दो महिलाएं और दो युवक आपत्तिजनक हालत में मिले। कई युवक पुलिस को देखकर कमरे से निकल कर दीवार फांदकर भाग गए। पूछताछ में पकड़े गए संचालक शरद रूहेला निवासी सत्तेनगर ने बताया कि हिमांशु उर्फ मग्गा देह व्यापार का मुख्य संचालक हिमांशु अन्य स्थानों पर भी देह व्यापार कराता है। शरद ने घर से भी देह व्यापार का धंधा चलाया था। लोगों के विरोध के बाद शरद को वहां देह व्यापार का धंध बंद करना पड़ा था।

# एक्सप्रेसवे पर दो अंडरपास निर्माण को हरी झंडी

● सीईओ ने एडवांट टॉवर के समीप स्थित अंडरपास पर थीम पेंटिंग का निरीक्षण किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डॉ लोकेश एम के साथ अन्य अधिकारी।

नोएडा में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डॉ लोकेश एम ने नोएडा. ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस.वे पर प्रस्तावित दो अंडरपास और एपीजे स्कूल के निकट दौरा किया।

इस दौरान उन्होने वहां की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ उप महाप्रबंधक सिविल विजय रावल और वर्क सर्किलज1, 9 एवं 10 के वरिष्ठ प्रबंधक भी मौजूद थे। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने मातहत अधिकारियों को निर्देश दिए है, कि एक्सप्रसे.वे पर चैनेज 6.100 किमी तथा चैनेज 16.400 किमी पर प्रस्तावित अंडरपास के निर्माण को लेकर सभी अग्रित औपचारिकताएं एवं कार्रवाई शुरू करें। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर-14ए से महामाया फ्लाईओवर तक एपीजे स्कूल के पास यातायात सुधार के निर्देश दिए।

## सिंगल यूज प्लास्टिक व पराली जलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नोएडा।** नोएडा में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण और गंगा समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में प्रभागीय वन अधिकारी सचिव जिला पर्यावरण समिति प्रमोद कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उत्सव शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, उपनिदेशक उद्यान ग्रेटर नोएडा एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में सदस्य सचिव जिला पर्यावरण समिति प्रमोद कुमार द्वारा जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण एवं गंगा समिति की वर्तमान तक की प्रगति के संबंध में अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व को अवगत कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार



कानून व्यवस्था बनाये रखने पुलिस अधिकारी गश्त करते हुए।

### गाजियाबाद में लकड़ी के गोदाम में भीषण आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नंदग्राम इलाके में शुक्रवार तड़के लकड़ी के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग ने पूरी बिल्डिंग को चपेट में ले लिया। समय रहते फायर फाइटर्स पहुंच गए और आग पर काबू पा लिया। इस अग्निकांड में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन काफी लकड़ी जल गई। इसमें गोदाम मालिक को भारी नुकसान हुआ है। गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, सुबह 4 बजकर 42 मिनट पर फायर स्टेशन कोतवाली पर कॉलर रंजन शर्मा ने ये सूचना दी कि नंदग्राम में विकलांग कॉलोनी के निकट लकड़ी के गोदाम मूलचंद संस में आग लग गई है। इस सूचना पर तुरंत दो फायर टेंडर रवाना किए गए। इससे पहले स्थानीय लोग ही आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर चुके थे। फायर फाइटर्स ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो आग लकड़ी के गोदाम में लगी थी।

### लेखपालों के खिलाफ वकीलों का धरना जारी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में लेखपालों और तहसील कर्मियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर हड़ताल पर चल रहे वकीलों का मोदीनगर तहसील परिसर में धरना चौथे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता विनोद तेवतिया और संचालन धीरज कौशिक ने किया। आजाद समाज पार्टी, भारतीय जन संघर्ष मोर्चा एवं भाकियू के कार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक भ्रष्टाचार समाप्त करने को लेकर तहसील प्रशासन के अधिकारी ठोस रणनीति तैयार नहीं करते हैं, तब तक धरना जारी रहेगा।

### नोएडा पंजाबी एकता समिति ने मनाई लोहड़ी

**नोएडा।** नोएडा में नोएडा पंजाबी एकता समिति द्वारा गुरूवार लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में नोएडा के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नोएडा सेक्टर.51 स्थित वेडिंग विला में नोएडा पंजाबी एकता समिति के द्वारा लोहड़ी पर्व पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के राजनेताओं सहित शहर की तमाम बड़ी हस्तियां शामिल हुई। इस कार्यक्रम में पंजाबी संगीतकार हरलीन सिंह और धीरज भंडारी पॉप स्टार के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचाई।


**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन मखीजा/ सरला देवी/ चांदनी जैन/ रूप चंद/ अमित कुमार पवन कुमार/ LBJAI00002033529 | फ्लैट नंबर बी3-2003, 20वीं मंजिल, टावर-बी3, एमराल्ड बे, सेक्टर-104, ग्राम धनवापुर, गुड़गांव/ जनवरी 10 , 2024 | जून 17, 2023 रु. 31,95,837/- | दिल्ली/ एनसीआर/ जयपुर |
| 2. | प्रमोद कुमार/ रीता कुमारी मंडल/ LBDEL00002377877 | फ्लैट नंबर 32, दूसरी मंजिल, एलआईजी, सेक्टर-34 पॉकेट 3, ब्लॉक एफ, रोहिणी, दिल्ली/ जनवरी 10, 2024 | सितम्बर 14, 2023 रु. 10,68,944/- | दिल्ली/ एनसीआर एवं धनबाद |
| 3. | ज्योति यादव/नरेंद्र यादव/ LBAWR00006238135/ LBAWR00006291288 | फ्लैट नंबर 504, पांचवीं मंजिल, टॉवर-डी, रैमसंस क्षितिज, गांव ढोरका, आयुष्मान अस्पताल के पास, सेक्टर- 95, पटौदी रोड, उप तहसील हरसरू, गुड़गांव/ जनवरी 10, 2024 | अगस्त 11, 2023 रु. 21,28,608/- | दिल्ली/ एनसीआर एवं भिवाड़ी |
| 4. | राखी शर्मा/सतपाल शर्मा/ LBNOD00002388573 | फ्लैट नंबर 10, दूसरी मंजिल, पॉकेट 2, ब्लॉक बी3, सेक्टर 34, रोहिणी, दिल्ली/ जनवरी 10, 2024 | अगस्त 28, 2023 रु.8,24,225/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | वन्दना चौधरी/रंजीत चौधरी/ LBDEL00003227001 | डीडीए एलआईजी, फ्लैट नंबर 163, ग्राउंड फ्लोर, पॉकेट ए 1, सिरसपुर, दिल्ली/ जनवरी 10, 2024 | अगस्त 28, 2023 रु.10,97,808/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | किशोर कुमार/संजय कुमार/ LBDEL00002375470 | फ्लैट नंबर 26, पहली मंजिल सेक्टर जी 8, पॉकेट 3, ब्लॉक एफ 16, नरेला दिल्ली/ जनवरी 10, 2024 | सितम्बर 27, 2023 रु. 24,18,692/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | हरदीप सिंह जौहर/ दमनदीप कौर/ LBGUR00002087904 | फ्लैट नंबर 1181,18वीं मंजिल, टाइप-बी, टावर1 एटीएस ट्रायम्फ, सेक्टर 104 गुड़गांव/ जनवरी 10, 2024 | जुलाई 19, 2023 रु.1,77,72,057/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | मोहन सिंह/नीतू/ LBDEL00003153859 | दुकान नंबर जीएफ 161, ग्राउंड फ्लोर, गौर सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर सी-1ए इन जीएच-01, गौर सिटी 2, सेक्टर 4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ जनवरी 11, 2024 | सितम्बर 26, 2023 रु. 20,96,847/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जनवरी 12, 2024
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**PUBLIC NOTICE**

That my clients namely Sh. Sunil Sharma S/o Late Sh. Amarnath Sharma and Sh. Amita Sharma W/o Sh. Sunil Sharma both R/o 109/3/3A, West Azad Nagar, Krishna Nagar, Delhi - 1 10051 has disowned/debarred his/her son namely Mani Sharma along with his wife Smt. Nidhi Thakur for their misbehavior and ill-treatment, from all their movable and immovable properties and severed all his connections/relations from them and disown them from their inheritance absolutely and forever heretofore. And whosoever will deal with him, will be doing so at his/her own risk and responsibility and my client will not be liable for any act of the above-named daughter and their wife of my client. ADVOCATE RAJEEV GAUR

**PUBLIC NOTICE**

Whereas, Late Mr. Lalit Kumar Gupta S/o Mr. Laxmi Narain Gupta, was the co-owner of the Residential Plot bearing No. 19/120, admeasuring around 364 Sq. Yd., situated at Sarai Basti, Sarai Rohilla, Delhi along with Mrs. Neeru Gupta and Mr. Rajiv Gupta.

Whereas, Mr. Lalit Kumar Gupta died on 10.06.2020.

Whereas, the only legal heirs of Late Mr. Lalit Kumar Gupta namely Mrs. Neeru Gupta for self and as GPA of Mr. Mohit Gupta, Ms. Priyanka Gupta and Ms. Pooja Gupta along with Mr. Rajiv Kumar Gupta sold and transferred the area admeasuring around 152 Sq. Yd. of the aforesaid property to Mrs. Menka Anand and Mrs. Usha Rani Anand by virtue of a Sale Deed dated 23.07.2021.

Whereas, the said Mrs. Menka Anand and Mrs. Usha Rani Anand sold and transferred the same to Mr. Deepak Gogia, Mr. Puneet Bahri and Mr. Ashok Bhalla by virtue of a Sale Deeds dated 07.09.2022.

Whereas, the said Mr. Deepak Gogia, Mr. Puneet Bahri and Mr. Ashok Bhalla intends to sell same, to Mrs. Shalini.

Any person who has any objection regarding the Sale of the said property by Mr. Deepak Gogia, Mr. Puneet Bahri and Mr. Ashok Bhalla, may submit his/her objection within 14 days from the date of the Notice in writing. The said objection may be kindly sent to the undersigned by way of the Registered Post on the address given below and by E-mail.

Priy Mitra Gaur (Advocate)
Trinity Legal Partners
C-401, Fourth Floor, Nirvana Courtyard, Nirvana Country, Sector-50, Gurugram-122018
E: priymitra@trinitylegalpartners.com

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that my client Smt Amri Devi W/o Late Shri S.N. Pareek Both R/o F- 2/17, Dayalpur Extension Dayalpur North-East, Delhi-110094, have served all their relations with their son SHRI Sandeep Pareek And His Wife Smt Savita Pareek due to his bad habits both of my above name client have also disowned and debarred his said son from all the movable and immovable properties but my son behavior change to me so that I canceled the disowned against my Son Shri Sandeep Pareek And His Wife Smt Savita Pareek and their have all the right having served all their relation with their Son Shri Sandeep Paraik And His Wife Smt Savita Pareek and my son from all their all right above movable and immovable properties right I will do so at responsibilities and my client will be responsible for any act, deed or dealing done by Shri Sandeep Pareek.

ADVOCATE
NISHANTSHARMA

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Keshav Kumar Thakur, S/o Sh. Gauri Shankar Thakur, R/o H-No. C-1/748, Kh No.:- 1885, Phase-4, Bandh Road, Aya Nagar, Delhi-110047, hereby declare that Keshav Kumar Thakur and Keshav Kumar one and the same person. In future I shall be known be as Keshav Kumar Thakur for all purposes.
PD(236)C

I, Daleep S/o Shri Shankar R/o 242/A, Street No-02, Ghundali Gaon Krishna Nagar, Delhi-110051 have changed my name from Daleep to Dalip for all purposes.
PD(237)A

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to public at large that Ms. Monica Gogia inherited the property bearing No-70, Block- B- 6, Safdarjung , Residential Scheme, New Delhi by the virtue of WILL dated 07.11.2004 executed by Mrs. Sudesh Bhalla who was owner of the said property vide Conveyance Deed dated 07.04.2021 which was registered as DOC no. 5937 in Sub Registrar VII New Delhi . That Ms. Monica Gogia intend to get the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Ltd.** If any person(s) /Institution has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 15 days from the date of this notice on the address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Khaitan & Khaitan
A-38 Kailash Colony,
New Delhi-110048, Ph. No: 011-49774545

**PUBLIC NOTICE**

The public at large is hereby informed that my client Smt. Sona W/o Late Sh. Kumar Pal R/o H.No.35, Block-R. Gali No.25A, Swatantra Nagar. Narela. Delhi- 110040 also at Khewat No.69, Khata No.98. Killa No.25/9/2. Vill. Safiabad. Dist Sonipat. HR has debar her son namely Harish Kumar and his wife namely Smt. Sonam Kumari and their children from her life and property (movable & immovable) due to their bad conduct/quarrel and disobedient towards my client and my client has no control of any manner over them, Harish Kumar and Sonam Kumari are residing separately and have no concern with Harish Kumar and Sonam Kumari. if any one deals with them will be at his/her own risk then my client will not responsible in any manner and my client has snapped her relations with them in all manner for all purposes.

Sd/-
(C.S. DAHIYA & RAVINDER KHATRI)
ADVOCATES

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालयः आई सी आई सी आई बैंक लि. 4/10, माइश्री टावर, बोम्मनहल्ली होसुर मेन रोड बैंगलोर-560068

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन आई सी आई सी आई बैंक लि. का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो का प्रयोग करते हुए प्रत्येक खाते के सामने निर्देशित तिथियों को मांग सूचना जारी की गयी थी जिसमें सूचना मे उल्लेखित राशि उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे वर्णित दिनांकों ले लिया है। विशेष रूप से कर्जदार तथा सामान्य रुप से जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्तियो के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन आई सी आई सी आई बैंक लि. के प्रभार वास्ते बकाया राशि इत्यादि सहित के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ ऋण खाता नं. | सम्पत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि / मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी बालाजी/ सी ज्योति/ LBBNG00005595205 | (जैसा कि ऋण दस्तावेजों/संपत्ति दस्तावेजों में वर्णित है, सम्पत्ति वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति साईट नं. 6 (ओल्ड नं. 21) बीबीएमपी कथा पीआईडी नं. 2-72-6, 17वां क्रॉस रोड, वार्ड नंबर 2, जलाहल्ली मुथ्यालानगर, बेंगलुरु, अब बीबीएमपी के लिमिट के अंतर्गत, क्षेत्रफल पूर्व से पश्चिम 30 फीट और उत्तर से दक्षिण 40 फीट, कुल क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट, भूतल, प्रथम और द्वितीय तल के साथ भवन सहित, कुल निर्मित क्षेत्रफल लगभग 1650 वर्ग फुट, और चौहद्दी: उत्तर में – रोड़, और दक्षिण में – निजी ओल्ड संपत्ति (साइट नं. 34) नया नं. 16, पूरब में – निजी ओल्ड संपत्ति (साइट नं. 20), न्यू नं. 05 पश्चिम में – निजी ओल्ड संपत्ति (साइट नं. 22), न्यू नं. 07/ **सांकेतिक कब्जे की तिथि: 08.01.2024** | 31.08.2023 रु. 85,03,005.00/- | बैंगलुरु |

उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटरों को राशि चुकाने के लिए 30 दिन का नोटिस दिया जाता है। अन्यथा बंधक रखी गई संपत्तियों को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार, इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति पर बेचा जाएगा।

दिनांक : जनवरी 12, 2024
स्थानः दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी,
आई सी आई सी आई बैंक लि.

**क्यूबिकल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड**

रजि. कार्यालय-456, अग्रवाल मेट्रो हाइट, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतम पुरा, दिल्ली-110034
सीआईएन- L65993DL1990PLC040101, वेबसाइट: www.cubical90.com ई-मेल: cubfinser@yahoo.com

31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का उद्धरण

(लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्ति तिमाही 31-12-2023 (अलेखा-परीक्षित) | समाप्ति तिमाही 31-12-2022 (अलेखा-परीक्षित) | समाप्ति वर्ष 31-03-2023 (लेखा-परीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 37.36 | 30.2 | 114.80 |
| 2 | कर से पूर्व की अवधि के लिए लाभ/(हानि)। | 9.40 | 3.28 | -19.67 |
| 3 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि | 13.37 | 0.66 | -28.57 |
| 4 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1303.40 | 1303.40 | 1303.40 |
| 5 | पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | - | - | 82.49 |
| 6 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (प्रत्येक रु. 2/- ) | | | |
| | बुनियादी | 0.02 | 0 | -0.04 |
| | डायल्यूटिड | 0.02 | 0 | -0.04 |

टिप्पणी:- उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.cubicalrealtors.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
क्यूबिकल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड हेतु
(अश्वनी कुमार गुप्ता)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00348616

दिनांक: 12.01.2024
स्थान: नई दिल्ली

ICICI Bank | शाखा कार्यालयः आई सी आई सी आई बैंक लि. 4/10, माइश्री टावर, बोम्मनहल्ली होसुर मेन रोड बैंगलोर-560068

सार्वजनिक सूचनाः
बिल्डर निरस्तिकरण

आपके संज्ञान में लाया जाता है कि **अश्वनी शर्मा/पूजा (उधारकर्ता)** ने फ्लैट सं. 1802, 18वां तल, टॉवर अंब्रोस, स्पोर्ट्स होम, स्पोर्ट्स सिट, **प्लॉट सं. जीएस-02, निकट टेकजोन – 4, वेस्ट ग्रेटर नोएडा – 201307, उ.प्र.** पर सुविधा एग्रीमेंट सं. LBGUR00004742780 के अंतर्गत गृह ऋण सुविधा ली है। उधारकर्ता एग्रीमेंट के नियमों और शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदागत राशि का भुगतान करने में विफल रहा है।

बैंक ने उधारकर्ता को दिनांक 15 नवंबर, 2023 के पत्र के माध्यम से यह सूचित करते हुए यह सूचित किया था कि **देव साई कंस्ट्रक्शन प्रा. लि.** ने उपर्युक्त उल्लिखित संपत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है।

अतः आपसे अनुरोध है इस प्रकाशन की तिथि से सात दिवसों के भीतर बिल्डर के साथ इस मामले का समाधान करें।

कृपया यह भी ध्यान दे कि उक्त संपत्ति के आबंटन निरस्त करने के पश्चात आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किए गए किसी भी अन्य आवंटन के लिए बाध्य और/या उत्तरदायी नहीं होगा।

दिनांक : जनवरी 12, 2024
स्थानः दिल्ली/एनसीआर

हस्ता/-
कृते आई सी आई सी आई बैंक लि.

# नरेला सब-सिटी को एजुकेशन हब बनाने का रास्ता साफ

## दिल्ली विकास प्राधिकरण ने 7 राज्य विश्वविद्यालयों व संस्थानों को 181 एकड़ भूमि आवंटित की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के नरेला को अब एक नया स्वरूप मिलेगा। यहां दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारका की तर्ज पर विकसित करेगा। इस संबंध में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने डीडीए को नरेला को एजुकेशन हब बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद यहां के बुनियादी ढांचे को बड़ा बढ़ावा मिला। डीडीए ने 7 राज्य विश्वविद्यालयों, संस्थानों को रिकॉर्ड समय में 181 एकड़ भूमि आवंटित की।

इसके अलावा, इन विश्वविद्यालयों को इनकी मांग के अनुरूप, क्षेत्र में पहले से निर्मित 1082 फ्लैट भी आवंटित किए गए हैं। इस कदम से क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य होने के अलावा डीडीए को भूमि और फ्लैटों के लिए अतिरिक्त राजस्व के तौर पर लगभग 1300 करोड़ रुपये मिलेंगे। पिछले एक साल से अधिक समय में डीडीए, अपनी बिना बिकी इन्वेंटरी में से लगभग 8000 फ्लैट्स बेचने में सफल रहा है। सक्सेना ने पिछले वर्ष अक्टूबर में अधिकारियों के साथ हुई बैठक में निर्देश दिया था कि नरेला में जारी विकास कार्य, जिसमें आवास, कोर्ट, पुलिस, अस्पताल, जेल कॉम्प्लेक्स, शामिल हैं, के अलावा डीडीए को नरेला सब-सिटी को एक एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने की कोशिश करनी चाहिए। ये शहर में विश्वविद्यालय परिसरों के लिए आवश्यक भूमि प्रदान करने के अलावा, नरेला सब-सिटी के बुनियादी ढांचे के विकास को भी बढ़ावा देगा। इस मुद्दे पर विश्वविद्यालयों संस्थानों के साथ कई बैठकें हुईं जिसमें ये सभी अपनी लंबे समय से लंबित मांगों के साथ आए थे। दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी 16.73 एकड़, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय 22.43 एकड़, दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय 10 एकड़, इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली 20 एकड़, दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी 47.46 एकड़, दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी 12.69 एकड़ और इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वूमेन को 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

डीपीएसआरयू महरौली बदरपुर रोड पुष्प विहार, महरौली बदरपुर रोड, पुष्प विहार, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय द्वारका सेक्टर-16सी, डीएसईयू द्वारका सेक्टर-9, आईआईआईटी-डी ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज तीन, डीटीयू शाहबाद दौलतपुर, मेन बवाना रोड, डीईटीयू-625 और 745, आउट्रम लेन, आईजीडीटीयूब्ल्यू मदरसा रोड, कश्मीरी गेट। विश्वविद्यालयों को जो भूमि आवंटित की गई है, वह उनके मौजूदा परिसरों के अतिरिक्त होगी।

इससे विश्वविद्यालयों/संस्थानों को आवश्यकता अनुसार विस्तार करने में मदद मिलेगी, जिसकी जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। नरेला में गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के जमीन आवंटित होने के बाद राजधानी में इस विश्वविद्यालय का तीसरा कैंपस स्थापित होगा। इससे पहले द्वारका सेक्टर - 16 सी में और शाहदरा में पूर्वी कैंपस शुरू हो चुका है।

### मेट्रो कनेक्टिविटी पर जोर

*साथ ही, मेट्रो के चौथे चरण के तहत कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा नरेला को प्रस्तावित रिठाला, बवाना, नरेला कॉरिडोर पर सड़क, रेल और हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी और मेट्रो कनेक्टिविटी के विकास की भी योजना बनाई गई है।*



गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल परेड के दौरान केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा मार्चिंग दस्ता कदमताल करता हुआ।

# दिल्ली के बड़े बाजार रोशनी से जगमगाएंगे

## राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर कारोबारियों को 15 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर व्यापारियों में उत्साह

**संजय राय।** नई दिल्ली



अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली के बाजारों में रौनक और व्यापारिं में जबरदस्त उत्साह है। राम मंदिर के उद्घटन के दिन 100 से अधिक बड़े बाजारों में दिवाली मनाने की तैयारी कर रही है। साथ ही खुदरा और थोक बाजारों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान व्यापारियों के कार्यक्रमों में किसी भी राजनीतिक दल के बैनर नहीं लगाए जाएंगे। व्यापारियों और कारोबारियों के शीर्ष संगठनों समेत सभी मार्केट एसोसिएशन इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं। इससे राष्ट्रीय राजधानी में 15 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है।

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने बताया कि 100 से अधिक खुदरा और थोक बाजारों में 22 जनवरी को विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक मार्केट एसोसिएशन अपने प्रोग्राम साझा कर रही है। कश्मीरी गेट में भंडारा होगा, कमला नगर में लड़ियां लग गई हैं, खान मार्केट में भगवा झंडियां लग चुकी हैं, करोल बाग के कारोबारी भी तैयारियों में जुटे हैं, लक्ष्मी नगर में सुंदरकांड होगा, दरीबा कलां में दिवाली की तरह लाइटिंग होगी, ज्वैलर्स डिस्काउंट देंगे, यहां राम कॉन्सर्ट भी होगा, सभी के लिए भंडारे होंगे, भागीरथ पैलेस में लड्डूओं के डिब्बे बांटे जाएंगे, गेट सजाए जाएंगे, नया बाजार में रंग बिरंगी लाइट की व्यवस्था की जा रही है, सरोजिनी नगर मार्केट में 21 हजार दीये जलाए जायेंगे, लाजपत नगर बाजार में भगवा गुब्बारे और झंडे लगाए जायेंगे, सुंदर काण्ड का पाठ किया जाएगा, रोहिणी में खास इंतजाम हो रहे हैं, नेहरू प्लेस के दुकानदार भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपावली मनाएंगे, चांदनी चौक और सदर बाजार में 22 जनवरी को विशेष सजावट की जाएगी और शोभा यात्रा निकाली जाएगी ।राम मंदिर को लेकर हर दुकानदार उत्साहित हैं।

बृजेश गोयल ने बताया कि राम मंदिर उद्घाटन को लेकर राष्ट्रीय राजधानी में 15 हजार करोड़ रुपए का व्यापार होने की उम्मीद है। सदर बाजार, चांदनी चौक, मालीवाड़ा, किनारी बाजार, करोल बाग, गांधी नगर, टैंक रोड़ जैसे बाजारों से काफी सामान दूसरे शहरों में भेजे जा रहे हैं। राम मंदिर मॉडल, राम पोशाक, माला, मुकुट, धनुष, ध्वजा, लॉकेट, चाबी के छल्ले, भगवान राम की फोटो आदि की विशेष मांग है।

झंडे 60 रूपए से लेकर 300 रूपए में बिक रहे हैं, बिल्ले की कीमत 50 रूपए प्रति पीस है। राम मंदिर के खूबसूरत मॉडल 200 रूपए से लेकर 1000 रूपए में बिक रहे हैं, बाजारों में बड़ी संख्या में राम की फोटो के कुर्ते, टी शर्ट बिक रहे हैं। इसके अलावा मिट्टी के दिए, रंगोली, मिठाइयां, गिफ्ट आइटम्स, फूलों की सजावट, आर्केस्ट्रा, टेंट एवं डेकोरेशन, बिजली की लड़ियों का व्यापार करने वाले लोगों के कारोबार में उठाल आया है।

### किसी राजनीतिक पार्टी का बैनर और राजनेता का नहीं लगेगा फोटो

गोयल ने बताया कि व्यापारियों में इस बात को लेकर भी सहमति बनी कि भगवान राम सबके हैं और भगवान से बड़ा कोई भी नहीं है इसलिए राम मंदिर उद्घाटन के जश्न में ना ही किसी राजनीतिक पार्टी का बैनर या झंडा लगेगा और ना ही किसी राजनेता की फोटो लगेगी जिससे कि सभी लोग कार्यक्रमों में शामिल हो सकें।

# दिल्ली पुलिस के 25 आईपीएस अफसरों का तबादला

### उपराज्यपाल ने दो दानिक्स के कार्यभार में किया बदलाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस के 27 अधिकारियों के कार्यभार में बदलाव किया है। इनमें आईपीएस और दानिप्स अधिकारी भी शामिल है। एलजी मंजूरी के बाद शुक्रवार को गृह विभाग ने इन अधिकारियों की सूची जारी कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी दीपेन्द्र पाठक को स्पेशल सीपी लॉ एंड आर्डर डिवीजन (जोन-1) से स्पेशल सीपी-सिक्यूरिटी बनाया गया है। इसी प्रकार, 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजेन्द्र पाल उपाध्याय को स्पेशल सीपी परसेप्शन मैनेजमेंट एंड मीडिया सेल डिवीजन व आपरेशन (एडीशनल चार्जऑफ स्पेशल सीपी एंड लीगल डीविजन से अब स्पेशल सीपी स्पेशल सेल का कार्यभार सौंपा गया है। वीरेन्द्र सिंह को स्पेशल सीपी लाइसेंसिंग (एडीशनल चार्ज ऑफ लीगल डीवीजन), रविन्द्र सिंह यादव को स्पेशल सीपी लॉ एंड आर्डर डिवीजन (जोन-1), मधुप कुमार तिवारी को स्पेशल सीपी लॉ एंड आर्डर डिवीजन (जोन-2) बनाया तैनात किया गया है। आईपीएस अधिकारी शालिनी सिंह को स्पेशल सीपी क्राइम बनाया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस में कानून व्यवस्था, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को पहले से बेहतर बनाने के मद्देनजर यह बदलाव किए गए है। सागर प्रीत हुड्डा को स्पेशल सीपी लोन ऑर्डर जॉन 2 से स्पेशल सीपी ऑपरेशन लगाया गया है। हरगोविंद सिंह धालीवाल को स्पेशल सेल से ट्रैफिक जॉन 2 का स्पेशल सीपी बनाया गया है। के. जगदीशन को स्पेशल सीपी ट्रैफिक जॉन वन भेजा गया है। छाया शर्मा को स्पेशल सीपी ट्रेंनिंग डिविजन के साथएसपीयूडब्ल्यूएसी और एसपीयूएनईआर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उषा रंगनानी को डीसीपी स्पेशल ब्रांच से आईजीआई एयरपोर्ट का डीसीपी बनाया गया है।

### गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण यातायात बाधित

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण मध्य दिल्ली में इंडिया गेट के आसपास पांच घंटे से भी अधिक समय तक यातायात बाधित रहेगा। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दिल्ली यातायात पुलिस ने लोगों से विजय चौक और इस ऐतिहासिक स्थल के आसपास के चौराहों से बचने की सलाह दी है। उसने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण शुक्रवार सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक कृपया विजय चौक, रफी मार्ग-कर्तव्यपथ चौराहा, जनपथ-कर्तव्यपथ चौराहा और मानसिंह रोड-कर्तव्यपथ चौराहे से बचें ।वहीं बुधवार और बृहस्पतिवार को भी रिहर्सल के कारण यातायात बाधित रहा था।

# स्वाति, एनडी गुप्ता, संजय सिंह निर्विरोध निर्वाचित

**राज्यसभा चुनाव**

### निर्वाचन अधिकारी आशीष कुंद्रा ने सौंपा प्रमाण पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राज्यसभा के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से नामित स्वाति मालीवाल, एनडी गुप्ता और संजय सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इन चुनावों के लिए किसी भी अन्य पार्टी ने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। निर्वाचन अधिकारी आशीष कुंद्रा ने अपने कार्यालय में तीनों नेताओं को बुलाकर उन्हें निर्विरोध चुने जाने के आधिकारिक पत्र सौंप दिए। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने पार्टी के नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों को बधाई दी है।

केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि उन्हें विश्वास है कि आप आम आदमी के मुद्दों को संसद में मज़बूती से उठाएंगे और दिल्ली की जनता के अधिकारों के लिए लड़ेंगे। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख नौ जनवरी थी जबकि नामांकन पत्रों की जांच 10 जनवरी को की गई। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 12 जनवरी थी। मालीवाल ने प्रमाणपत्र प्राप्त करने की एक्स पर एक फोटो साझा की और पोस्ट किया, आज से एक नई जिम्मेदारी शुरू हो रही है। वह दिल्ली के सभी लोगों को आश्वस्त करती हूं कि सच्चे समर्पण और ईमानदारी से आपकी सेवा करूंगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद।

आप ने मालीवाल को राज्यसभा उम्मीदवार नामित किया था और सिंह तथा गुप्ता को संसद के उच्च सदन में दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से नामित किया था। पार्टी ने सुशील गुप्ता की जगह मालीवाल को नामित किया। वहीं, दिल्ली कारागार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सिंह को उनका प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए परिवहन विभाग कार्यालय ले जाया गया था।



मालीवाल को प्रमाण पत्र सौंपते निर्वाचन अधिकारी।

# मयूर विहार में घायल अवस्था में मिली गर्भवती युवती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मयूर विहार इलाके में बृहस्पतिवार को गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली 19 वर्षीय गर्भवती युवती एक अस्पताल में जिंदगी के लिए जंग लड़ रही है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

इस घटना के संबंध में कम से कम एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, युवती के शरीर पर कई चोटें हैं। उसे यहां एलएनजेपी अस्पताल की गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है और उसकी सर्जरी की जा सकती है। एक चिकित्सक ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर बताया कि विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल महिला का इलाज कर रहा है और उसकी हालत स्थिर है। गर्भ में मौजूद बच्चे की स्थिति जानने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि महिला पूर्वी दिल्ली में अपने माता-पिता और बहन के साथ रहती थी।

वह एक आयुर्वेद केंद्र में काम करती थी और बुधवार रात घर लौट रही थी। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने उसपर कथित तौर पर हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि महिला बृहस्पतिवार सुबह चिल्ला गांव में दमकल विभाग के कार्यालय के करीब खून से लथपथ पड़ी हुई मिली।

# बेहतर रैंकिंग का प्रयास करेगा नगर निगम: महापौर

**स्वच्छ सर्वेक्षण**

### शहरी स्थानीय निकायों में एमसीडी को मिला था 90वां स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्र द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कारों की घोषणा के एक दिन बाद दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने शुक्रवार को कहा कि राजधानी का नगर निगम अगले स्वच्छ सर्वेक्षण में अपनी रैंकिंग में सुधार करने का प्रयास करेगा।

सिविक सेंटर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरी स्थानीय निकायों में 28वां स्थान दिया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में। लाख से अधिक आबादी वाले 446 शहरी स्थानीय निकायों में एमसीडी को 90वां स्थान दिया गया है। महापौर ने निवासियों को बधाई देते हुए कहा वर्ष 2022 में एमसीडी के एकीकरण के बाद, दिल्ली में सफाई की स्थिति में सुधार हुआ है। दिल्ली में सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए हमारे कार्यकर्ताओं और अधिकारियों ने दिल्ली के कोने-कोने का दौरा किया। यह उनकी वजह से है कि हम यह सुधार हासिल कर पाए हैं। तीन नागरिक निकायों को 2022 में फिर से एक इकाई में एकीकृत किए जाने के बाद यह पहली बार है जब एमसीडी ने केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लिया है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में एनडीएमसी को 37वां, ईडीएमसी को 34वां और एसडीएमसी को 28वां स्थान मिला था।



मादीपुर में निर्माण कार्य का जायजा लेती मेयर शैली ओबरॉय।

# पांच आरोपियों का हुआ पॉलीग्राफ व नार्को टेस्ट

**संसद सुरक्षा चूक मामला**

### सागर और मनोरंजन को अतिरिक्त ब्रेन मैपिंग परीक्षणों से गुजरना पड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

संसद सुरक्षा चूक मामले में आरोपियों का चल रहा पॉलीग्राफ और नार्को-विश्लेषण परीक्षण शुक्रवार को पूरा हो गया। मामले की जानकारी पुलिस ने एक अधिकारी ने दी। छह में से पांच आरोपियों - सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए अहमदाबाद ले जाया गया था।

अधिकारी ने बताया कि सभी पांचों का पॉलीग्राफ परीक्षण गांधीनगर में फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में किया गया था। सागर और मनोरंजन को अतिरिक्त ब्रेन मैपिंग परीक्षणों से गुजरना पड़ा।

अधिकारी ने कहा कि जांचकर्ताओं ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के उनके कृत्य के पीछे के वास्तविक कारण का पता लगाने की कोशिश की है। दिल्ली पुलिस ने पहले सभी आरोपियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अनुमति के लिए अदालत का रुख किया था। छठी आरोपी नीलम आज़ाद ने अदालत के समक्ष परीक्षण के लिए अपनी सहमति नहीं दी।



अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों को दिल्ली वापस लाया जा रहा है क्योंकि उनकी आठ दिन की पुलिस हिरासत शनिवार को समाप्त हो रही है। 13 दिसंबर को 2001 के संसद आतंकवादी हमले की बरसी पर एक बड़े सुरक्षा चूक में सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कूद गए। कनस्तरों से पीली गैस छोड़ी और सांसदों द्वारा काबू किए जाने से पहले जमकर नारेबाजी की। लगभग इसी दौरान दो अन्य आरोपी शिंदे और आजाद ने भी संसद परिसर के बाहर तानाशाही नहीं चलेगी कहते हुए रंगीन गैस का छिड़काव किया।

नार्को-विश्लेषण परीक्षण में आरोपियों की एक एक दवा दी जाती है जिसके बाद अचेतन अवस्था में उससे सवाल जवाब किए जाते है। वहीं ब्रेन मैपिंग, जिसे न्यूरो मैपिंग तकनीक भी कहा जाता है, अपराध से संबंधित छवियों या शब्दों के प्रति मस्तिष्क की प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण करती है। पॉलीग्राफ टेस्ट में सांस लेने की दर, रक्तचाप, पसीना और हृदय गति को ट्रैक करके यह पता लगाने का प्रयास किया जाता है कि व्यक्ति झूठ बोल रहा है या नहीं, जबकि व्यक्ति से विभिन्न प्रश्न पूछे जाते हैं।

# दाखिले के लिए 1800 निजी स्कूलों की पहली सूची जारी

## सामान्य श्रेणी के लिए नर्सरी, केजी और कक्षा-। में होगा प्रवेश, दाखिला पत्र के साथ प्रॉस्पेक्टस खरीदना अनिवार्य नहीं होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी के लगभग।,800 निजी स्कूलों ने सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए नर्सरी, केजी और कक्षा-। में प्रवेश के लिए अपनी पहली मेरिट सूची शुक्रवार को जारी कर दी। निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूह (डीजी) के छात्रों तथा दिव्यांग बच्चों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण है, उनके लिए अलग से सूची जारी की जाएगी। पहली मेरिट लिस्ट जारी होने के साथ ही स्कूल 13 जनवरी से 22 जनवरी तक अभिभावकों के सवालों का जवाब देंगे।

शिक्षा निदेशालय ने कहा कि प्रवेश पत्र के साथ प्रॉस्पेक्टस खरीदना अनिवार्य नहीं है और माता-पिता से पंजीकरण शुल्क के रूप में केवल 25 रुपए लिए जा सकते हैं। शिक्षा निदेशालय के अनुसार, प्री-स्कूल (नर्सरी), प्री-प्राइमरी (केजी) और कक्षा-। में प्रवेश के लिए 31 मार्च को न्यूनतम आयु क्रमशः तीन वर्ष, चार वर्ष और पांच वर्ष होनी चाहिए।

प्री-स्कूल, प्री-प्राइमरी और कक्षा-। को प्रवेश स्तर की कक्षाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है तथा प्रवेश के लिए ऊपरी आयु सीमा क्रमशः चार वर्ष से कम, पांच वर्ष से कम और छह वर्ष से कम है। दिल्ली स्टेट पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष आरसी जैन ने कहा कि लगभग 200 स्कूलों ने अपनी अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी है और वे दूसरी सूची या प्रतीक्षा सूची जारी नहीं करेंगे। जैन ने कहा कि दिल्ली के अधिकतर शीर्ष स्कूल आमतौर पर दूसरी सूची या प्रतीक्षा सूची जारी नहीं करते हैं। ऐसे लगभग 200 स्कूल हैं जिन्होंने आज अपनी अंतिम मेरिट सूची जारी की है। वे प्रवेश के लिए दूसरी सूची जारी नहीं करेंगे। आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा आचार्य ने कहा कि उन्हें इस साल प्रवेश स्तर की कक्षाओं में प्रवेश के लिए।,200 आवेदन प्राप्त हुए और उनके द्वारा शुक्रवार को 61 छात्र-छात्राओं की मेरिट सूची जारी की गई। आचार्य ने कहा, बृहस्पतिवार शाम ड्रॉ निकाला गया और आज 61 छात्रों की सूची जारी की गई। हमें इस साल कुल।,200 आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से ज्यादातर ऑनलाइन थे। लगभग सौ आवेदन प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हुए थे।

### परेशानी होने पर यहां कर सकते हैं शिकायत

*एडमिशन से जुड़ी प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए जिला उप निर्देशक की अध्यक्षता में निगरानी सेल का गठन किया गया है। इसकी जिम्मेदारी एडमिशन सुनिश्चित कराने की है। अगर किसी अभिभावक को एडमिशन के संबंध में कोई परेशानी है तो वह शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट www.edudel.nic.in पर शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के तहत शिकायत कर सकेंगे।*

### इन दस्तावेजों की पड़ेगी जरूरत

1. माता-पिता/अभिभावक के नाम पर जारी राशन कार्ड या स्मार्ट कार्ड
2. बच्चे या माता-पिता का मूल निवास प्रमाणपत्र।
3. माता-पिता में से किसी एक का वोटर आई कार्ड।
4. बच्चे या माता-पिता के नाम पर बिजली/टेलीफोन/पानी का बिल या पासपोर्ट।
5. माता-पिता में से किसी एक का आधार कार्ड यूआईडी कार्ड।
6. बच्चे और माता की पासपोर्ट साइज फोटो, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और टीकाकरण प्रमाणपत्र।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 13 जनवरी, 2024



# गुरुग्राम में सड़कों के निर्माण, सीवर, सफाई स्वच्छता के लिए नवीन गोयल ने निगमायुक्त को सौंपी सूची

## लोगों ने टूटी सड़कों व अन्य कार्यों के संबंध में नवीन गोयल के माध्यम से सरकार से की थी मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



निगमायुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ को पत्र सौंपते नवीन गोयल।

**शहर** में टूटी सड़कों, सीवरेज की सफाई और स्वच्छता के संबंध में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सह-संयोजक नवीन गोयल ने निगमायुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ से मुलाकात की। निगमायुक्त को अनाधिकृत आवासीय क्षेत्र की स्वीकृति के लिए भी पत्र सौंपा। उनके साथ समाजसेवी सोनू तायल भी मौजूद रहे।

निगमायुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ को नवीन गोयल ने गुरुग्राम को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण बिन्दुओं से भी अवगत कराया। नवीन गोयल ने सौंपे गए पत्र में कहा कि गुरुग्राम में अपडेटेड, एडवांस और ज्यादा संख्या में हाईड्रोलिक मशीन की जरूरत है। फायर विभाग को हाई एलिवेटेड फायर ब्रिगेड चाहिए, ताकि हादसों पर जल्द से जल्द काबू पाया जा सके। पुराने गुरुग्राम में किसी भी प्रमुख सडक् को मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाए।

ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाए। इसके साथ ही आयुध डिपो के 900 मीटर दायरे को कम करके 300 मीटर किया जाए, ताकि इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों की चिंता व समस्या खत्म हो चुके। अनाधिकृत कालोनियों को नियमित करके वहां सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। गुरुग्राम में चारा, फल, फूल मंडी का निर्माण कराया जाए, ताकि लोग अपनी फसलें यहां पर बेच सकें।

ऑटो मार्केट की प्रस्तावित जमीन पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटवाकर मार्केट का संचालन शुरू कराया जाए। शहर में सभी मौसम के अनुकूल इनडोर स्वीमिंग पूल का भी निर्माण अधूरा है, जिसे जल्द पूरा कराया जाए। नवीन गोयल ने गुरुग्राम में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुग्राम के कुछ प्रमुख स्थानों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की भी बात कही। ऐतिहासिक स्थानों का सौंदर्यकरण भी किया जाना चाहिए।

### कंपनी बाग मैदान में बने इनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम

**नवीन** गोयल ने मांग की है कि सिविल लाइन क्षेत्र स्थित कंपनी बाग मैदान में इनडोर और आउटडोर स्टेडियम बनाया जाए। ऑटो चालकों के लिए ऑटो स्टैंड और शौचालय, पीडब्ल्यूडी कोठी को हटाकर वहां मल्टीलेवल कार पार्किंग, शीतला माता रोड की हाईवे से एलिवेटेड रोड बनाकर कनेक्टिविटी की जाए। इसके अलावा द्रोणाचार्य गेट का निर्माण, सदर बाजार से बड़ा बाजार के बीच फुट ओवर ब्रिज बनाया जाए। सेक्टर-12 मार्केट से टेलिफोन एक्सचेंज तक रास्ता खोला जाए।

## वेंडिंग जोन बनने के बाद अवैध वसूली पर रोक लगेगी



**गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर के द्वारा शुक्रवार को स्ट्रीट वेंडर्स के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। आयुक्त ने वेंडर्स के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। एचएसआईआईडीसी कार्यालय के ऑडिटोरियम में नगर निगम की ओर से स्ट्रीट वेंडर्स के लिए जागरूकता शिविर में करीब 200 वेंडर्स ने हिस्सा लिया। इस दौरान आयुक्त ने वेंडर्स के साथ संवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी पर व्यापार करने वाले के लिए लोन योजना शुरू की हुई है। इसपर वहां उपस्थित वेंडर्स ने कहा कि वर्तमान सरकार की ओर से रेहड़ी वालों के लिए हितकारी कदम उठाया गया है। अधिकतर वेंडर्स ने इस योजना का लाभ उठाया है। बहुत से लोगों ने लोन चुका भी दिया है। योजना अनुसार दूसरी लोन राशि 20 हजार के लिए आवेदन भी किए है। आयुक्त ने उनसे कहा कि नगर निगम की ओर से वेंडर्स के लिए वेंडिंग जोन बनाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। वेंडिंग जोन बनाने के लिए जगह भी चिन्हित कर ली गई है। इस पर वेंडर्स ने कहा कि फिलहाल स्थानीय दबंग प्रवृति के लोग उनसे रेहड़ी लगाने की ऐवज में अवैध वसूली करते हैं। इसपर आयुक्त ने कहा कि वेंडिंग जोन में व्यापार करने वालों को एक न्यूनतम राशि का भुगतान निगम को करना होगा।

# दिव्या पाहुजा मर्डर केस में आरोपी बलराज गिल बंगाल से गिरफ्तार

## विदेश भागने की फिराक में था आरोपी



दिव्या पाहुजा, हत्यारोपी बलराज गिल।

**गुरुग्राम।** गैंगस्टर संदीप गाड़ोली की महिला मित्र रही गुरुग्राम की दिव्या पाहुजा की हत्या के केस में फरार आरोपी बलराज गिल को पुलिस ने गिरफ्तार करके बड़ी सफलता हासिल की है। बलराज गिल को हावड़ा हवाई अड्डा के पास से गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि वह विदेश भागने की फिराक में था। बलराज गिल पर आरोप है कि वह दिव्या पाहुजा का शव बीएमडब्ल्यूए कार में लेकर गया था। कार तो पटियाला बस स्टैंड से मिल गई, लेकिन दिव्या के शव का अभी तक कुछ पता नहीं चला है। पुलिस को उम्मीद है कि बलराज गिल से पूछताछ में सारी हकीकत सामने आएगी।

बस अड्डे के निकट सिटी प्वायंट होटल में दिव्या निवासी बलदेव नगर गुरुग्राम (27) की हत्या करके उसके शव को ठिकाने लगाने के लिए बीएमडब्ल्यूए कार से ले जाया गया। इस मामले में मृतिका की बहन की शिकायत पर थाना सेक्टर-14 में केस दर्ज किया गया। गुरुग्राम पुलिस द्वारा इस केस में हत्या करने वाले मुख्य आरोपी अभिजीत सहित हेमराज, ओमप्रकाश व मेघा नामक युवती को गिरफ्तार किया जा चुका है। हत्या के बाद से आरोपी बलराज गिल व रवि बंगा फरार थे। इनकी तलाश के लिए पुलिस ने ना केवल दोनों आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करने के साथ 50 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित किया।

ईनाम घोषित करने के दो दिन के भीतर पुलिस ने आरोपी बलराज गिल को बंगाल के हावड़ा हवाई अड्डे के पास से गिरफ्तार करके बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बंगाल से गुरुग्राम ला रही है। अब पुलिस द्वारा उससे पूछताछ में दिव्या पाहुजा के शव की तलाश पूरी हो सकती है। संभावना है कि बलराज गिल से शव के बारे में पूरी जानकारी मिल जाएगी। अब तक की सूचना में यही जानकारी मिली है कि गिल और रवि बंगा ही बीएमडब्ल्यूडी कार में दिव्या के शव को लेकर गए थे।

# घाटी की दीवार से हवा में लटका ट्राला, जान लेवा हादसा टला



सोहना घाटी में सुरक्षा दीवार को तोड़ कर लटका ट्राला।

**सोहना।** तावडू जाने वाले मार्ग पर एक बडा हादसा होते होते टल गया। कार से भरा ट्राला घाटी से उरते समय बेकाबू होने पर घाटी के एक तरफ बनी दीवार पर लटक गया और ट्राला को दीवार ने करीब 15 गहरी खाई में गिरने से बचा लिया। ट्राला चालक और उसके साथ बैठा उसका भाई सुरक्षित बच गए।

गुरुवार-शुक्रवार की देर रात तावडू की तरफ से आ रहा ट्राला घाटी के एक मोड़ पर बेकाबू हो गया। घाटी के एक मोड़ पर ट्राला मुड़ने की बजाय सीधा सीधा दीवार पर चढ़ गया। करीब दो फुट चौड़ी दीवार पर ट्राला का कैबिन के पीछे वाला हिस्सा टिक गया और कैबिन हवा में लहरा गया। दीवार की ऊँचाई करीब दो फुट होने के कारण वह टूट गई और ट्राला की बोगी दीवार व सड़क पर टिक जाने से आगे जाने से रुक गया। यदि ट्राला तेज गति में होता तो वह दीवार की दूसरी तरफ 15 फुट गहराई मे कूद जाता। चालक के साथ बैठा उसका भाई सकील ने बताया कि वे बेंगलोर से गुरुग्राम आ रहे थे। रात करीब दो बजे घाटी से उतर रहे थे।

# स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं के भीतर क्रांति पैदा की : डॉ. गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्वामी** विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को सेक्टर-17 स्थित माधव भवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ. डी.पी. गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता एबीवीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील मेहता ने की। उनका यहां सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में एबीवीपी महानगर मंत्री गुरुग्राम अर्पित मित्तल, गुरुग्राम महानगर अध्यक्षा डॉ. योगिता राघव, गुरुग्राम विभाग संगठन मंत्री करण पनिहारी समेत अनेक युवाओं ने शिरकत की।

संबोधन में डॉ. गोयल ने कहा कि कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे। उन्होंने युवाओं



माधव भवन में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

को हमेशा अपने राष्ट्र प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा कही गई प्रेरणादायी बातों को आज भी हम सब अपने जीवन में किसी न किसी रूप में उपयोग करते हैं। उन्होंने प्रेरणा देते हुए कहा था कि- उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है। विवेकानंद के ऐसे विचारों से लोगों और विशेषकर युवाओं के भीतर क्रांति पैदा होती है।

# युवाओं ने ब्रह्मर्षि गुरुदेव जी के अवतरण दिवस पर बांटे कंबल, भंडारा भी किया

**गुरुग्राम।** परम पूज्य विश्ववंध श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव जी के अवतरण दिवस पर कंबल वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। दीप प्लाजा में आयोजित इस आयोजन में युवाओं की टीम ने गुरु जी को नमन करके भंडारे में प्रसाद वितरित किया।

इस दौरान कृष्ण कुमार गांधी, प्रदीप कुमार जायसवाल, योगेश छाबड़ा एडवोकेट, राकेश बंसल, अनुदीप शाह, नितिन पौल, अमित गोयल, शिव सिंघल, नंदलाल गाबा, शैलेंद्र बहल, विशाल छाबड़ा, राजेश गोयल, कैलाश छाबड़ा, अश्वनी शर्मा, पंकज जैन आदि युवाओं की टीम ने इस आयोजन में अहम भूमिका निभाई। अमित गोयल ने कहा कि पूज्य ब्रह्मर्षि गुरुदेव जी की शिक्षा यही है कि हमें किसी का दिल नहीं दुखाना चाहिए। हर प्राणी का आदर, सम्मान करना चाहिए। जीव-जंतुओं को भी हमें सम्मान देना चाहिए। उन्हें हर मौसम में सहारा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुजी की शिक्षाएं समाज को जोड़ने वाली हैं। उनका हर वक्तव्य बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। हम सब उनकी शिक्षाओं,



ब्रह्मर्षि गुरुदेव जी के अवतरण दिवस पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु।

उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए काम कर रहे हैं। युवाओं ने कहा कि निकट भविष्य में गुरूजी गुरुग्राम आकर आशीर्वाद दें, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उनके दर्शनों से हम सबका जीवन निहाल होगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम धर्म-कर्म के कार्यों में सदा अग्रणी रहता है। यहां नियमित तौर पर धर्म के आयोजन होते रहते हैं।

# सरकारी विभाग संपत्ति कर जमा कराने में दिखा रहे निष्क्रियता

एन रोहिल्ला। सोहना

**नगर** परिषद को संपत्ति कर जमा कराने में सरकारी विभाग लापरवाही बरत रहे है। जिसके कारण परिषद को समय पर संपत्ति कर की वसूली नहीं हो पा रही है। परिषद सीमा क्षेत्र में स्थापित सोसाटियां भी संपत्ति कर जमा करने में धीमी गति से चल रही है।

पिछले करीब दो माह से सिम्पलेक्स एजेंसी द्वारा नगर परिषद के संपत्ति कर जमा कराने के नोटिस वितरण का कार्य कर रही है। सिम्पलेक्स एजेंसी ईशाका एजेंसी द्वारा की गई सर्वे के आधार पर संपत्ति कर के नोटिस वितरण का कार्य कर रही है। नप कार्यालय में कर विंग के बाबू रवि शर्मा ने बताया कि सरकारी विभागों को अपने स्तर पर सिम्पलैक्स एजेंसी के अलावा अपने स्तर पर भी संपत्ति कर जमा कराने के नोटिस दिए गए हैं। उसके बावजूद सरकारी विभाग संपत्ति कर को जमा कराने में देरी कर रहे हैं।

**मात्र तीन विभागों का हुआ कर जमा :** नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक बिजली निगम के एसडीओ और एक्सइएन कार्यालय तथा स्टेडियम कमेटी की तरफसे संपत्ति कर जमा कराया है। जबकि अन्य सरकारी विभागों में नागरिक अस्पताल, मार्केट कमेटी, टूरिज्म कॉम्पलेक्स, पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, कोर्ट परिसर आदि सरकारी विभागों पर लाखों रुपये का संपत्ति कर बकाया है।




> **संपत्ति** कर की अधिक से अधिक वसूली के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके लिए वार्ड पार्षदों की मदद ली जा रही है। एजेंसी द्वारा नोटिस वितरण कराएं जा रहे हैं।
> **( संदीप मलिक-कार्यकारी अधिकारी नप )**

**सिम्पलैक्स कंपनी को किया तलब :** नगर परिषद ने संपत्ति कर नोटिस वितरण करने वाली सिम्पलैक्स एजेंसी को पत्र लिखकर तलब किया है। क्योकि एजेंसी की तरफ से अभी तक नगर परिषद को वितरण किए गए नोटिसों की जानकारी उपलब्ध नही कराई गई है। जिससे वितरण किए गए नोटिसों की जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

# गूगल के सहयोग से टेलेंट स्प्रिंट लॉन्च करेगा अपने महिला इंजीनियर कार्यक्रम का 6वां बैच

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**बेहतरीन** डीपटेक प्रोग्राम बनाने वाली ग्लोबल एडटेक कंपनी टेलेंटस्प्रिंट अग्रणी तकनीकी कंपनियों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रीमियम कैरियर के अवसरों तक पहुंच को आसान बनाने के लिए कार्य कर रही है। निष्पक्ष टेक लैंडस्कैप बनाने और वैश्विक कंपनियों के डीईआई (विविधता, इक्विटी और समावेश) मिशनों को सामने लाने के अपने मूल दर्शन के अनुरूप, टेलेंटस्प्रिंट ने गूगल के सहयोग से अपने महिला इंजीनियर (WE) कार्यक्रम के छठे बैच के शुभारंभ की घोषणा की है।

छठी बैच देश भर की अलग-अलग सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाली प्रथम वर्ष की महिला इंजीनियरिंग छात्राओं के लिए 200 सीटें प्रदान करेगी। कार्यक्रम में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति शामिल है, जो प्रोग्राम फीस को कवर करती है, और साथ ही अतिरिक्त रूप से 100,000 रूपये की नकद छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। इंजीनियरिंग महिला कार्यक्रम उन महिलाओं को प्रोत्साहित और समर्थन करता है, जो एक ऐसे क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं जहाँ लैंगिक विविधता के चलते पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम है। वित्तीय सहायता और विशिष्ट अवसर प्रदान करके, कार्यक्रम महत्वाकांक्षी और योग्य महिला इंजीनियरों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है।

वित्तीय सहायता के अलावा, चयनित छात्राओं को कई लाभों मिलेंगें, जिसमें गूगल इंजीनियरों के साथ मेंटरशिप कार्यक्रम, बूटकैंप, नेटवर्किंग कार्यक्रमों तक पहुंच और संभावित कैरियर के अवसर शामिल हैं, जो युवा महिला इंजीनियरों को उनके भविष्य के तकनीकी करियर के लिए एक मजबूत आधार बनाने में मदद करेंगे। गूगल इस कार्यक्रम का शुरू से ही हिस्सा रहा है। इसका लक्ष्य टेक्नोलॉजी के सभी पहलुओं में महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें समर्थ बनाने और शामिल करने के अपने मिशन के साथ जुड़ा हुआ है। यह कार्यक्रम एक ऐसा ही प्रयास है, जो युवा छात्राओं को उन महिलाओं में बदलने का अवसर प्रदान करता है । घोषणा पर टिप्पणी करते हुए गूगल के वीपी/जीएम शिव वेंकटरमन ने कहा ''एक इन्क्लूसिव और रिप्रेजेंटेटिव टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम आज पहले से कहीं ज्यादा जरुरी है।''

# मंजू ने खंड़ स्तरीय परीक्षा पहला स्थान हासिल किया

**सोहना।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की खंड स्तरीय परीक्षा में अंजू ने पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे नंबर पर सीमा और तीसरे नंबर पर दमदमा से निर्मला रही। इस खंड स्तरीय परीक्षा में कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य पर आधारित प्रश्न पूछे गए थे। गुरुवार को सीडीपीओं कार्यालय परिसर में खंड स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की परीक्षा हुई।

परीक्षा में कुल 27 कार्यकर्ता बैठी। यें सभी अपने-अपने सर्कल में प्रथम, द्वितीय व तीसरा स्थान प्राप्त करके आई थी। परीक्षा 55 अंक की थी। जिससे करने के लिए डेढ़ घंटा का समय दिया गया। परीक्षा सुबह 11 बजे शुरु करते हुए साढ़े 12 बजे पेपर को ले लिया था। परीक्षा में प्रथम स्थान वार्ड-6 सोहना से मंजू ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान वार्ड-19 से सीमा और तीसरा स्थान गांव दमदमा से निर्मला ने प्राप्त किया। परीक्षा के विषय में बताते हुए सीडीपीओ सर्वेश कुमारी ने बताया कि कार्यकर्ताओं से केंद्र पर आने वाले बच्चा व मां के स्वास्थ्य संबंधित तथा महिला एवं बाल विकास की कार्यप्रणाली तथा राज्य व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे।



सोहना में सीडीपीओ कार्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खंड स्तरीय परीक्षा देते हुए।

# बवाना इन्फ्रा डवलपमेंट बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में एक साल में लगाएगा 50 हजार पौधे

## एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुलकित अग्रवाल बोले, हमारा लक्ष्य स्वच्छ बवाना हरा भरा बवाना'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**बवाना** इन्फ्रा डवलपमेंट वर्ष 2024 में राजधानी दिल्ली के बवाना औद्योगिक इलाके को हरा-भरा बनाने के लिए अलग-अलग सेक्टर्स में 50 हजार पौधे लगाएगा। यह बड़ा ऐलान आज मीडिया से बात करते हुए बवाना इन्फ्रा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुलकित अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 'स्वच्छ बवाना हरा भरा बवाना' है, जिसके लिए पूरे औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए जा रहे हैं। इनमें फलदार पौधों के अलावा फूलों के पौधे भी शामिल हैं।

अग्रवाल ने बताया कि 50 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सालभर में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे, जिसमें हर वर्ष अगस्त महीने में मनाया जाने वाला 'वन महोत्सव' भी शामिल है। इस महोत्सव से बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को भी जोड़ा जाएगा, जिससे अभियान को कम समय में ज्यादा विस्तार मिल सके। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। बवाना इन्फ्रा के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज अग्रवाल ने कहा कि 'स्वच्छ बवाना हरा भरा बवाना' का संकल्प पूरा करने के लिए इंडस्ट्रियल एरिया के सभी उद्योगों को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना चाहिए। अग्रवाल ने बताया कि बवाना इन्फ्रा डेवेलपमेंट ने औद्योगिक क्षेत्र में लगाए गए सभी पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली है।




उनके इस अभियान को दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्टर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएसआईआईडीसी) का भी पूरा समर्थन मिला। भीषण ठंड को देखते हुए इस मौके पर बवाना औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों को 5 हजार से अधिक जूते बांटे गए और बवाना इन्फ्रा डेवलपमेंट के सभी श्रमिकों और कामगारों के लिए एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# ओला इलेक्ट्रिक ने हार्वेस्ट फेस्टिवल में 15,000 रुपये तक के ऑफर पेश किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**आज** ओला इलेक्ट्रिक ने देश में हार्वेस्ट फेस्टिवल के अंतर्गत 15,000 रुपये तक के आकर्षक ऑफरों की घोषणा की। 15 जनवरी तक लागू इन ऑफ़रों के अंतर्गत एस1 प्रो और एस1 एयर खरीदने पर ग्राहकों को 6,999 रुपये तक की मुफ्त एक्सटेंडेड बैटरी वारंटी; 3,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस और आकर्षक फाइनेंस ऑफर्स मिल रहे हैं। इसके अलावा, Sv X+ फ्लैट 20,000 रुपये की छूट के साथ 89,999 रुपये में मिलता रहेगा।

साथ ही ग्राहकों की चुनिंदा क्रेडिट कार्ड द्वारा ईएमआई कराने पर 5,000 रूपये तक की छूट दी जा रही है, तथा उन्हें दिए जाने वाले अन्य फाइनेंस ऑफरों में जीरो डाउन पेमेंट, नो-कॉस्ट ईएमआई, जीरो-प्रोसेसिंग शुल्क और 7.99 प्रतिशत तक की न्यून ब्याज दरें आदि शामिल हैं।

ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में अपने स्कूटर पोर्टफोलियो का विस्तार पांच स्कूटर मॉडल्स तक कर लिया है। एस 1 प्रो (2nd जनरेशन) का मूल्य 1,47,499 रुपये है, जबकि एस1 एयर 1,19,999 रुपये में उपलब्ध है। इसके अलावा विभिन्न रूचि वाले राइडर्स के लिए एस1 एक्स तीन वैरिएंट्स – एस1 एक्स+, एस1 एक्स (3kWh), और एस1 एक्स (2kWh) में पेश किया गया है। एस1 एक्स (3kWh) और एस1 एक्स (2kWh) के लिए रिजर्वेशन विंडो केवल 999 रुपये में खुली है और ये क्रमश: 99,999 रुपये एवं 89,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध हैं।

# उत्तर पूर्व भारत में आयुष सेक्टर के विकास की बड़ी पहल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** जहाजरानी, पोत तथा जलमार्ग और आयुषमंत्री श्रीसर्बानंद सोणोवालने पूर्वोत्तर भारत में आयुष क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बड़ी पहल की है। आज गुवाहाटी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) में सर्बानंद सोणोवाल द्वारा उत्तर-पूर्व क्षेत्र के प्रथम, पंचकर्म केंद्रित ब्लॉक का उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया गया। केन्द्रीय आयुष मंत्री ने आज एक फार्माकोलॉजी और जैव रसायन की अत्याधुनिकप्रयोगशाला का भी उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया।

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने गुवाहाटी के आजरा में बनने वाले एकीकृत आयुष वेलनेस सेंटर के साथ-साथ रीजनल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर होम्योपैथी (आरआरआईएच) के स्थायी परिसर का भी शिलान्यास किया। एकीकृत आयुष वेलनेस सेंटर देश में अपनी तरह का पहला केंद्र है। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री, सर्बानंद सोणोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के गतिशील नेतृत्व में, पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को नया रूप दिया गया है, ताकि यह देश में स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को मजबूती प्रदान कर सके। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा और सोवा रिग्पा जैसी चिकित्सा पद्धतियों के हमारे समृद्ध



परिणामों को देखते हुए यह आवश्यक है, कि उनके सदियों पुराने उपचारों को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में शामिल किया जाए। इसके परिणामस्वरूप एक शक्तिशाली एकीकृत चिकित्सा होगी जो दोनों शारीरिक बीमारियों को ठीक करेगी। नए पंचकर्म ब्लॉक के साथ-साथ आयुष के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं ऐसे कदम हैं जो इस क्षेत्र में आयुष स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली को सक्षम बनाएंगे, जो असम और पूर्वोत्तर के लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होंगे। कार्यक्रम में असम के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, केशब महंत; गुवाहाटी के सांसद (लोकसभा) रानी ओजा; विधायक (दिसपुर) अतुल बोरा; विधायक पश्चिम गुवाहाटीरमेंद्र नारायण कलिता भी मौजूद रहे।

# जापान की जोकासो तकनीक सीखेंगे श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के विद्यार्थी

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में अपनाई जाने वाली दुनिया की सबसे लोकप्रिय तकनीक है जोकासो

### कुलपति डॉ. नेहरू ने साथ जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय में जापान के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। डाइकी एक्सिस इंडिया के इस प्रतिनिधिमंडल में जापान एजुकेशन सेंटर आफ एनवायरमेंटल सेनिटेशन के अधिकारी भी शामिल थे। उन्होंने कुलपति डॉ. राज नेहरू और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा के साथ बैठक में पर्यावरण एवं जल शोधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया। डाइकी एक्सिस इंडिया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के 25 विद्यार्थियों को जापान की जलशोधन तकनीक जोकसो की ट्रेनिंग देगा।

दो सप्ताह से ज्यादा की इस ट्रेनिंग के बाद विद्यार्थी जलशोधन की इस तकनीक के गुर सीख पाएंगे। दुनिया में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में अपनाई जाने वाली यह सबसे लोकप्रिय तकनीक है।

श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस सहयोग के लिए जापानी प्रतिनिधिमंडल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यह तकनीक सीखने के बाद जल शोधन के क्षेत्र में अपना करियर बनाने में सक्षम होंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने सेंटर फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन आफ जोकसो सिस्टम के डायरेक्टर शिन्ही कुमोकावा के साथ पर्यावरण स्वच्छता के क्षेत्र में मिलकर काम करने पर चर्चा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण स्वच्छता के क्षेत्र में काफी काम करने की आवश्यकता है। जापान एजुकेशन सेंटर ऑफ एनवायरमेंटल सेनिटेशन के साथ मिलकर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पर्यावरण स्वच्छता के क्षेत्र में पाठ्यक्रम विकास से लेकर प्रशिक्षण सहित कई अन्य पहलुओं पर आगे बढ़ेगा। शिन्ही कुमोकावा ने श्री विश्वकर्मा कौशल विद्यालय के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने की इच्छा जताई। डाईकी एक्सिस इंडिया के एमडी कमल तिवारी ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जोकासो तकनीक में प्रशिक्षण लेकर अपने कौशल का विकास कर सकते हैं। इससे उनके लिए रोजगार की संभावनाएं कई गुणा बढ़ जाएगी। प्रबंध निदेशक रियो वाजा ने श्री विश्वकर्मा कौशल विद्यालय के साथ जलशोधन से लेकर जापानी भाषा के प्रचार प्रसार पर भी चर्चा की। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने जापानी प्रतिनिधिमंडल का विश्वविद्यालय में पहुंचने पर आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर यूरी शिरकवा, आयाको सुजुकी, सकाकीबारा तकाशी, काजुशी हाशिमोतो, विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक विनीत सूरी मौजूद थे।

# हाईवे पर बैठकर ड्राइवरों ने फिर शुरू किया प्रदर्शन

## बोले-सरकार जब तक लिखित में नहीं देगी, ट्रक नहीं चलाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**केंद्र** सरकार के हित एंड रन कानून के विरोध में एक बार फिर जिले में आवाज उठने लगी है। नेशनल हाईवे पर जिले के खटेला सराय गांव में स्थित अहमदाबाद रोडलिंक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के गेट पर ट्रक चालकों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है।
हड़ताल के दौरान ट्रक चालकों ने जमकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि जब तक सरकार उन्हें इस कानून को वापस लेने के संबंध में लिखकर नहीं देगी, तब तक वे हड़ताल को समाप्त नहीं करेंगे। हड़ताल को संबोधित करते हुए अहमदाबाद रोडलिंक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सगीर खान, ऑल ड्राइवर संघ कल्याण समिति भारत के कार्यकर्ता अशफाक ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने ड्राइवरों के ऊपर जो यह काला कानून थोपा है, वह गलत है। जिसके लिए देश के ट्रक चालक केंद्र सरकार की तरफ से हिट एंड रन जो कानून बनाया है उसके खिलाफ हैं।

उन्होंने कहा कि यह कानून बिल्कुल भी चालकों के हित में नहीं है। इसमें वाहन चालक पर 10 साल की जेल के साथ सात लाख रुपये के जुर्माने का भी प्रावधान है। जिसके विरोध में देशभर में ट्रक चालकों ने हड़ताल की थी। दो जनवरी को केंद्रीय गृह सचिव ने ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और कहा कि अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श करने के बाद ही कानून के बारे में निर्णय लिया जाएगा। जिसके बाद ट्रक चालकों को यह आश्वासन दिया गया कि हिट एंड रन कानून को सरकार ने वापस ले लिया है। इसके बाद ट्रक व अन्य वाहन चालकों ने अपनी हड़ताल को समाप्त कर दी। लेकिन वे चाहते हैं कि सरकार इस काले कानून को वापस लेने के संबंध में उन्हें लिखित में दे। जिससे कि उन्हें भरोसा हो कि सरकार ने वास्तव में ही इस काले कानून को वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार इस कानून को वापस लेने के संबंध में लिखित में नहीं देती है, तब तक ट्रक चालक अपने कामकाज को बंद रखेंगे

# कैंटर ने स्कूटी को मारी टक्कर बेटे की मौत, पिता घायल

**दादा के अंतिम संस्कार में जा रहा था पौत्र**



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**दादा** के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे पौत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक अपने पिता के साथ स्कूटी पर सवार होकर गुरुग्राम से अपने गांव जा रहा था। नेशनल हाईवे पर किठवाड़ी चौक पर स्कूटी सवार पिता-पुत्र को केंटर ने टक्कर मार दी, जिसमें बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका पिता घायल हो गया।

कैंप थाना पुलिस ने घायल पिता की शिकायत पर आरोपी केंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। कैंप थाना की किठवाड़ी पुलिस चौकी प्रभारी अजीत नागर के अनुसार, जिला गौतमबुद्ध नगर यूपी के जहांगीरपुर निवासी रवि मति ने दी शिकायत में कहा है कि वह गुरुग्राम स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। गुरुग्राम में ही किराए के मकान में रहता है। उसका 16 वर्षीय बेटा डेनियल भी उसके साथ गुरुग्राम में ही रहता था। उसे सूचना मिली की उसके पिता राजू मति का निधन हो गया है। पिता की मौत की सूचना पाकर वह तुरंत अपने बेटे डेनियल के साथ स्कूटी पर सवार होकर गुरुग्राम से अपने जहांगीरपुर गांव के लिए निकल पड़ा। लेकिन जब उनकी स्कूटी नेशनल हाईवे से पलवल-अलीगढ़ के लिए मुड़ने लगी, तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार केंटर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

स्कूटी में टक्कर लगने से दोनों पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान केंटर का पहिया उसके बेटे के सिर से ऊपर से गुजर गया। जिससे उसके 16 वर्षीय बेटे डेनियल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिता घायल हो गया। राहगीरों ने दोनों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके बेटे डेनियल को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया, जबकि उसका उपचार चल रहा है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी केंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक को केंटर सहित काबू कर लिया है। चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने सड़क दुर्घटना मामले की जांच भी शुरू कर दी है।

# सरसों तेल वितरण की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ाई

**पलवल।** डीसी नेहा सिंह ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा द्वारा मास दिसंबर 2023 के लिए आबंटित सरसों तेल के वितरण की अवधि 31 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी गई है। इस प्रकार जो लाभार्थी मास दिसंबर 2023 हेतु आबंटित सरसों का तेल प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, वह अपने नजदीकी डिपोधारक से आगामी 31 जनवरी 2024 तक माह दिसंबर 2023 का सरसों का तेल प्राप्त कर सकते है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सीमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के मुख्यालय के निर्देशानुसार वर्तमान में सभी बीपीएल व एएवाई राशनकार्ड धारकों को दो लीटर सरसों का तेल 20 रुपये प्रति लीटर प्रति कार्ड के हिसाब से वितरण किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी पलवल के मोबाइल नंबर-7982037233 पर संपर्क किया जा सकता है और इसका लाभ उठाया जा सकता है।

# दुकान से कैश चोरी करने पर दो गिरफ्तार

**एक महीने पहले जेल से आए थे**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



दुकान का शटर तोड़कर रुपये चोरी करने वाले दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच-17 ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हेमंत व अनित उर्फ ओपो के तौर पर हुई है। दोनों आदतन अपराधी हैं और उन पर चोरी के तीन केस दर्ज हैं। एक माह पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आए थे।

फरीदाबाद पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हेमंत व अनित उर्फ ओपो का नाम शामिल है। आरोपी हेमंत फरीदाबाद के करनेरा व अनित संजय कॉलोनी का रहने वाला है। 9-10 जनवरी की रात आरोपियों ने फरीदाबाद सेक्टर-23 में स्थित एक किराना की दुकान का शटर तोड़ कर उसमें से 7500 रुपये चोरी कर लिए थे। दुकानदार की शिकायत पर मुजेसर थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

क्राइम ब्रांच की टीम ने सूत्रों व तकनीक की सहायता से मामले में शामिल दोनों आरोपियों को लखानी चौक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए पैसों में से 4630 रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। उनके खिलाफ चोरी के दो-तीन मुकदमे दर्ज हैं और वह अभी करीब एक महीने पहले ही जेल से बाहर आए थे। जेल से बाहर आते ही चोरी की वारदात करने लगे। नशे के लिए चोरी करते हैं।

# सरकार अंत्योदय की भावना के साथ लोगों की भलाई के लिए कर रही है कार्य: डागर

**अंतिम जरूरतमंद को लाभ पहुंचाने का किया जा रहा प्रयास**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**भारत** सरकार व राज्य सरकार अंत्योदय की भावना के साथ लोगों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। रथ यात्रा के माध्यम से पंक्ति में अंतिम जरूरतमंद व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। विधायक हथीन के प्रतिनिधि सतीश डागर ने यह वक्तव्य हथीन खंड के गांव भंगूरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वास्तव में अंत्योदय के सपने को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। यह रथ यात्रा हर वर्ग के ऐसे वंचित और गरीब लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य कर रही है, जो अभी तक पात्र होने के बावजूद योजनाओं की संपूर्ण जानकारी ने होने के कारणवश लाभ लेने से वंचित रहे। मोदी की गारंटी वाली इस गाड़ी का प्रथम उद्देश्य यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की लोक कल्याणकारी योजनाओं की शत प्रतिशत जानकारी प्रत्येक आमजन मानस तक पहुंचे और हरेक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

ग्रामीण आंचल व शहरी क्षेत्र के वार्डों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी स्टाल लगाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और पात्र पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को योजना से जोड़कर लाभान्वित करने का भी कार्य कर रहे हैं।

इन संकल्प यात्राओं में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके जरूरत अनुसार दवाएं भी दे रहे हैं। नगर परिषद के अधिकारी शहरी क्षेत्र के नागरिकों की प्रापर्टी आईडी में व्याप्त त्रुटियों को दुरुस्त करने संबंधी कार्य भी कर रहे हैं। इसी क्रम में पलवल नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर-24, 25, 26, 27 में जागरूक किया।

# पुलिस ने तीन वाहन चोर किए गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**चोरी** की गाड़ियों को कम पैसों में खरीदकर गाड़ियों को अलग-अलग हिस्सों में काटकर उनके स्पेयर पार्ट्स को कम रुपयों में बेचने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

मुंडकटी थाना प्रभारी धर्मेंद्र ने बताया कि उनकी टीम गश्त पर थी, सूचना मिली कि जिला नूंह के रीठट गांव निवासी अजरूदीन अपने अन्य साथी जिला मथुरा यूपी के सुरवारी गांव निवासी जीतू, जाब गांव निवासी संदीप व संतोष के साथ मिलकर पिछले काफी दिनों से फरीदाबाद व पलवल से चोरी शुदा गाड़ियों को कम रुपयों में खरीद कर उनके पार्टस को अलग-अलग कर बेचते हैं। फिलहाल आरोपी नेशनल हाईवे पर सराय गांव में एक खाली प्लॉट में बनाई गई वर्कशॉप में चोरी की गाड़ी को काट रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर छापेमारी की तो वहां एक खाली प्लॉट में चार व्यक्ति हाथों में औजार लेकर एक वेगनआर कार को टुकडों में काटते हुए दिखाई दिए। पुलिस को अपनी ओर आती देखे आरोपी वहां खेतों की तरफ भागने लगे। पुलिस ने भागते हुए जीतू, संदीप व संतोष को काबू कर लिया, जबकि एक व्यक्ति भाग गया।

भागने वाले का नाम पता जिला नूंह के रीठट गांव निवासी अजरूदीन है। जिसकी तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है। जिस गाड़ी को आरोपी काट रहे थे।

# विद्यार्थी चरित्रवान, अनुशासित और संस्कारवान बनें: राज्यपाल

## विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**धर्म पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में पहुंचे राज्यपाल दत्तात्रेय**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**धर्म** पब्लिक स्कूल पलवल में विकसित भारत-समृद्ध भारत के विचार को लेकर विमर्श संवाद का आयोजन किया गया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा विधायक दीपक मंगला कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे।

इस अवसर पर उनके साथ विधायक जगदीश नायर, विधायक प्रवीण डागर, भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, जवाहर सिंह सौरोत, यशपाल मावई, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। एनसीसी के छात्र सैनिकों द्वारा मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में विकास के पथ पर अग्रसर भारत की प्रत्येक गतिविधि की चर्चा करते हुए व देश की कल्पनातीत प्रगति की कामना करते हुए अमृतकाल वर्ष-2047 तक देश के विकसित और समृद्ध भारत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई दी और इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण वाले करने वाले यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में उत्तीर्ण हुए प्रिंस तेवतिया और यूपीएससी की परीक्षा में देश में 23वा रेंक लेने वाली भावना अग्रवाल सहित सभी मेधावी छात्रों-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में स्कूल निदेशक पवन अग्रवाल के नेतृत्व में शिक्षण कार्य करने वाले स्टाफ का मनोबल बढ़ाते हुए और उपस्थित बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल की उपलब्धियों और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक पवन अग्रवाल ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर उपलब्धियों को गिनाया। विधायक दीपक मंगला तथा स्कूल के निदेशक पवन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ज्योति डांगे, डॉ. प्रभाकर कौशिक, डॉ. विकास साध आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जीजीडीएसडी के प्राचार्य डॉ. नरेश ने संभाला कार्यभार



**फरीदाबाद।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में प्रबंधक समिति के प्रधान एडवोकेट महेंद्र कालड़ा, उपप्रधान मनोज मंगला, महासचिव बंसीधर माखीजा एवं कोषाध्यक्ष निलेश मंगला की उपस्थिति एवं शुभकामनाओं के साथ नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. नरेश कामरा ने प्राचार्य पद का दायित्व संभाला। प्राचार्य पद पर सुशोभित होने के उपरांत उन्होंने समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक संकाय की बैठक का आयोजन किया। बैठक में उन्होंने प्रबंधक समिति को लग्न एवं निष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाने का आश्वासन दिया एवं शिक्षक एवं गैर शिक्षक साथियों के सहयोग से महाविद्यालय की प्रगति के लिये हमेशा अग्रसर रहने का आह्वान किया। प्रबंधक समिति के प्रधान एडवोकेट महेंद्र कालड़ा, उपप्रधान मनोज मंगला, महासचिव बंसीधर माखीजा एवं कोषाध्यक्ष निलेश मंगला ने पुष्प गुच्छ द्वारा डॉ. नरेश कामरा का प्राचार्य के रूप में हार्दिक अभिनंदन किया। समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक विभाग के सदस्यों द्वारा प्राचार्य डॉ. नरेश कामरा को कार्यभार संभालने पर बधाई दी गई एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## 19 जनवरी होगी ग्रीवेंस कमेटी की मासिक बैठक



**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि हरियाणा के सहकारिता व जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल की अध्यक्षता में 19 जनवरी को लघु सचिवालय पलवल के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में सुबह 11 बजे जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## विवेकानंद की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन




**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में वाईआरसी इकाई काउंसलर डॉ सोनिया भारद्वाज, विवेकानंद युवा सेल संचालिका मिस चंचल रावत, रेड रिबन क्लब संचालिका डॉक्टर नीरज वर्मा, एनएनएस यूनिट संचालिका डॉ. रानी सांगवान, इको क्लब संचालिका मिस वर्षा द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य विषय एचआईवी एड्स रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनकी क्षमता से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेद सिंह रावत काउंसलर सिविल अस्पताल पलवल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्राचार्य वंदना त्यागी व सभी इकाई व क्लब के अध्यक्षों व सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरुक करते हुए उसकी रोकथाम के उपाय बताए। वाईआरसी यूनिट द्वारा पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। डॉ. रानी सांगवान व मिस वर्षा की अध्यक्षता में पर्यावरण की स्वच्छता को बनाए रखने के उद्देश्य से छात्रों द्वारा एक रैली का भी आयोजन किया गया। युवा दिवस कार्यक्रम में लगभग 300 छात्राओं ने भाग लिया। डॉक्टर सोनिया भारद्वाज द्वारा मंच का संचालन सराहनीय रहा। रिपोर्ट लेखन मिस देविका शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साहवर्धक रूप से किया गया।

## कल होगा सामूहिक विवाह का आयोजन

**पलवल।** 14 जनवरी को मकर सक्रांति के शुभ अवसर पर अलायंस क्लब पलवल सिटी हार्ट द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समाहरोह में इस बार सात बेटियों की शादी बड़ी ही धूमधाम से करवाई जाएगी। इस मौके पर क्लब द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। इस बार का मुख्य आकर्षण रामलीला का मंचन व महाबली व महाकाय हनुमान जी का सवांद होगा। इस मौके पर सभी नव दंपति को उपहार स्वरूप घरेलू उपुयोग का लगभग सामान कन्यादान स्वरूप दिया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक मनीष जैन ने दी।

## गेट न खोलने पर चलाई गोली, जान से मारने की धमकी

**पलवल।** घर पर आकर गाली-गलौच करने से रोका तो दो लोग हाथ में लिए अवैध हथियार से फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक नामजद सहित दो के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, खेलकलां मोहल्ला निवासी मनीश शर्मा ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपनी ससुराल में अशोक चुघ के मकान में किराए पर रहता है। पीड़ित अपने किराए के मकान में था। उसी दौरान दो युवक गेट पर आए और गाली-गलौच करने लगे। जिनमें एक युवक मोती कॉलोनी निवासी विक्की गुर्जर था, जबकि दूसरा उसका साथी था। जब उन्होंने गेट नहीं खोला तो आरोपियों ने मकान में रह रहे दूसरे किराएदार के मोबाइल पर फोन कर गेट खुलवाने के लिए धमकी दी। लेकिन जब उन्होंने गेट नहीं खोला तो आरोपियों ने अपने हाथ में लिए अवैध हथियार से हवाई फायरिंग शुरू कर दी। पीड़ित ने इसकी सूचना फोन पर शहर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की तो वहां लोगों ने बताया कि गोली चली है। पुलिस ने मौके पर छानबीन की तो वहां से एक खाली खोल मिला। मकान में किराए पर रह रहा मनीष शर्मा मिला। जिसने लिखित शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक नामजद सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना था कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## किसान गोष्ठी में जल संरक्षण के लिए किया जागरूक




**पलवल।** गांव सिहौल स्थित धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी का शुभारंभ सिंचाई विभाग के पूर्व अधीक्षक अभियंता शक्ति सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक एवं डीएआरटी के सलाहकार डॉ. बीएस सहरावत, कृषि विभाग के ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक सुंदर सिंह, प्रगतिशील किसान क्लब के अध्यक्ष बिजेंद्र दलाल सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे। गोष्ठी में किसानों की आय को बढ़ाने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिव सिंह रावत ने किसानों को जल और जल संसाधनों के उपयोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जल का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। किसानों को जल संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. बीएस सहरावत ने कहा कि धानुका एग्रीटेक रिसर्च सेंटर द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि किसानों की आय को दोगुना किया जा सके। किसानों को परंपरागत खेती को छोड़कर आधुनिक तरीके से खेती करनी चाहिए। जितेंद्र कुमार ने किसानों को सॉयल टेस्टिंग के बारे में जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार ने किसानों को खरपतवार प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉ. विश्वास वैभवन ने कीट प्रबंधन एवं उनके नियंत्रण के बारे में बताया। डॉ. लोकेश ने किसानों को ड्रोन तकनीक के बारे में जागरूक किया।

# भारत की भूमिका

## मोदी की योजना

**भारत की भूमिका** दुनिया में बहुत बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे विकसित भारत बनाना चाहते हैं। विश्व व्यवस्था में तेजी से विकास के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण पेश किया है। वे भारत को अगले 25 साल में विकसित देश बनाना चाहते हैं। इस घोषणा से भारत की प्रतिबद्धता प्रकट होती है कि वह न केवल बदलती दुनिया के अनुसार स्वयं को बदलने के लिए तैयार है, बल्कि विश्व मंच पर अपना भाग्य बदलना चाहता है। मोदी का यह बयान ऐसे समय आया है जब दुनिया में शक्ति संतुलन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ रहे हैं। इस समय स्थापित सत्ता केन्द्र चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थायें अवसरों का लाभ उठा कर अपनी भूमिकायें पुन: परिभाषित कर रही हैं। अपने जनसंख्या लाभांश, आर्थिक सुधारों तथा तकनीकी प्रगति के साथ भारत परिवर्तन की इस लहर में अग्रणी स्थान पर है। विश्व मंच पर भारत के उभार में मुख्य भूमिका आर्थिक सुधारों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की है। सरकार ने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने, खोज को प्रोत्साहित करने तथा विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए अनेक पहलें की हैं। 'मेक इन इंडिया' अभियान, वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी लागू करने तथा 'बिजनेस सुगमता' में सुधार से भारत एक आकर्षक निवेश लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने सुनियोजित 'आत्मनिर्भर भारत' के माध्यम से आत्मनिर्भरता पर जोर दिया है जो जीवन्त अर्थव्यवस्था बनाने का रणनीतिक दृष्टिकोण है। इसी प्रकार भविष्य निर्धारण में उन्होंने तकनीक की मुख्य भूमिका को पहचाना है। आईटी में भारत की प्रगति के साथ एक जीवन्त स्टार्टअप परिस्थितिकी




ने देश को वह स्थिति प्रदान की है जहां वह तथाकथित 'चौथी औद्योगिक क्रांति' में प्रमुख भूमिका निभा सकता है। 'डिजिटल इंडिया' व 'स्मार्ट सिटी' जैसी पहलें समावेशी विकास के लिए भारत द्वारा तकनीक प्रयोग की प्रतिबद्धता प्रकट करती हैं। इसके साथ ही भू-राजनीति भारत को नई विश्व व्यवस्था में मजबूत स्थिति प्रदान करती है। रणनीतिक साझेदारियों व राजनयिक संबंधों के विस्तार ने भारत को क्षेत्रीय व वैश्विक मामलों में महत्वपूर्ण पक्ष बनने का अवसर दिया है। 'क्वाड' भारत के सहयोगी दृष्टिकोण का प्रतीक है। इससे साझा चुनौतियों का सामना करने के साथ ही एक खुले व स्वतंत्र हिंद-प्रशांत को प्रोत्साहित किया जा सकता है। हालांकि, विकसित देश बनने के लिए हमें बहुत कुछ करना होगा। इसके लिए एक मजबूत सुगठित समाज, मजबूत नेतृत्व, दृढ लोकतंत्र तथा स्वतंत्र संस्थानों की जरूरत है। अगले 25 साल के भीतर भारत को विकसित देश बनाने का सपना बहुत प्रेरणादायक है, पर इसके समक्ष चुनौतियां भी हैं। गरीबी, असमानता, पर्यावरण टिकाऊपन तथा ढांचागत विकास महत्वपूर्ण मुद्दे होंगे। इन चुनौतियों से पार पाने की सरकार की क्षमता, निरंतर आर्थिक सुधार तथा वैश्विक सहयोग से भारत की परिवर्तन यात्रा में सफलता सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण पेश कर लोगों को इसके लिए काम करने की प्रेरणा दी है। यही नेताओं का काम है कि वे देश को ऊंची छलांग के लिए तैयार कर लोगों की अपनी क्षमताओं के अधिकतम प्रयोग हेतु प्रेरित करें। इसी भावना ने जापान को महान बनाया है तथा 'अमेरिकन सपने' को ऊर्जा दी है। अब भारत भी इन देशों की तरह महान बनने जा रहा है।

# विकसित भारत: युवाओं की भूमिका

हम स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। उनकी शिक्षायें आज भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का महान स्रोत हैं।



**बंडारू दत्तात्रेय**
(लेखक, हरियाणा के राज्यपाल हैं)



स्वामी विवेकानंद उन्नीसवीं शताब्दी के भारतीय दार्शनिक, आध्यात्कि नेता, महान विचारक, वक्ता, कवि, युवाओं के महान संरक्षक तथा भारत और दुनिया में युवाओं को पुनर्जीवन की महान शक्ति मानने वाले थे। हम स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। उनकी शिक्षायें आज भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का महान स्रोत हैं। उनका विश्वास था कि यदि युवाओं में छिपी शक्ति का प्रयोग कर उसे आदर्श लक्ष्यों की ओर निर्देशित किया जाए तो समाज में व्यापक परिवर्तन सुनिश्चित होगा। स्वामी जी ने चरित्र निर्माण के महत्व, नैतिक निष्ठा तथा आत्मविश्वास को युवाओं के लिए महत्वपूर्ण माना था। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित किया था कि वे आधुनिक शिक्षा तथा आध्यात्मिक विवेक का समन्वय करें। उन्होंने ऐसी शिक्षा व्यवस्था की पैरवी की थी जो न केवल ज्ञान दे, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के साथ दायित्व व आत्मनिर्भरता की भावना भी पैदा करे। महान हिंदू संत स्वामी विवेकानंद की जयंती को हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने युवाओं की ऐसी पीढ़ी की कल्पना की थी जो निर्भय, निस्वार्थ तथा मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हो। उनके लिए वंचितों की सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा थी। वे चाहते थे कि देश का हर युवा इतनी दृढ़ इच्छाशक्ति वाला हो कि मातृभूमि तथा जनता की पूरी लगन और निष्ठा के साथ सेवा कर सके। उन्होंने एक बार कहा था, 'तुम सब वहां जाओ जहां प्लेग या अकाल की विभीषिका हो या जहां लोग परेशान हों और देश की सेवा कर उनके कष्ट कम करो।'

स्वामी विवेकानंद की पहचान सारी दुनिया में धर्म संसद में दिए उनके विख्यात व लोकप्रिय भाषण से हुई थी। 11 सितंबर, 1893 को विश्व धर्म संसद, शिकागो में उनके अत्यधिक प्रेरणादायक भाषण ने दुनिया भर के विभिन्न धर्मों व विश्वासों के आध्यात्मिक लोगों पर अमिट छाप छोड़ी थी। उन्होंने वहां एकत्रित लोगों को अपने हृदय की गहराइयों से संबोधित करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत 'अमेरिका के हमारे भाइयों और बहनों' से की थी। इस पर वहां एकत्र सभी श्रोताओं ने भारी करतल ध्वनि की थी। स्वामी विवेकानंद उस आयोजन में पधारे संभवत: एकमात्र ऐसे संत थे जिन्होंने सभी धर्मों को सच्चा बताया था। यह उस परिवेश में अभूतपूर्व था जहां अधिकांश लोग अपने ही धर्म की श्रेष्ठता व सर्वोच्चता का बखान करने में लगे थे। स्वामी विवेकानंद ने कहा था, 'मेरा हृदय उस हार्दिक व गर्मजोशी से भरे स्वागत से आत्मविभोर है जो आपने मुझे दिया है। मैं आपको दुनिया के सर्वाधिक प्राचीन धर्म की ओर से धन्यवाद देता हूं, मैं आपको सभी धर्मों की माता की ओर से धन्यवाद देता हूं और मैं आपको उन लाखों लाख हिंदुओं की ओर से धन्यवाद देता हूं जिनमें सभी वर्गों और नस्लों के लोग शामिल हैं।'

उन्होंने उपस्थित श्रोताओं से कहा, 'मुझे ऐसे धर्म से होने का गर्व है जिसने दुनिया को सहिष्णुता तथा सार्वभौमिक स्वीकार्यता सिखाई है। हमारा विश्वास न केवल वैश्विक सहिष्णुता पर है, बल्कि हम यह भी स्वीकार करते हैं कि सभी धर्म सच्चे हैं। मुझे ऐसे देश का होने पर गर्व है जिसने धरती पर सभी देशों और सभी धर्मों के उत्पीड़ितों को शरण दी है।' उनके द्वारा नौजवानों को दिए प्रमुख आह्वान बहुत लोकप्रिय हुए कि 'उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' तथा 'तुमको अपने भीतर से विकास करना है। कोई तुम्हें सिखा नहीं सकता है, कोई तुमको आध्यात्मिक नहीं बना सकता है। तुम्हारी आत्मा के सिवा कोई और शिक्षक नहीं है।' उनके ये आह्वान इस तथ्य पर जोर देते हैं कि राष्ट्र की शक्ति और जीवन्तता युवाओं के हाथ में है। उनके लिए युवा सकारात्मक ऊर्जा के ध्वजवाहक थे जिनमें ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मकता थी जो बेहतर भविष्य बनाने के लिए जरूरी है।

वे युवाओं को अपनी आंतरिक शक्ति पहचानने तथा उसे निर्देशित करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनसे आत्मविश्वास और निर्भयता विकसित करने का आह्वान करते थे। उन्होंने कहा था, 'सबसे बड़ा पाप यह सोचना है कि तुम कमजोर हो। इस ब्रह्मांड की सभी शक्तियां पहले सही ही तुम्हारी हैं। हमने ही अपने हाथ तुम्हारी आंखों के आगे लगाकर कहा है कि अंधेरा है। अपने जीवन में जोखिम उठाओ। यदि तुम जीत जाते हो तो नेतृत्व कर सकते हो और यदि हार जाओ तो निर्देशित कर सकते हो।'

स्वामी जी ने नौजवानों को खेल के मैदानों में जाने की सलाह दी। वे चाहते थे कि नौजवानों की मांसपेशियां फौलादी हों, नसें स्टील की हों तथा हृदय विशाल हों। उनका निश्चित दृष्टिकोण था कि युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत तथा मानसिक रूप से गंभीर होना चाहिए। इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'फिट इंडिया' आंदोलन शुरू किया है। मैंने सभी स्कूलों और कालेजों के प्रधानाचार्यों तथा विश्वविद्यालयों के उप-कुलपतियों से अपील की है कि हमारे छात्र खेल के मैदानों में रोज कम से कम एक घंटा जरूर बितायें। उच्च आदर्शों से प्रेरित, समुचित उद्देश्य की भावना से संचालित तथा ज्ञान से लैस नौजवानों को अच्छे कामों की अडिग शक्ति के रूप में देखा जाता है।

आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत इतिहास के महत्वपूर्ण मोड़ पर है, ऐसे में युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी है। इक्कीसवीं शताब्दी भारत की शताब्दी होगी क्योंकि देश अपनी क्षमताओं के साथ भविष्य में लंबी छलांग लगाने के प्रति विश्वास से भरा है। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और वह 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार उस समय भारत की जीडीपी 5 ट्रिलियन डालर का आंकड़ा पार कर लेगी। 2047 तक भारत 30 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा और उसमें विकसित राष्ट्र के सभी गुण होंगे। इस 'विकसित भारत' में हमारे नौजवान महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत ने 'चंद्रयान' जैसे मिशनों के माध्यम से उल्लेखनीय सफलतायें प्राप्त की हैं। इन्होंने अंतरिक्ष की खोज में भारत की शक्ति प्रदर्शित की है। भारत के 'डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर'-डीपीआई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण नेतृत्व में वैश्विक पहचान बनाई है। मोदी सरकार ने आधार, यूपीआई, एए स्टैक, कोविन प्लेटफार्म और जेम के माध्यम से महत्वपूर्ण पहलें की हैं। इसने डिजिटल खोज में भारत की प्रतिबद्धता रेखांकित की है। भारत वैश्विक विनिर्माण केन्द्र की ओर बढ़ रहा है और इसके सेवा क्षेत्र व खासकर आईटी व गैर आईटी क्षेत्रों ने वैश्विक स्थान प्राप्त किया है। भारत में आज जीवन्त स्टार्टअप व्यवस्था काम कर रही है। इसके चलते 100 से अधिक यूनीकार्न की संपदा कुल मिला कर 340 बिलियन डालर तक पहुंच गई है। इस उपलब्धि से भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केन्द्र बन गया है।

भारत के अमृत काल में हमें स्वामी विवेकानंद की अधिकांश शिक्षाओं का प्रयोग 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने के लिए करना चाहिए। हम हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। हमें स्वामी जी के दर्शन और आदर्शों से प्रेरणा लेकर भारतीय नौजवानों को भावी प्रगति की ओर ले जाना होगा। स्वामी विवेकानंद का दर्शन और उनके विचार इस उद्देश्य से हमारे लिए अत्यधिक लाभदायक सिद्ध होंगे। 'एक भारत, सर्वश्रेष्ठ भारत' तथा भारत को 'विश्व गुरु' बनाने के सपने स्वामी विवेकानंद द्वारा दिखाये रास्ते पर चल कर पूरे किए जा सकते हैं।

स्वामी विवेकानंद ने दृढ़ता के साथ अपना यह दृष्टिकोण भारत समेत सारी दुनिया के समक्ष रखा था कि सभी मार्ग एक सच्चे ईश्वर की ओर ले जाते हैं। इस सिद्धान्त का प्रतिपादन ऋग्वेद में 'एकं सद् विप्रा: बहुधा वदन्ति' के रूप में किया गया है। इसका अर्थ है कि सत्य एक है जिसे विद्वान लोग अनेक प्रकार से परिभाषित करते हैं। हमें स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं को राष्ट्रीय भावना, देशभक्ति, विविधता में एकता, समावेशन व शुद्धता में समाहित करना होगा। यह स्वामी विवेकानंद को सच्ची श्रद्धांजलि होगी तथा यही वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का सच्चा रास्ता है।

# भारत-मालदीव के बिगड़ते रिश्ते

"मालदीव भारत प्रथम से चीन प्रथम नीति की ओर स्थानांतरित होने का प्रयास कर रहा है, जो पिछली सरकारों से उलट है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



कूटनीति की बदलती रेत में, ऐसा अक्सर नहीं होता है कि ताड़ के पेड़ों से घिरे नीले सागर की पृष्ठभूमि में ली गई एक खूबसूरत पोस्टकार्ड तस्वीर दो देशों के बीच अति-राष्ट्रवादी भावनाओं या इमोटिकॉन्स के टकराव की सुनामी पैदा करती है। विचाराधीन पोस्टकार्ड भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साझा किया गया था जब उन्हें लक्षद्वीप द्वीपों के प्राचीन समुद्र तटों पर कुछ समय बिताने का मौका मिला था। इसने मालदीव में कुछ कनिष्ठ मंत्रियों को सोशल मीडिया पर भारतीय प्रधानमंत्री को ट्रोल करने के लिए प्रेरित किया, ऐसी भाषा के साथ जिसे संवेदनाओं के आधार पर अपमानजनक माना जा सकता है। कनिष्ठ मंत्रियों को तुरंत बर्खास्त कर दिया गया और भारत में मालदीव के दूत को विदेश मंत्रालय द्वारा तलब किया गया।

हालांकि, पृष्ठभूमि में जो चल रहा था वह भारतीय सोशल मीडिया सर्फर्स की एक सेना द्वारा ट्रेंड मालदीव के बहिष्कार की एक बड़ी लहर थी। हाल ही में छुट्टियों के मौसम में मालदीव में छुट्टियां बिताने वाली कुछ हस्तियां भी सोशल मीडिया पर मालदीव विरोधी रुझानों को बढ़ावा देने वाले समूह में शामिल हो गईं। यह एक अलग पहलू है कि बहुत से सोशल मीडिया सर्फ़र्स ने कभी मालदीव जाने का सपना नहीं देखा है या लक्षद्वीप की राजधानी के बारे में भी नहीं जानते हैं।

अप्रियताओं के इस संक्षिप्त आदान-प्रदान ने जो उजागर किया वह भारत और मालदीव के बीच संबंधों में गिरावट थी, खासकर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के कार्यभार संभालने के बाद। श्री मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है और वह एक दशक से अधिक समय से इंडिया आउट अभियान का हिस्सा रहे हैं। भारत, मालदीव का निकटतम पड़ोसी है, जो केवल 70 समुद्री दूरी से अलग है, इस



द्वीपसमूह राष्ट्र के लिए किसी भी संकट का सबसे पहले जवाब देने वालों में से एक है। भारत ने कई दशकों से मालदीव के साथ रक्षा, बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में सहयोग और मदद करते हुए मधुर संबंध बनाए रखे हैं। रक्षा क्षेत्र में सहयोग महत्वपूर्ण है क्योंकि विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल के लिए लगभग सत्तर प्रतिशत रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं को प्रदान करता है। ऐसी दुनिया में जहां प्राकृतिक पर्यटन स्थलों सहित देश की लगभग हर आर्थिक संपत्ति को हथियार बनाया जा रहा है, पड़ोसियों के साथ रणनीतिक संतुलन की आवश्यकता है। मालदीव की पर्यटन अर्थव्यवस्था में भारत सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है, जहां संपन्न भारतीय अपनी छुट्टियां बिताना पसंद करते हैं। हालाँकि, मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मालदीव में तैनात कुछ भारतीय रक्षा बल कर्मियों को बाहर निकालने पर अड़े हुए हैं। हालांकि यह भारत के लिए एक रणनीतिक झटका हो सकता है, लेकिन यह मालदीव को भी उतना ही नुकसान पहुंचाएगा, क्योंकि यह चीनी ड्रैगन के फ़ायरवॉल में घुस गया है।

उन्होंने चीन को सबसे मूल्यवान सहयोगी बताया। राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, डॉ. मुइज़ू ने अपनी चीन यात्रा की प्रमुखता पर जोर दिया, क्योंकि यह किसी विदेशी राष्ट्र की उनकी पहली राजकीय यात्रा है।

दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक और फलदायक सरकार-से-सरकार और व्यापार-से-व्यापार सहयोग पर विचार करते हुए, राष्ट्रपति ने मंच पर चीनी और मालदीव दोनों व्यवसायों की मजबूत उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चीन मालदीव के सबसे करीबी सहयोगियों और विकासात्मक साझेदारों में से एक बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि मालदीव महामहिम का एक पक्ष बन गया है। 2014 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बेल्ट एंड रोड पहल, जिसने मालदीव में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में मदद की।

राष्ट्रपति डॉ. मुइज्जू ने केंद्रीय हवाई अड्डे और वाणिज्यिक बंदरगाह के विस्तार के लिए अपने दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, इस बात पर जोर दिया कि सरकार बेल्ट और रोड पहल के ढांचे के तहत साझेदारी तलाशने के लिए उत्सुक है। राष्ट्रपति ने चीन के बीच हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी प्रकाश डाला। और मालदीव ने यह हवाला देते हुए कहा कि एफटीए द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा, विशेष रूप से चीन को मछली उत्पादों के निर्यात को बढ़ाकर, इसे एफटीए के भीतर खोजी गई एक प्रमुख प्राथमिकता के रूप में चिह्नित किया जाएगा। मालदीव भारत प्रथम से चीन प्रथम नीति की ओर स्थानांतरित होने का प्रयास कर रहा है, जो पिछली सरकारों से उलट है। हालांकि, भारत को धैर्यपूर्वक फ़ायरवॉल के चारों ओर घूमना होगा और मालदीव के करीबी सहयोगी के रूप में वापस आने का इंतज़ार करना होगा।

## आप की बात

### स्वच्छ इंदौर

**देश** में ही नहीं, बल्कि स्वच्छता में इंदौर की गूँज परदेस में भी होने लगी है। लगातार सातवीं बार सफाई में इंदौर को देश में प्रथम पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के करकमलों द्वारा प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह सफाई के प्रति शहरवासियों की जागरूकता, सफाई मित्रों की रात-दिन की मेहनत, प्रशासनिक कर्मठता व प्रदेश-देश की सरकार के सहयोग का परिणाम है। देश के कुछ शहरों ने इंदौर का अनुसरण करते हुए सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने का प्रयास कर प्रतिस्पर्धा में हिस्सा किया है। गुजरात का सूरत भी खूबसूरत शहर बन गया है। देश के अन्य नगरों व महानगरों को भी इंदौर का अनुसरण करना चाहिए ताकि पूरा देश दुनिया में सफाई का परचम फहरा सके। देश के अन्य शहरों को इंदौर की इस उपलब्धि से सीखने के साथ ही अपने शहरों की स्थितियों का गंभीर अध्ययन करना चाहिए। इंदौर के जिम्मेदार अधिकारियों को भी अपनी शहर की उपलब्धियों का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करना चाहिए ताकि अन्य शहर इसका लाभ उठा सकें। नगरों-महानगरों की सफाई के लिए भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, सुनियोजित स्थाई सफाई व्यवस्था तथा नागरिकों की स्वैच्छिक सहभागिता जरूरी है। इससे देश के अन्य शहर भी इंदौर का अनुसरण कर सकेंगे।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### महाराष्ट्र की राजनीति

**महाराष्ट्र** में अयोग्य विधायकों की योग्यता का मामला स्पीकर द्वारा निपटा दिए जाने के बावजूद उद्धव ठाकरे गुट इसे इसे अदालत में घसीटेगा और अदालत में सुनवाई होकर फैसला आते-आते लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव आ जाएंगे। पहले भी ऐसा होता आया है। वैसे यह तो सत्ता की लड़ाई है। यदि फैसले से पहले ही चुनाव हो संपन्न जाते हैं तो फिर इस मामले में का फैसला कोई मायने नहीं रखेगा। जनता भी अब ठोक बजा कर अपनी उम्मीदवार चुनेगी। आशा है कि महाराष्ट्र की जनता खंडित जनादेश के दुष्परिणाम अच्छे से देख चुकी है। इस बार यदि राजनीतिक समीकरण ठीक रहे तो वह एक ही दल की सरकार बनाने का प्रयास कर सकती है। पिछले चुनाव में बीजेपी के साथ लड़कर जीतने के बाद उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद के मोह में उसे धोखा दे चुके हैं। भविष्य में अन्य दल ऐसा नहीं करेंगे इसकी कोई गारंटी नहीं है। अत: आने वाले चुनावों में बीजेपी को योजनाबद्ध तरीके से सीटों का बंटवारा करना चाहिए ताकि बहुमत के बाद भी कोई दलों उसे धोखा देने का प्रयास न करें। चुनाव के समय यह भी तय होगा कि वर्तमान गठबंधन बने रहेंगे अथवा राज्य की सबसे शक्तिशाली पार्टी भाजपा अपने दम पर लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### चीनी मांझे से खतरा

**मकर संक्रांति** पर हमारे देश में पतंगबाजी का माहौल सर चढ़कर बोलेगा। लेकिन इसके साथ ही मनुष्यों के साथ ही पक्षियों के जीवन पर चीनी मांझे का खतरा भी मंडराने लगा है। चीनी मांझा पिछले कई वर्षों से मुसीबत का कारण बनता आया है। इसकी खतरनाक प्रकृति के चलते पिछले कई साल से शासन ने चीनी मांझे पर प्रतिबंध लगा रखा है परंतु दुकानदार चोरी छुपे इसे लगातार बेच रहे हैं। वे सभी जानते हैं कि इससे न केवल पक्षियों की जान जा सकती है बल्कि लोगों के अंग भंग होने का भी खतरा बना रहता है। यह मांझा काफी मजबूत और तार की तरह होता है जिससे भारी खतरा पैदा होता है। चीनी मांझा बेचने वाले दूकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है। इसके साथ ही पतंगबाजी पर भी एक सीमा तक नियंत्रण लगाने की जरूरत है। हालांकि, यह समाज के गरीब व निम्न मध्य वर्ग के मनोरंजन का सस्ता व लोकप्रिय साधन है, पर पतंग उड़ाने वाली रील में तार बांधने से अक्सर बिजली सप्लाई व मेट्रो आवागमन में भी बाधा पड़ने की खबरें आती हैं। पतंगबाजी को खेल के मैदानों तक सीमित करने तथा विदेशों की तरह उसके उत्सव कराने से खेल की लोकप्रियता को भी महत्व मिलेगा।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### मोदी की राजनीति

**मोदी** ने दिखाया है कि उनका उद्देश्य सिर्फ वर्तमान मतदाताओं से ही नहीं, बल्कि भावी मतदाताओं से भी संपर्क करना है। उनकी पूरी राजनीति जनता की नब्ज पहचानने पर केंद्रित है। वे जनता का विश्वास जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उनकी नीतियां विभिन्न क्षेत्रों में बदलाव ला रही हैं। विडंबना है कि विपक्षी दल उनकी राजनीति समझ नहीं पा रहे हैं और उनकी नीतियों के कारण हो रहे जमीनी बदलावों को अनदेखा कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में मोदी ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, नोटबंदी के माध्यम से कालाधन निकालने और भ्रष्ट नेताओं वं सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जैसे कदम उठाए हैं। इन नीतियों से जनता में उनके नेतृत्व के प्रति विश्वास पैदा किया है। विपक्षी दलों को समझना होगा कि जनता जाति-आधारित व जोड़-तोड़ की निरर्थक व नकारात्मक राजनीति पसंद नहीं करती है। सरकारी योजनाओं का लाभार्थी आज मोदी का प्रतिबद्ध मतदाता है और उसकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह विपक्ष के लिए चुनौती है।

– **अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**



# आज राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है अयोध्या का भव्य दीपोत्सवः योगी

## सीएम ने श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नागरिकों को समझाई जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों को मकर संक्रांति (खिचड़ी) और 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोगों को उनकी जिम्मेदारी भी अनुरोध पूर्वक समझाई। सीएम ने कहा कि सभी लोग 14 जनवरी से हर गांव, कस्बे में स्वच्छता के वृहद अभियान का हिस्सा बनें। 15 जनवरी को जरूरतमंद लोगों में खिचड़ी का वितरण करें। 16 जनवरी से सभी देव मंदिरों के रामनाम संकीर्तन शुरू करें। 22 को अयोध्या का समारोह लाइव देखें। इस दिन गांव गांव भंडार आयोजित कर जरूरमंद लोगों को भोजन कराएंए उन्हें ऊनी वस्त्र वितरित करें। शाम को श्रीराम ज्योति जलाकर दीपोत्सव मनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी के बाद किसी एक तिथि में सांसद-विधायक के साथ आम लोगों को अयोध्या में श्रीरामलला के भव्य दर्शन की व्यवस्था कराई जाएगी।

सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुश्ती के दो अलग भारवर्ग के फ इनल मुकाबले का आनंद उठाया और पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। कुश्ती के मुकाबले से पूर्व सीएम योगी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद सौ मीटर बालिका व बालक वर्ग दौड़ की अंतिम स्पर्धा भी संपन्न हुई। उनके समक्ष वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के खिलाड़ियों ने एक रामभजन पर जिम्नास्टिक का हैरतपूर्ण व कलात्मक प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने ताली बजाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम और लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण ने भारत की जो सीमा तय की थी वही आज भी है। प्रभु श्री राम ने उत्तर से दक्षिण तो श्रीकृष्ण ने उत्तर से पश्चिम को जोड़ा था। हजारों वर्ष पहले भारत में राजनीतिक इकाइयां भले ही अलग-अलग थीं लेकिन सांस्कृतिक एकता एक थी। उन्होंने कहा कि दुनिया को विश्व मानवता की आस्था के सम्मान का मार्ग भी भारत ने ही दिखाया। यह हर कालखंड में हुआ है और यही स्थिति अयोध्या के अंदर आज हम सभी को देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि केरल से निकला एक संन्यासी भारत के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना कर देता है। किसी भी राजा रजवाड़े ने उनको रोका नहीं बल्कि उनका सम्मान किया।

कपिलवस्तु का एक राजकुमार सन्यासी बनाकर ज्ञान का उपदेश देता है, उनके लिए सभी राज्यों के राजा-राजवाड़े अपने पलक पावड़े बिछा देते हैं। यह भारत है, जो आस्था का सम्मान करता है। 2017 में प्रारंभ हुआ अयोध्या का भव्य दीपोत्सव आज राष्ट्रीय उत्सव बन चुका है। पिछले वर्ष दीपोत्सव के कार्यक्रम में 54 देशों के राजदूत भागीदार बने थे। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में 24 घंटे बिजली मिलती है। राम की पैड़ी में लाखों श्रद्धालु एक साथ स्नान कर सकते हैं। राम भजन संध्या स्थल बन चुके हैं। प्रभु श्री राम के नाम पर सबसे ज्यादा भजन गाने वाली सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के नाम पर भव्य स्मारक बन चुका है। अयोध्या में सड़क, रेल और वायु कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। साथ ही हम जलमार्ग से भी अयोध्या को जोड़ रहे हैं। आज अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला का दर्शन करने आने



वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगाए बल्कि उन्हें एक सुखद अहसास होगा। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में हमारे रैन बसेरा और डॉरमेट्री निषादराज के नाम पर तो भोजनालय माता शबरी के नाम पर होंगे। यह हमारे लिए वोट बैंक का मुद्दा नहीं बल्कि प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था व्यक्त करने का माध्यम है। क्योंकि अगर हमें प्रभु श्री राम को सम्मान देना है तो बजरंगबली, निषादराज और माता शबरी को सम्मान देना होगा। हमें समाज के हर उस तबके को भी सम्मान देना होगा, जिन्होंने उस कालखंड में प्रभु का साथ देकर के राम राज्य की स्थापना की नींव डाली थी।

## स्वास्थ्य विभाग ने भी कसी कमर

**लखनऊ/अयोध्या।** श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस ली है। आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों के बारे मे अयोध्या सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजन क्षेत्र के सोलह स्थानों पर श्रीराममंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ मिलकर फर्स्ट एड यूनिट बना रहा है, इस यूनिट में एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट व एक वॉर्ड बॉय की मौजूदगी रहेगी। यह फर्स्ट एड यूनिट भीड़ की जगह वाले स्थानों जैसे हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, कनक भवन, हनुमानगढ़ी आदि स्थानों पर बनाये जाएंगे। इस यूनिट में आवश्यक जरूरी दवाएं नैबुलाइजर, ऑक्सीजन की व्यवस्था रहेगी, इसमें ब्लड शुगर की जांच भी रहेगी। इनके अलावा दो अस्पताल भी बनाये जाएंगे, जिसकी क्षमता 10 व 20 बेड की होगी। इसमें डॉक्टर्स की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा 40 एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जा रही है जो अयोध्या क्षेत्र के अलग-अलग महत्वपूर्ण स्थानों पर खड़ी की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद के मेडिकल कॉलेज, श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या, जिला अस्पताल अयोध्या, महिला जिला अस्पताल व कुमारगंज के चिकित्सालय मे 190 बेड आपातकालीन स्थिति के लिए आरक्षित रखे गये हैं।

## मकान, दुकान, संस्थान व प्रतिष्ठान में भी प्रज्ज्वलित होगी राम ज्योति

**लखनऊ/अयोध्या।** योगी सरकार अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूरे प्रदेश में एक पर्व की तरह मनाए जाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए प्रदेशवासियों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में वृहद स्तर पर दीपोत्सव मनाए जाने की योजना है। यह दीपोत्सव दीपावली के पर्व पर अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव से कई गुना बड़ा होगा। इसमें सरयू समेत सभी नदियों के तटोंए मंदिरोंए ऐतिहासिक और पौराणिक स्थलों के साथ.साथ हर मकानए दुकानए संस्थान और प्रतिष्ठान में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इन दीपों की लौ को राम ज्योति नाम दिया गया है। ऐसे में योगी सरकार की ओर से सभी प्रदेशवासियों से अपील की गई है कि वो सिर्फघरों में ही नहीं, बल्कि अपने कार्यालयों और दुकानों में भी राम ज्योति को प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव पर्व का उत्सव मनाएं।

प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश और पूरी दुनिया में राम भक्त बेहद उत्साहित हैं। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम पूरे वैभव के साथ अपने मंदिर में विराजने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर को डबल इंजन की सरकार ने पूरे देश में पर्व की तरह मनाने की अपील की है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में हर एक देशवासी से अपने घर में दीप प्रज्ज्वलित करने को कहा गया है। इन दीप से प्रज्ज्वलित होने वाली लौ को राम ज्योति कहा जा रहा है। इसी क्रम में अब योगी सरकार की ओर से अपील की गई है कि प्रदेशवासी सिर्फ

### ● दीपोत्सव से भी कई गुना बड़ा होगा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाला दीपोत्सव

घरों में ही नहीं, बल्कि दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों (होटल, फैक्ट्री, कारखाने, प्लांट आदि कार्यालयों (सरकारी व निजी) और पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर भी दीपोत्सव का आयोजन किया जाए। राम ज्योति के माध्यम से ऐसी आभा बिखरनी चाहिएए जिससे पूरा वातावरण राममय हो जाए। भक्ति का ऐसा माहौल बने जैसा दीपावली या किसी अन्य पर्व पर होता है। इसको लेकर योगी सरकार सभी प्रदेशवासियों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है।

### ग्रीन आतिशबाजी कर सकेंगे लोग

**सीएम** योगी के निर्देश पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से भी सभी विभागाध्यक्षों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि 22 जनवरी 2024 को सायंकाल हर घर, घाट और मंदिर में दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जाए। लोगों को प्रेरित कर घर.घरए संस्थानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी राम ज्योति प्रज्ज्वलित कराई जाए। यही नहींए प्रदेश के सभी कार्यालयों में 22 से 26 जनवरी तक विशेष प्रकाश की व्यवस्था की जाए। लोग घरों में भी विशेष प्रकाश की व्यवस्था कर सकते हैं। इसके अलावा सभी सरकारी इमारतों, स्कूल, कॉलेज को भी दुल्हन की तरह सजाया जाए। इसके अलावा ये भी निर्देश दिए गए हैं कि अयोध्या में सरयू घाट पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा एवं इसके बाद हरी आतिशबाजी की व्यवस्था की जाएगी। योगी सरकार पर्व पर ग्रीन क्रैकर्स को बढ़ावा दे रही है। ऐसे में प्रदेश भर में लोग इस ऐतिहासिक अवसर पर ग्रीन क्रैकर्स जला सकेंगेए जिससे एक बार फिर पूरा प्रदेश दीपावली की तरह रोशन हो जाएगा।

### एक सप्ताह तक हर देव मंदिर में राम संकीर्तन का आयोजन

**सीएम** योगी के निर्देश के अनुसार मुख्य सचिव ने भी बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च विभाग द्वारा 22 जनवरी को सभी स्कूलों, कॉलेजों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही 22 जनवरी को पूरे प्रदेश में शराब की दुकानें बंद रखने के भी निर्देश जारी करने के आदेश दे दिए गए हैं। 16 जनवरी से 22 जनवरी तक पूरे एक सप्ताह तक हर देव मंदिर में राम संकीर्तन आदि का आयोजन करने, कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के लिए अयोध्या में 50 अतिरिक्त स्क्रीन और डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था करने, पूरे प्रदेश के देव मंदिरों में स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण करने, सभी नगरों एवं गांवों में नगर विकास एवं पंचायतीराज विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

## नासिक के दिव्यांग राम भक्तों ने श्रीराम के लिए बनाए रेशमी वस्त्र

**लखनऊ/अयोध्या।** दिव्यांगों ने श्रीराम के लिए रेशमी वस्त्रों का निर्माण किया है। इनका निर्माण महाराष्ट्र के नासिक के येवला में किया गया है। वहां के कापसे फाउंडेशन की तरफ से शुद्ध रेशम की पैठणी (वस्त्र) श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न व राम भक्त हनुमान के लिए लाए गए। बताया गया कि इसे करीब तीन सौ दिव्यांगों की टीम ने तैयार किया है। इसके साथ ही शुक्रवार को गोमूत्र, गोघृत, उपले, गोबर के दीप और अन्य पूजा सामग्री भी आई है। मंदिर के लिए श्रीराम तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने पूजन के लिए इस पावन सामग्री को स्वीकार किया।



## प्रतिदिन 30 हजार श्रद्धालुओं के रुकने की हो रही व्यवस्था

**लखनऊ/अयोध्या।** 22 जनवरी को श्रीरामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। कई सदियों के बाद कलियुग में यह अवसर आने वाला है। कभी फटे तिरपाल में रहे अयोध्या के लला की अपने महल में प्राण-प्रतिष्ठा होगी तो उनके दर्शन के लिए समूचे भारत व दुनिया से श्रद्धालु उमड़ेंगे। विगत कई महीनों में अनेक राज्यों का दौरा कर चुके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मेजबान के रूप में 22 जनवरी के बाद लोगों को आमंत्रित भी कर चुके हैं। लिहाजा उनके रहने खाने, रुकने, साफ -सफाई की मुकम्मल व्यवस्था हो, इसके लिए सीएम योगी ने खुद खाका तैयार कर अफसरों को टास्क दे दिया है। योगी सरकार के निर्देश पर शासन.प्रशासन स्तर पर फ्लिहाल प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इसमें और इजाफा भी किया जाएगा। विगत दिनों रामनगरी आए योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण व समीक्षा बैठकों में साफसफाईए आतिथ्य स्वागत व अच्छा व्यवहार हर हाल में सुनिश्चित करने को कहा था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन श्रद्धालुओं व पर्यटकों के रुकने की चाक चौबंद तैयारी कर रहा है। इसके लिए होटल, धर्मशाला गेस्ट हाउस, होम स्टे पेइंग गेस्ट, टेंट सिटी. आश्रय स्थल, डॉरमेट्री आदि में व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल तैयारी के अनुसार वर्तमान में 60 होटलों में 40 कमरों के हिसाब से 7200 पीपीडी पर्सन पर डेढ्ढ को रोका जाएगा। 171 धर्मशाला गेस्ट हाउस में 17 हॉल व 2742 कमरों की अनुमानित व्यवस्था है। 2742 कमरों में चार लोगों तथा 17 हॉल में पांच लोगों के ठहरने की व्यवस्था के अनुरूप माना जा रहा है कि 11818 पीपीडी रामनगरी में

### ● होटलों में 7200, धर्मशाला गेस्ट हाउस में 11818, होमस्टे पेइंग गेस्ट में 400, टेंट सिटी आश्रय स्थलों में 5400 व डॉरमेट्री में 700 बेड्स आदि की तात्कालिक व्यवस्था कराई गई सुनिश्चित

रुककर दर्शन-पूजन कर सकते हैं। होम स्टे पेइंग गेस्ट योजना के तहत भी अयोध्या में काफी कार्य हो चुका है। फिलवक्त यहां 570 संपत्तियां ऑन बोर्ड हो चुकी हैं। प्रति होम स्टे में चार कमरे और दो पीपीआर ;पर्सन पर रेशियोद्ध के हिसाब से प्रतिदिन 4400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। फ्लिहाल सरकारी स्तर पर 200-200 लोगों की व्यवस्था वाली दो टेंट सिटी तथा तीन आश्रय स्थलों में 5100 व्यक्ति यानी कुल 5400 लोगों के रुकने की व्यवस्था कराई जा रही है। वहीं डॉरमेट्री की व्यवस्था के अनुरूप तीन व्यावसायिक संकुल में प्रस्तावित डॉरमेट्री में 700 बेड्स की व्यवस्था सुचारू रूप से की हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीते दिनों अयोध्या आए थे। यहां कई टेंट सिटी के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने यह निर्देश दिया था कि यहां आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होगीए लिहाजा होमस्टे.पेइंग गेस्ट और टेंट सिटी बढ़ाई जाए। सीएम ने प्रशासनिक स्तर पर की जा रही व्यवस्था के अलावा राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व अन्य आनुसांगिक संगठनों की तरफ से हो रही व्यवस्था में भी और वृद्धि करने का आग्रह किया था। प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था में और वृद्धि होगी। इस लिहाज से तैयारियों को बढ़ाया जाए।

## राम भक्तों के सत्कार के लिए तैयार है प्रदेश की योगी सरकार

### सीएम योगी ने राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए दिये पुख्ता इंतजाम के निर्देश



### ● अयोध्या धाम में रैन बसेरों की संख्या बढ़ाने और जगह-जगह अलाव जलाने के दिये निर्देश

**लखनऊ/अयोध्या।** योगी राज में लौटे अयोध्या धाम के पौराणिक वैभव को अपनी आंखों से देखने और उसे अपने मन मस्तिष्क में उतारने के लिए देश ही नहीं विदेश के श्रद्धालु आतुर हैं। वह अपने पूर्वजों से जिस राम राज्य की गाथाओं को सुनते थेए उसके योगी सरकार में वास्तविक स्वरूप को देखने के लिए 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में योगी सरकार भी उनके स्वागत के लिए पुख्ता इंतजाम कर रही है। श्रद्धालुओं के रहने के लिए होटल से लेकर उनके आवागमन के लिए सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक समीक्षा बैठक में जिला प्रशासन को अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिये थे। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि अयोध्या आने वाले सभी तरह के श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। गरीब तबके के श्रद्धालुओं को ठंड और शीतलहर के दृष्टिगत प्रशासन की ओर से रहने की व्यवस्था रैन बसेरों में कराई जाए। इसके लिए रैन बसेरों की संख्या बढ़ाई जाए। साथ ही अयोध्या धाम में जगह.जगह अलाव जलाने की व्यवस्था हो और जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया जाए। इसके लिए सरकार की ओर से अयोध्या को 10 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की गई है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में अयोध्या धाम आने वाले सभी श्रद्धालुओं की हर जरूरत का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में उनके दर्शन के लिए रोजाना एक लाख से अधिक श्रद्धालु देश ही नहीं विदेश से भी आएंगे। ऐसे में उनके किसी प्रकार की कोई परेशानी न होए इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही पहले से सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ उसका रियल्टी चेक कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। ऐसे में अयोध्या धाम में रैन बसेरों की संख्या को बढ़ाया जाए। इसके अलावा धाम में जगह.जगह अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए और जरूरतमंद श्रद्धालुओं को कंबल वितरित किये जाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद राहत कार्यालय की ओर से अयोध्या धाम में अलाव जलानेए कंबल वितरण और रैन बसेरों की संख्या बढ़ाने समेत अन्य मद में 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त ने बताया कि अयोध्या धाम को 10 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि आवंटित करने के साथ जिलाधिकारी को रैन बसेरों और अलाव जलाने के लिए जगह चिन्हित करने के निर्देश दिये गये हैं।

## अयोध्या धाम की पैदल यात्रा करने वाले अमन कुलश्रेष्ठ पर्वतारोही का किया गया स्वागत

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में लखनऊ में अमन कुलश्रेष्ठ का स्वागत सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव के निर्देश पर हुआ है। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष आमोद श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव नकुल सक्सेना, जिला महामंत्री मोहित श्रीवास्तव, युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष प्रत्यूष श्रीवास्तव आदि सदस्यों ने भगवान लक्ष्मण की मूर्ति पर माल्यार्पण अमन कुलश्रेष्ठ पर्वतारोही से कराया। उसी पार्क में भगवान लक्ष्मण के चरणों पर ही अमन कुलश्रेष्ठ का सम्मान किया गया। अमन कुलश्रेष्ठ के साथ आए नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधी का सम्मान एवं स्वागत किया गया। अमन कुलश्रेष्ठ के साथियों ने भी भगवान लक्ष्मण के चरणों पर फूलों की माला से नमन किया। इस कार्यक्रम के पश्चात अमन कुलश्रेष्ठ पैदल हनुमान सेतु मंदिर गए।

## अलग दिखाई देंगी अयोध्या जाने वाली बसें, लगेगी राम मंदिर की फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या** जाने वाले श्रद्धालुओं को अब अयोध्या जाने वाली बसों के लिए इंतजार नहीं करना होगा और न ही उन्हें बसों को तलाशना होगा। योगी सरकार ने यूपी रोडवेज की बसों में अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर वाले पोस्टर लगाने के निर्देश दिए हैंए ताकि श्रद्धालुओं को इन बसों को पहचानने में किसी तरह की दिक्कत न हो। उल्लेहनीय है की परिवहन विभाग ने पहले ही फैसला किया है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर श्रद्धालुओं को हर वक्त अयोध्या के लिए बसें मिलेंगी और बी इसी क्रम में इन बसों में राम मंदिर का पोस्टर लगाए जाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।



उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में लखनऊ रीजन में 13 जनवरी 2024 तक सभी बस स्टेशनों पर हेल्प डेस्क बनाने का कार्य कर लिया जाएगा। बसों में श्रीराम जी के मंदिर वाली फोटो लगवाने का काम किया जा रहा है। साउंड बॉक्स लगाया जा रहा है। साथ ही लखनऊ आर एम ऑफिस में कंट्रोल रूम बनवाया जा रहा है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 8726005808 है। जीएम टेक्निकल अजीत सिंह ने बताया कि इसी प्रकार की तैयारियां अन्य क्षेत्रों में भी की जा रही है। चालकों/परिचालकों की काउंसलिंग की जा रही है। ताकि वह यात्रियों के प्रति मृदुल व्यवहार रखें, ड्रेस में रहे। दुर्घटना स्थलों की भी उन्हें जानकारी दी जा रही है। दुर्घटना ना हो इसके सारे इंतजाम कराए जा रहे हैं, जैसे बसों में लाइटए फॉग लाइटए शीशेए फायर सेफ्टी उपकरण इत्यादि के भी कार्य कराया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालान में बस स्टेशन एवं बसों की पूरी साफ-सफई रहेगी। 26 जनवरी तक बस अड्डे एवम बसें फूल मालाओं व झालर इत्यादि से सजाए जाएंगे।

## अयोध्या में स्वच्छ बनाए रखने में युवाओं की मुख्य भूमिकाः सुषमा खर्कवाल

**पायनियर समारार सेवा।** लखनऊ

**स्वामी** विवेकानन्द जी के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों में युवा रैली व मानव श्रृखला मशाल मार्च निकाले जाने का कार्यक्रम किया गया। अंतर्राष्ट्रीय पटल पर परचम लहरा रही अयोध्या के कोने कोने को साफ सुथरा एवं सुंदर बनाने की पहल करने के लिए प्रदेश भर के लाखो युवा स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत एक साथ हाथ से हाथ मिला कर स्वच्छता का हमारी स्वच्छ अयोध्या सुन्दर अयोध्या का प्रण लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोमती नगर 1090 चौराहे से महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। रैली में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। साथ ही भगवान श्री राम व उनकी नगरी अयोध्या में स्वच्छता का विशेष अनुराग भी दिखा। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यक्रम की पहल पर युवा उत्साहित दिखे। शुक्रवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजधानी की मेयर सुषमा खर्कवाल ने विशाल रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और जन मानस से अयोध्या को स्वच्छ रखने की स्वच्छ भारत मिशन की पहल की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा भविष्य की धरोहर है। आज हम स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या जाने के लिए हम सब तैयार हैं ऐसे में हमें प्रण लेना होगा कि कहीं भी इधर उधर कूड़ा नहीं फेके। हमें अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीख लेनी चाहिए जो सफाई के लिए खुद ही झाड़ू उठा लेते हैं और कूड़े को उचित स्थान पर डालते हैं। उन्होंने सभी को शपथ दिलाई कि हम स्वच्छ भारत मिशन के तहत अयोध्या नगरी को पूरी तरह साफ रखेंगें। युवाओं से उन्होने अपील की 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपनी पाकेट मनी सें खूब पटाखे जलायें और पालिथिन का प्रयोग बिल्कूल ना करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हमें हर हाल में सफ ाई की ओर चलना होगा। जिससे कि शहर को सुन्दर रख सकें। सफाई के प्रयास और तेज किये जायेगें। स्वच्छ और सुन्दर शहर बनाना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, स्वच्छ भारत मिशन निदेशालय की टीम समेत हजारों युवा उपस्थित थे।

### ● मेयर, नगर आयुक्त, स्वच्छ भारत मिशन ने दिलायी युवाओं को दिलाई शपथ

# पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने लखीमपुर को दी सौगातें

**● 65.66 करोड़ रुपये की विस क्षेत्र लखीमपुर में परियोजनाओं का लोनिवि मंत्री, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया का लोकार्पण शिलान्यास**

**●सरकार जीरो टालरेंस पर कर रही है कामः जितिन प्रसाद ● लोनिवि मंत्री की दो टूक, कार्य में धीमी प्रगति और गुणवत्ता में समझौता बर्दाश्त नहीं**



**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को सूबे के पीडब्ल्यूडी मंत्री उप्र जितिन प्रसाद व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थीए जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के साथ विधानसभा क्षेत्र लखीमपुर के तहत विभिन्न योजनाओं में लागत रूए 50.73 करोड़ के लम्बाई 43.535 किमी के कुल 26 कार्यों का शिलान्यास और लागत रू. 14.93 करोड़ के लम्बाई 48.990 किमी के 33 कार्यों का निर्माणएमरम्मत कार्य का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह सहित पीडब्ल्यूडी विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आज 26 कार्यों के शिलान्यास हो रहा है। क्षेत्र की बड़ी मांग एवं जनप्रतिनिधियों की पहल पर बेलरायां पनवारी मार्ग का वह भाग जिसमें रेलवे स्टेशन और संकटा देवी आता है। इस 10 किमी मार्ग को 38 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा। आपके जनप्रतिनिधि, सांसद विधायक दमदार हैं, जो बड़ी.बड़ी परियोजनाओं खींचने में सक्षम है। जिले को सरकार ने बड़ी.बड़ी सौगात दी है। देश में पीएम मोदी और प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में जो कार्य कभी नहीं हुए, वह आज आपकी आंखों के सामने साकार होते दिख रहे हैं। आगे भी बड़े बड़े काम कराए जाएंगे।

बड़ी कठिनाइयों का सबब रही देवकली .अलीगंज मार्ग की स्वीकृति मिल गई है। सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। अफ्सरो से कहूंगा यह समझ लीजिए। मोदी.योगी के स्पष्ट निर्देश है। ना गुणवत्ता से कोई समझौता और समय सीमा पर पूरा काम होना चाहिए। इसी बीच लोनिवि मंत्री जितिन ने एसई को माइक पर बुलवाया और पूछा बेलराया.पनवारी मार्गए जिसका शिलान्यास हो रहा है। उसकी लिखा पड़ी हो गई या नहीं। इस पर जवाब में सर प्रोसेस में हैए इस माह एग्रीमेंट हो जाएगा। मंत्री जनता यह सब नहीं जानती बस तारीख बताओए सर 15 जनवरी से काम शुरू हो जाएगा। वही देवकली अलीगंज मार्ग 15 फरवरी तक शुरू हो जाएगा। इस पर मंत्री ने चेताया कि काम एक दिन भी लेट शुरू न हो। लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार सब सुन लए गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेतावनी दीए अगर कमी पाई गई तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। बड़ी.बड़ी परियोजनाएं आपके लिए लाई जाएगी। बड़े काम होने के साथ.साथ गांव की पक्की सड़के वर्ल्ड क्लास बनाकर देंगे तब अपने आपको सफ्ल मानेंगे। ठंड के बाद लोक निर्माण विभाग गांव गांव की सड़के घरों तक के लिए बनाकर देगा।

# केंद्र में मोदी, प्रदेश में योगी के नेतृत्व में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित हुएः अजय मिश्रा

**● सरकार की योजनाओं से लोगों की पूरी हुई ज़रूरतें बढ़ी जीवन जीने की सुविधाएं: टेनी**

**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र और सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित हुए, जिससे लोगों की ज़रूरतें भी पूरी हुईं और उनके जीवन जीने की सुविधा भी बढ़ी है। लोगों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन आया है। यह केवल ज़रूरतें पूरी करने तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था, व्यावहारिक विदेश नीति, रक्षानीति सब पर महत्वपूर्ण काम किया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज 9.5 वर्षों के बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में शुरू हुई। हम हर गांव.शहर में जा रहे। जहां लोगों के अनुभव को सुनने को मिल रहा, जो हमको संतोष और आनंद देता है। लोगों का विश्वास और भरोसा केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रति बढ़ा है। देश में अच्छा वातावरण है। पीएम के नेतृत्व में जहां एक ओर देश सम्मानित राष्ट्र बनाए वहीं विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने को निरंतर आगे बढ़ रहा। उन्होंने जनमानस से पूछा कि आज गांव में लोग बिजली का हफ्ता पूछते हैं क्याए कि बिजली दिन के हफ्ते की है या रात के हफ्ते की। बाजार में कहीं लालटेन मिलती है क्या। कोविड कालखंड में भारत ने वैक्सीन बनाई। महज 09 माह के भीतर 200 करोड़ से ज्यादा वैक्सीनेशन करके कोविड को नियंत्रित किया। 100 से ज्यादा देशों को वैक्सीन भी दी। पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर ने लखीमपुर को आज कई सौगातें दी है। मंत्री को साधुवाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जज्बा बरकरार रहे। प्रदेश, देश और राष्ट्र में अपना योगदान इसी प्रकार लगातार देते रहें। लखीमपुर खीरी के विधानसभा क्षेत्र लखीमपुर में बिलरायां.पनवारी मार्ग (राज्य मार्ग सं0.21) के चैनेज 47.000 से 56.350 में 7.000 मीटर से 10.000 मीटर अर्थात 2.लेन पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, लंबाई 9.350 किमी एवं लागत रू0 37.80 करोड़ की स्वीकृति 04 अक्टूबर 2023 को प्रदान की गई। मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हो जाने से लगभग 3.50 लाख की आबादी लाभान्वित होगी एवं जिला व तहसील मुख्यालय से सुगम कनेक्टिविटी होने एवं आवागमन जामरहित हो जायेगा। उक्त शिलान्यास 12 जनवरी 2024 को किया जा रहा है।

# विवेकानंद जयंती पर पूर्व विधायक ने बाँटी स्पोर्ट्स किटें



**फतेहपुर।** पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह के आवास पर विवेकानंद जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक सौ एक विवेकानंद यूथ क्लबो को पूर्व विधायक द्वारा खेलकूद की किटें देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक शुक्ला यूथ क्लब जिला प्रभारी ने किया। विक्रम सिंह ने कहा कि अब तक पूरे जिले में लगभग साढ़े पाँच हज़ार क्लबो का गठन किया जा चुका है। इसके पीछे उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर युवाओं को आगे बढ़ाने में मदद पहुँचाना है। कार्यक्रम में राजेंद्र भान सिंह, राजा सिंह, जिला अध्यक्ष यूथ क्लब अभिषेक शुक्ला, यूथ क्लब जिला प्रभारी सत्यम सविता, अरविंद कुमार, प्रवीण प्रसून, रामस्वरूप प्रधान, दीपू दिवाकर प्रधान, प्रेम शंकर प्रधान, अनिल प्रधान, सरोज कुमार प्रधान, राजेंद्र पटेल, राम सजीवन पाल, उग्रसेन गोयल, राकेश कुमार पटेल, अंशु सिंह, प्रियांशु सिंह, मनोज पटेल, शोभा सिंह, राकेश गुप्ता, बालकेश मिश्रा, ध्यानेंद्र सिंह, गायत्री सिंह, मधु शर्मा, रणधीर सिंह समेत तमाम युवक, खिलाड़ी आदि मौजूद है।

# डीएम ने जिला पर्यावरण, जिला गंगा व जिला वेटलैण्ड समिति की बैठक

**● नदी के घाटों पर साफ सफाई एवं गंगा आरती का आयोजन प्रत्येक सप्ताह किया जायेः डीएम**



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह/अध्यक्ष जिला पर्यावरण समितिध्जिला गंगा समितिध्जिला वेटलैण्ड समिति, कानपुर देहात की अध्यक्षता में मॉ मुक्तेश्वरी देवी, सभागार कक्ष, कलेक्ट्रेट में बैठक आहूत की गयी। एके द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी/संयोजक, जिला पर्यावरण समिति/जिला गगा समिति/ जिला वेटलैण्ड समिति द्वारा डीएम एवं बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को स्वागत व आभार व्यक्त करते हुये बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। प्रभीय वनाधिकारी द्वारा शासन की मंशा को स्पष्ट करते हुये गत वर्ष में रोपित पौधों की सिंचाई एवं सुरक्षा पर विशेष बल देने, सभी विभागों के द्वारा रोपित पौधों की अन्तर्विभागीय भौतिक सत्यापन पर चर्चाए आगामी वर्षाकाल 2024 में पूर्व वर्ष की भाँति प्रत्येक विभाग को वृक्षारोपण लक्ष्य की प्राप्ति की तैयारी यथा.स्थल चयन, माइक्रोप्लान, वृक्षारोपण पंजिका संधारण पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। इस जनपद के जिला गंगा समिति की रिपोर्ट जो राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में दाखिल की जानी हैए उसकी रिपोर्ट प्रेषित कर दिये जाने की जानकारी भी दी गयी। चर्चा में जिला गंगा समिति द्वारा किये जा रहे जन.जागरूकता से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये जन जनपद के तालाबों के सुदृढ़ीकरण एवं उसके आस.पास वृक्षारोपण की योजना बनाने हेतु सभी संबंधित विभागों का ध्यान आकृष्ट किया गया।

डीएम कार्यरत् 23 विभागों को वर्ष 2024 में शासन द्वारा वृक्षारोपण लक्ष्य को आवंटित करते हुये समस्त विभागों से माह जनवरी 2024 तक वृक्षारोपण कार्ययोजना तैयार कर कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी में उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त संबंधित विभागों को वृक्षारोपण कार्ययोजना में अमृत सरावरों, नदियों के किनारे तथा नालों तथा खेतों की मेड़ पर अत्यधिक रोपण हेतु कार्ययोजना तैयार हेतु निर्देशित किया गया। वर्षाकाल 2023 में कराये गये वृक्षारोपण की अन्तर्विभागीय भौतिक सत्यापन रिपोर्ट उपलब्ध कराने, तथा प्रत्येक माह रोपित पौधों की सफ्लता की सूचना प्रभागीय वनाधिकारी, कानपुर देहात वन प्रभाग, कानपुर देहात के कार्यालय में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया और यह भी निर्देश दिया गया कि नालों के किनारे विशेष वृक्षारोपण कार्य किया जायेए जिससे कि नालों की गंदगी की सफ्ाई के साथ पानी भी फाईटोरेमिडिएशन की क्रिया से साफ होता रहे। जिला गंगा समिति, कानपुर देहात की समीक्षा में डीएम द्वारा, पंचायतीराज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नदी के घाटों पर साफ सफाई एवं गंगा आरती का आयोजन प्रत्येक सप्ताह किया जाये। विशेष रूप से यमुना नदी के किनारे के घाट यथा माँ मुक्तेश्वरी देवी के घाट पर साफसफ्ाई एवं आरती का आयोजन कराया जाये। 16 जनवरी से 22 जनवरी तक गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के किनारे दीपोत्सव तथा गंगा आरती का विशेष आयोजन कराया जाये।

## क्विक न्यूज

### गौशालाओं में साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यानः राजेश कुमार

**फतेहपुर।** जनपद में अवशेष निराश्रित गोवंशो को शत प्रतिशत संरक्षित किये जाने व भरण पोषण के संबंध में किये जा रहे प्रभावी कार्यों को लेकर शासन स्तर से जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी राजेश कुमार प्रजापति विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा ने शुक्रवार को गौशाला कौडिया, गौ-आश्रय स्थल शिवराजपुर एवं गौ-आश्रय स्थल रावतपुर का निरीक्षण किया। गौ आश्रय स्थल कौड़िया में गोवंशों की संख्या 195 पायी गयी जिनमें से 62 नर एवं 133 मादा गौवंश संरक्षित है। ठंड से बचाव हेतु तिरपाल लगाया गया है। पशु चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि तीन अस्वस्थ गोवंशों की चिकित्सा उपचार कक्ष में की गयी है। ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रकाश हेतु सोलर पैनल एवं गौशाला में बाउंड्री बनवाने हेतु विधायक निधि/क्षेत्र पंचायत से कार्य हेतु प्रस्ताव कराये एवं हरा चारा उत्पादन हेतु संबद्ध भूमि में तार फेन्सिंग करायी जाये। गौशाला में तीन गौपालक उपस्थित मिले। गौ आश्रय स्थल शिवराजपुर में पाँच सौ अस्सी गौवंश संरक्षि किये गये है जिनके लिये कुल छः शेड निर्मित है। गौशाला परिसर में 02 तालाब बने हुये है। आय अर्जन हेतु तालाब में मछली पालन का कार्य भी किया जा रहा है। भरण-पोषण हेतु भूसा, दाना की पर्याप्त व्यवस्था है तथा स्वच्छ पेयजल हेतु पम्प हाउस का निर्माण कराया गया है एवं सभी चरही एवं तालाब में पम्प से पानी भरा जाता है। गौशाला में 15 गौपालक कार्य कर रहे है। गौवश को ठण्ड से बचाव हेतु सभी शेडो में तिरपाल लगाया जाये एवं गैशाला को स्थायी/वृहद बनवाये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा जाये। गौ आश्रय स्थल रावतपुर में चार सौ सात गौवंश संरक्षित किये गये है। गौशाला में भूसा एक सौ पचास कुंतल पशुआहार 35 कुंतल मिला। आठ गौपालक कार्य कर रहे है। गौशाला में हरा चारा उत्पादन हेतु नेपियर घास लगायी गयी है। निर्देशित किया गया कि कुल संबद्ध 6.4 हे0 भूमि में हरा चारा हेतु बुआई करायी जाये। गौशाला में एक शेड निर्माणाधीन है जिसमें टीन शेड नही लगाया गया है। ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया कि रोड का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये एवं गौशाला परिसर में विभिन्न स्थानो पर गोबर के ढेर लगाया गया है जिन्हे एक स्थान पर एकत्रित करने हेतु तथा साफसफ्ाई कराने एवं नर-मादा गोवंश को प्रथक करने के लिये निर्देशित किया गया।



### साक्षी महाराज के 68वें जन्मदिन पर पहुंचे प्रदेश के कई दिग्गज

**फर्रुखाबाद।** उन्नाव के लोकप्रिय सांसद सच्चिदानन्द हरि साक्षी जी महाराज के 68वें जन्मोत्सव समारोह में शामिल होने के लिए फर्रुखाबाद से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों ने पहुंच कर बधाई दी, प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, केबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, मंत्री दयाशंकर सिंह, धर्मवीर सिंह, रजनी तिवारी, केंदीय मंत्री बी एल वर्मा, साध्वी निरंजन ज्योति, गोंडा सांसद बृजभूषण शरण सिंह, सांसद रेनू बाला जी सहित अनेकों सांसद पूर्व सांसद, दर्जनों विधायकगण और भारी संख्या में उनके अनुयाई जिनमें फर्रुखाबाद से लोधी महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, भाजपा जिला मंत्री डा धर्मेन्द्र राजपूत, अशोक कटियार एडवोकेट, रामलड़ैते राजपूत, विक्रांत सिंह राना, पंकज सिंह राजपूत एडवोकेट, जनार्दन दत्त एडवोकेट, अरविन्द राजपूत, अनिल राजपूत, सौरभ राजपूत, अंकुर राजपूत सहित तमाम लोगों ने समारोह में पहुंच कर 51 किलो माला पहनाकर दीर्घायु होने की बधाई दी ।



### बसपा नेता अनुपम दुबे व साथियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**फर्रुखाबाद।** माफिया अनुपम दुबे व उसके साथियों के खिलाफन्यायालय में गैंगेस्टर एक्ट के तहत पुलिस नें 1135 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। शहर कोतवाली पुलिस नें तत्कालीन कोतवाल विनोद शुक्ला नें माफिया अनुपम दुबे उसके भाई अनुराग दुबे डब्बन निवासी कसरटटा फ्तेहगढ़ के साथ ही पंकज रस्तोगी उर्फवंशी अभिषेक रस्तोगी उर्फसोनू पुत्र पन्ना लाल निवासी वृंदावन गली फर्रुखाबाद के खिलाफगैंगेस्टर के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। चना के दौरान विनय दुबे उर्फसोनू पुत्र स्वर्गीय उमेश दुबे निवासी मोहल्ला नवाब न्यामत खां, संदीप उर्फअक्कू पाठक पुत्र सत्य प्रभाकर पाठक निवासी बागकूंचा महावीर गंज, गौरव गुप्ता पुत्र हरीबाबू गुप्ता निवासी बूरा वाली गली, देवेन्द्र मिश्रा उर्फडब्बू मिश्रा पुत्र काशी नाथ निवासी कटरा बू अली खां, अभिषेक उर्फअभि दुबे पुत्र ब्रजेश कुमार दुबे निवासी मोहल्ला घेर शामू खां, गौरव गुप्ता उर्फरज्जू पुत्र वीरेंद्र गुप्ता निवासी वृंदावन गली बागकूंचा, संदीप दुबे पुत्र नरेसज दुबे निवासी घेर शामू खां का नाम प्रकाश में आया।



# नाले में पड़ा हुआ मिला ग्रामीण का शव

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज कंपिल बाईपास मार्ग पर स्थित दुर्गा टॉकीज के पास एक ग्रामीण का शव नाले में पड़ा हुआ मिला । मृतक की पहचान वीरेंद्र पाल ;35 पुत्र गिरेंद्र पाल निवासी गांव झब्बूपुर कोतवाली कायमगंज के रूप में घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के पिता ने ही की। नाले में पड़ा हुआ शव वहां से निकल रहे लोगों ने देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को निकलवाकर शिनाख्त हो जाने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक की जेब से एक देसी शराब का आधा भरा हुआ पऊवा तथा एक तंबाकू की पुड़िया एवं एक कीपैड फोन बरामद हुआ। मृतक परिवार का भरण पोषण मकानों की रंगाई पुताई के काम की मजदूरी करके करता था। वहीं कुछ ग्रामीण कह रहे थे की वीरेंद्र शराब पीने का आदी था । हो सकता है कि घटना से पहले इसने बहुत अधिक शराब पी हो और शराब के ही नशे में असंतुलित होकर नाले में गिर गया होगा।

# दबंगों ने ग्राम प्रधान पर किया जानलेवा हमला

**● बचाने आए चालक और प्रधान की पत्नी को भी पीटा**

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**सरकारी** बेशकीमती ज़मीन पर निगाह लगाए दबंगो नें आरआरसी भवन के लिए भूमि की पैमाइश कराने आए ग्राम प्रधान पर लाठी डण्डों से जानलेवा हमला कर दिया। प्रधान को बचाने में पत्नी और चालक भी घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुल्लिनखेड़ा मजरा अटवा में दबंग भूमाफ़िया के द्वारा क़ब्ज़ा की गयी ज़मीन की शिकायत ग्राम प्रधान ओमप्रकाश द्वारा की गयी थी। इसपर नायब तहसीलदार तथा पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पैमाइश के समय ग्राम प्रधान भी मौक पर पहुंचे। इसी बीच ग्राम मसूढ़ा निवासी नन्हक्के सिंहए द्विगपाल सिंह समेत एक दर्जन से अधिक लोग लाठी डण्डे लेकर वहां आ गए और ग्राम प्रधान पर हमला कर दिया। ग्राम प्रधान ओम प्रकाश को बचाने के लिए उनका ड्राइवर विनोद तथा पत्नी राजकुमारी दौड़ीं लेकिन इन लोगों ने उनपर भी हमला कर दिया जिससे सभी लोग घायल हो गए। किसी प्रकार पुलिसकर्मियों ने ग्राम प्रधान तथा पिट रहे लोगों को बचाया।

घायल ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव को स्वच्छ भारत मिशन फेस टू फेस के अंतर्गत चयनित किया गया है। ग्राम पंचायत ने आरआरसी सेंटर के निर्माण के लिए भूमि की आवश्यकता है। इस ज़मीन की चिह्नीकरण और पैमाइश के लिए वे मौके पर राजस्वकर्मियों के साथ आए थे जबकि इस भूमि पर कई पहुंच वाले लोगों ने कब्ज़ा कर रखा है। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गयी है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले की एफ्आईआर दर्ज नहीं हुई है। पुलिस ने मामले के संज्ञान में होने और जांच करने की बात स्वीकार की है।

# 2014 से पहले देश में अराजकता था माहौलः स्वतंत्र देव

**संवाददाता।** फतेहपुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विवेकानंद संदेश यात्रा का समापन समारोह सरदार पटेल प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के जल मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शिरकत की। उन्होने कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कहा कि जिस तरह से स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवन काल में भारत देश को उच्च स्तर पर देखने का सपना देखा था उसको देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे है। कार्यक्रम के बाद जल मंत्री ने कहा कि दो हज़ार चौदह के पहले यूपी में सपा आती थी तो बसपा जाती थी, बसपा जाती थी तो सपा आती थी। दो हज़ार चौदह के पहले मुंबई में बम फ्टते थे कभी ट्रेनों में कभी ताज होटल में राम मंदिर, मथुरा में और दो हज़ार सत्रह के पहले यूपी में दंगा रोज होता था और सड़कों पर खून बहा करता था। नौकरी के नाम पर मंत्री-विधायक के लेटर पर सिफ्रिश पर नौकरी दी जाती थी, जबसे यूपी में भाजपा की सरकार आयी है कही भी दंगा नही हुआ। सबका साथ सबका विकास के साथ अब पुलिस भर्ती में बिना सिफ्रिश के एक रिक्शा वाली की बेटी सिपाही बन रही है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जो सपना था उसको पूरा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जम्मू कश्मीर के श्रीनगर हो या विक्टोरिया महल में भारत माता के नारे लगवा कर तिरंगा फ्हरवाया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री शिवाराजे बुंदेला ने भी शिरकत कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर अध्यक्ष डा. सुशील केशरवानी, नगर मंत्री कु. ऋषिका तिवारी के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, खागा विधायक कृष्णा पासवान, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सर्दी में निराश्रित पशुओं की करें विशेष देखभाल: कृष्ण कुमार

**● विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने परखी गौशाला की हकीकत**

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)



अस्थाई गौशाला का निरीक्षण करते व गुड खिलाते अधिकारी।

**प्रदेश शासन** के निर्देश पर विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गौशाला केयरटेकर को सर्दी से बचाव के लिये निराश्रित पशुओं की विशेष देखभाल के निर्देश दिए। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित पालिका द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला में पहुंचे विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग कृष्ण कुमार गुप्ता, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कर्णवीर सिंह ने पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में भूसा, चारा, दाना, पेयजल और सर्दी से बचाव के लिए टीकाकरण व स्वास्थ्य परीक्षण आदि व्यवस्थाओं सहित गौशाला से संबंधित अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया जिसमें सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। निराश्रित पशुओं को सर्दी से बचाव के लिये अलाव जलता पाया गया तथा सभी गोवंश स्वस्थ पाए गए। जिस पर उन्होंने पालिका कर्मियों की सराहना की। इसके बाद उन्होनें गौवंशो को गुड खिलाया। इस अवसर पर प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, वीर सिंह, मनोज तिवारी, जगदीश सिंह, गौरव मिश्रा, जनार्दन मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# युवा दिवस पर तीन अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता शान्या को कामता सेवा समिति ने किया सम्मानित

**कानपुर देहात।** बेटियों को अवसर मिले तो वह भी गगन छू सकती हैं ऐसी ही एक छात्रा है रुरा निवासी शान्या जिसने अपने अध्ययन के दौरान तीन अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान और पदक प्राप्त करने के साथ ही अनेक कीर्तिमान स्थापित किए उक्त बात शिक्षा विद नरेंद्र द्विवेदी ने मर्चेंट चेम्बर हाल कानपुर में शान्या को राष्ट्रीय युवा दिवस पर मेडल, अंगवस्त्र और स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा प्रदान करके सम्मानित करते हुए कही। बताते चलें शान्या ने दक्षिण एशियाई देशों के मध्य भूटान से ग्रेपलिंग में स्वर्ण पदकए अन्तर्राष्ट्रीय रजत पदक, नेपाल से पर्यावरण योद्धा पुरस्कार के साथ ही चित्र कला में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से निबन्ध और चित्र कला में प्रथम पुरस्कार, चिड़ियाघर कानपुर नगर से प्रथम पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं।


# कानून व्यवस्था को कायम रखने हेतु 11 जनवरी से लागू हुई धारा 144

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), जे पी गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि इस वर्ष 14/15 जनवरी, 2024 को मकर संकान्ति, 17 जनवरी, 2024 को गुरू गोविन्द सिंह जयंती, माघ मेला, 14 जनवरी, 2024 से 22 जनवरी, 2024 तक रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जनपद में धार्मिक कार्यकमों का आयोजन, एवं 26 जनवरी, 2024 को गणतंत्र दिवस एवं जनपद में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में लोक व्यवस्था ध् शांति व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाये रखना अति आवश्यक है। जिसके दृष्टिगत लोक व्यवस्था ध् शान्ति व्यवस्था ध् जन सुरक्षा एवं जनजीवन को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की सम्पूर्ण सीमा में इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु में निषेधाज्ञाएं पारित की गई है जिसके अंतर्गत जनपद कानपुर देहात में किसी भी व्यक्ति/संस्था/संगठन द्वारा किसी कार्यक्रम/माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक सौमनस्य को बिगाड़ने का प्रयास नही किया जायेगा। जनपद में कोई भी ड्रोन कैमरा का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किये बिना नहीं करेगा, किन्तु सुरक्षा एजेन्सियां इससे मुक्त रहेंगी। ड्यूटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियों/ अधिकारियों और अन्य कर्मियों जो शासकीय अस्त्र.शस्त्र धारण करने हेतु अधिकृत है, को छोड़कर कोई भी व्यक्ति आग्नेय अस्त्र, विस्फोटक पदार्थ, लाठी बल्लम, भाला अथवा तेज धार वाले हथियार लेकर सार्वजनिक रूप से न तो विचरण करेगा और न ही किसी प्रकार से ऐसे अस्त्र.शस्त्रों का प्रदर्शन करेगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मलित नही होगा, जिसका उद्देश्य किसी विधि विरुद्ध गतिविधि में भाग लेना हो। न्यायालय के निर्णय के विरूद्ध किसी भी प्रकार की टीका.टिप्पणी नहीं की जायेगी। कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेन्स तेजाब व अन्य कोई पदार्थ जो विस्फोटक सामग्री की श्रेणी में आता है एकत्रित नहीं करेगा। साथ ही कंकड, पत्थर, खाली बोतलों, शीशे के टुकडे आदि ऐसी सामग्री का संग्रह, जिसका प्रयोग लोक व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए हो सकता है, अपने भवनों/छतों अन्य स्थानों आदि पर कहीं नही करेगा और न ही रखेगा। किसी व्यक्ति/संगठन द्वारा ऐसा कोई कार्यक्रम सार्वजनिक/निजी स्थल पर आयोजित नही किया झ जायेगाए जिससे किसी जाति/पंथ/संगठन/धर्म के अनुयायियों/व्यक्तियों की भावनाओं को आघात पहुंचे और साम्प्रदायिक/धार्मिक उन्माद की स्थिति उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था/दल/संगठन बिना पूर्व अनुमति कोई सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित नहीं करेगा और पूर्व प्रदत्त अनुमति में उल्लिखित निर्धारित स्थल, मार्ग व अवधि नहीं बदलेगा तथा न ही सभा में किसी प्रकार का भड़काऊ/अमर्यादित भाषण करेगाए किसी का पुतला नही जलायेगा एवं उसके सार्वजनिक स्थानों पर जलाने और इस प्रकार के अन्य कार्यो व प्रदर्शनों का समर्थन नही करेगा। पूर्व अनुमति के क्रम में आयोजित सभाओं एवं जुलूसों आदि में कोई ऐसा कार्य नही किया जायेगाए जिससे सामान्य जन को बाधा पहुंचे। परम्परागत पर्वो/ त्योहारों में जनसामान्य की शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्मिलित होने, विवाहोत्सव, शव यात्राओं या शासन के विभिन्न विभागों के प्रबंधाधीन आयोजित सांस्कृतिक/संस्थागत कार्यक्रम, ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/ कर्मचारी, सिक्ख समुदाय के लोग धार्मिक हथियार के रूप में कृपाण धारण करने व बूढ़े, दिव्यांग व्यक्ति व्यक्ति जो सहारे के लिए छडी या लाठी का प्रयोग करते है इस प्रतिबन्ध में मुक्त रहेंगे। कोई भी सभा/ रैली आदि ऐसे स्थान पर आयोजित नहीं की जायेगीए जहाँ कोई निषेधाज्ञा या प्रतिबन्धात्मक आदेश शासनए स्थानीय प्रशासन अथवा न्यायालय आदि द्वारा लागू किये गये हो तथा प्रभावी हो। किसी भी प्रकार के समारोह/ कार्यक्रम/ जुलूस आदि सार्वजनिक स्थलों में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों जैसे लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग किसी भी दशा में बिना पूर्व अनुमति के नही करेगा एवं पूर्व अनुमति की दशा में भी अनुमति की शर्तों का उल्लघंन नहीं किया जायेगा।

# राम मंदिर का निर्माण नियति ने तय किया, इसके लिए मोदी को चुना

**● एक दिव्य स्वप्न की पूर्ति में आडवाणी ने राम मंदिर निर्माण के लिए 33 साल पहले निकाली गई रथ यात्रा का किया जिक्र**

**भाषा।** नई दिल्ली



**भाजपा** के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने राष्ट्र धर्म पत्रिका के आगामी विशेष संस्करण में प्रकाशित एक लेख में कहा है कि नियति ने तय किया था कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनाया जाएगा और उसने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुना। अपने लेख राम मंदिर निर्माण, एक दिव्य स्वप्न की पूर्ति में आडवाणी (96) ने राम मंदिर निर्माण के लिए 33 साल पहले निकाली गई रथ यात्रा का जिक्र किया और कहा कि उनका मानना है कि अयोध्या आंदोलन उनकी राजनीतिक यात्रा में सबसे निर्णायक और परिवर्तनकारी घटना थी जिसने उन्हें भारत को फिर से खोजने और इस प्रक्रिया में खुद को फिर से समझने का मौका दिया। राम मंदिर आंदोलन में सबसे आगे रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को भी याद करते हुए कहा कि उन्हें अयोध्या में राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले उनकी कमी खल रही है।

एक सूत्र के मुताबिक, आडवाणी ने अपने लेख में कहा है, आज रथ यात्रा को 33 साल पूरे हो गए। 25 सितंबर 1990 की सुबह जब हमने रथ यात्रा शुरू की थी, तब हमें नहीं पता था कि भगवान राम के प्रति जिस आस्था के साथ हम यह यात्रा शुरू कर रहे हैं, वह देश में एक आंदोलन का रूप ले लेगी। सूत्रों ने कहा कि 16 जनवरी को 76 साल पुरानी हिंदी पत्रिका राष्ट्र धर्म के विशेष संस्करण में प्रकाशित होने वाले अपने लेख में आडवाणी ने उल्लेख किया है कि मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरी रथ यात्रा के दौरान उनके साथ थे। सूत्र के मुताबिक आडवाणी ने कहा, तब वह बहुत प्रसिद्ध नहीं थे। लेकिन उसी समय भगवान राम ने अपने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए अपने भक्त (मोदी) को चुना था। आडवाणी ने कहा, उस समय मुझे लगा कि नियति ने तय कर लिया है कि एक दिन अयोध्या में श्री राम का भव्य मंदिर जरूर बनेगा। उन्होंने कहा, खैर, अब यह केवल समय की बात है। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित होने वाला है।

समारोह के लिए प्रधानमंत्री मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, देश भर के हजारों संतों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अयोध्या में एक लाख से अधिक भक्तों के आने की उम्मीद है। आडवाणी ने कहा, जब प्रधानमंत्री मोदी मंदिर में (भगवान राम की मूर्ति की) प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, तो वह हमारे भारत के प्रत्एक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे। मैं प्रार्थना करता हूं कि यह मंदिर सभी भारतीयों को श्री राम के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा, रथ यात्रा के दौरान, कई अनुभव हुए जिन्होंने मेरे जीवन को प्रभावित किया। दूर-दराज के गांवों से अज्ञात लोग रथ को देखने के बाद भावना से अभिभूत होकर मेरे पास आते थे। वे प्रणाम करते थे, भगवान राम के नाम का जप करते थे और चले जाते थे।

उन्होंने कहा, यह एक संदेश था कि ऐसे कई लोग थे जिन्होंने राम मंदिर का सपना देखा था... 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ, उन ग्रामीणों की दबी हुई इच्छाएं भी पूरी हो जाएंगी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के मुताबिक आडवाणी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। एक सूत्र ने पत्रिका में आडवाणी के लेख का जिक्र करते हुए कहा, उन्होंने इस क्षण को लाने, भव्य राम लला मंदिर बनाने और अपने संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी है। सूत्रों ने बताया कि आडवाणी के लेख के साथ पत्रिका के विशेष संस्करण की एक प्रति उन सभी लोगों के साथ साझा की जाएगी जो अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने किसानों से खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में आने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली




**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को किसानों को खाद्य प्रसंस्करण के व्यवसाय में आने की सलाह दी और कहा कि मंडियों में ही उपज बेचना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों के बच्चों को कृषि उपज बेचने के व्यवसाय में आना चाहिए और खाद्य प्रसंस्करण का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूध बेचना ही पर्याप्त नहीं है और उन्हें पनीर, मक्खन, दूध और लस्सी जैसे उप-उत्पादों को बनाने का प्रयास करना चाहिए।

संसद भवन परिसर में हरियाणा के किसानों के एक समूह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने विभिन्न कृषि और डेयरी उत्पादों का उत्पादन और बिक्री करने वाले विभिन्न स्टार्ट-अप का उल्लेख किया। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि किसान अपनी उपज बेचने के व्यवसाय में क्यों नहीं उतर सकते। धनखड़ ने कृषक समुदाय से विभिन्न सरकारी योजनाओं को समझने और उनका पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, कई बार टमाटर की अधिकता होने पर फसल को सड़कों पर फेंक दिया जाता है। इसका इस्तेमाल चटनी बनाने में करें।

# श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के लिए दो ट्रकों में सब्जी अयोध्या रवाना

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को हरी सब्जी से भरे दो ट्रकों को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ द्वारा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए हरी सब्जी से भरे दो ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया उन्होंने बताया कि इन दो ट्रकों में 20 टन सब्जी छत्तीसगढ़ से भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या धाम भेजी जा रही है। इससे पहले साय ने श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए 30 दिसंबर को 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल रवाना किया था। धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ को भगवान श्रीराम का ननिहाल माना जाता है। विद्वानों के अनुसार भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के दौरान छत्तीसगढ़ में कई स्थानों से होकर गुजरे थे। राजधानी रायपुर से लगभग 27 किलोमीटर स्थित चंदखुरी गांव को भगवान श्रीराम की मां माता कौशल्या की जन्मस्थली माना जाता है। गांव में स्थित प्राचीन माता कौशल्या मंदिर को पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान भव्य रूप दिया गया था। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार ने राज्य में श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू करने का फैसला किया है। इस योजना के तहत प्रति वर्ष लगभग 20 हजार यात्रियों को श्री रामलला दर्शन के लिए यात्रा पर ले जाया जाएगा। राज्य में पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने मोदी की गारंटी के नाम से अपना संकल्प पत्र जारी किया था। जिसमें राज्य में सरकार बनने पर प्रदेशवासियों को अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन कराने का वादा किया गया था।

# राजस्थान में विकास कार्यों को गति देगी भाजपा की डबल इंजन सरकार: वैष्णव



**जयपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि 2014 से पहले तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने राजस्थान जैसे बड़े राज्यों की पूरी तरह अनदेखी की और इस प्रदेश में अब भाजपा की डबल इंजन सरकार विकास को गति देगी। वैष्णव ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार आने के बाद रेलवे के विकास कार्यों का बजट कई गुना बढ़ा है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, वर्ष 2014 तक तत्कालीन संप्रग सरकार ने राजस्थान जैसे बड़े राज्यों की पूरी तरह से अनदेखी की। अब राजस्थान में 83 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है तथा राज्य में डबल इंजन सरकार बनने से इस काम में अब और तेजी आएगी। जयपुर रेलवे स्टेशन के चल रहे पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार, रेलवे स्टेशनों का संपूर्ण कायाकल्प किया जा रहा है। हमारा ध्यान रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने की ओर है। उन्होंने कहा कि सांगानेर रेलवे स्टेशन को भी अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। रेल मंत्री ने कहा कि अब राज्य की डबल इंजन सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि मुख्य सचिव और रेलवे महाप्रबंधक महीने में एक बार बैठक करेंगे। वैष्णव ने बाद में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में एक विजन बनाकर अमृत भारत स्टेशन योजना 2023 में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत देशभर के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय बनाने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राजस्थान के लिए 9500 करोड़ रुपए का रेलवे बजट पास किया था। इसी के तहत राज्य के 83 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के तहत विश्वस्तरीय बनाने का काम चल रहा है। जिसमें से करीब 25-30 रेलवे स्टेशनों का काम पूरा कर लिया गया है। वैष्णव ने कहा कि आज जयपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने का प्रस्ताव रखा था।

## सोरेन के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, आदिवासी समाज इसका सबसे बड़ा शिकार: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में राज्य में कानून-व्यवस्था की विफलता और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। विपक्षी दल ने यह भी कहा कि राज्य में मौजूदा हालात का सबसे बड़ा शिकार आदिवासी समाज है। भाजपा ने आरोप लगाया कि अपनी शहरी नक्सल मानसिकता के साथ, सोरेन ने सामाजिक-आर्थिक बदहाली और अराजकता का माहौल बनाने के लिए कांग्रेस की मदद से हर संभव प्रयास किया है। भाजपा ने यह भी दावा किया कि स्थिति वैसी ही है जैसी इंडिया गठबंधन सहयोगियों द्वारा शासित अन्य राज्यों में है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, झारखंड में जिस तरह की बदहाली देखी जा रही है, वह एक बार फिर देश में सभी को याद दिलाती है कि इंडिया गठबंधन से दूरी बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है।

## क्विक न्यूज

### भारत में कोविड के उपस्वरूप जेएन-1 के मामलों ने एक हजार के आंकड़े को पार किया

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 के जेएन.1 उपस्वरूप के मामलों की संख्या एक हजार के पार हो गई है। उत्तर प्रदेश भी उन 16 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में शामिल हो गया जहां इस उपस्वरूप के मामले सामने आए हैं। इंडियन सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (इंसाकॉग) ने यह जानकारी दी। कर्नाटक में इस उपस्वरूप के सबसे अधिक 214 मामले सामने आए हैं जबकि महाराष्ट्र में 170, केरल में 154, आंध्रप्रदेश में 189, गुजरात में 76, तमिलनाडु में 88 और गोवा में 90 ऐसे रोगियों का पता चला है। तेलंगाना और राजस्थान में जेएन.1 उपस्वरूप के 32-32 मामले सामने आए हैं। छत्तीसगढ़ में जेएन.1 उपस्वरूप के 25, दिल्ली में 16, उप्र में सात, हरियाणा में पांच, ओडिशा में तीन, पश्चिम बंगाल में दो और उत्तराखंड में एक व्यक्ति कोविड के इस उपस्वरूप की चपेट में आया है। देश के 16 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में अब तक जेएन. उपस्वरूप के कुल 1104 मामलों का पता चला है। केंद्र ने राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से कोविड मामलों में वृद्धि और जेएन.1 उपस्वरूप के मामलों का पता चलने के मद्देनजर निरंतर निगरानी बनाए रखने को कहा है। राज्यों से आग्रह किया गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उन्हें कोविड-19 की संशोधित निगरानी रणनीति के तहत जो विस्तृत दिशानिर्देश भेजे हैं, वे उनका प्रभावी तरीके से अनुपालन सुनिश्चित करें। राज्यों को सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर इंफ्लुएंजा रूग्णता और गंभीर सांस संबंधी परेशानियों के मामलों की नियमित रूप से निगरानी करने और जिलावार उनकी रिपोर्ट भेजने को भी कहा गया है, ताकि मामलों के तेजी से बढ़ने पर नजर रखी जा सके।

### अदालत ने पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित करने को कहा

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह को यह सुनिश्चित करने का शुक्रवार को निर्देश दिया कि पुलिस अधिकारियों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे बेहतर जांच कर सकें। डीजीपी को अदालत ने पेश होने के लिए कहा था। डीजीपी ने पीठ को आश्वासन दिया कि मामलों की जांच करने वाले अधिकारियों को मार्गदर्शन और प्रशिक्षित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। न्यायमूर्ति राजेश कुमार गिरिडीह के पचंबा खंड में प्राथमिक कृषि ऋण सोसायटी (पीएसीएस) के प्रबंधक के रूप में तैनात संतोष यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। ऑडिट के दौरान पीएसीएस में कुछ कथित अनियमितताएं पाई गईं थीं।गिरिडीह के उपायुक्त ने पचंबा प्रखंड के पीएसीएस पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके बाद यादव ने अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। अदालत ने जांच अधिकारी द्वारा की गई दोषपूर्ण जांच पर गौर किया। पीठ ने कहा कि पुलिस ने जांच करते समय आरोपी का इकबालिया बयान दर्ज किया जो उचित नहीं लगता। अदालत ने कहा था कि पुलिस को गहन जांच करने की जरूरत है। डीजीपी को अदालत में तलब किया। यादव को दिन में उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई।

### मादक पदार्थ खरीदने के लिए परिवार ने पैसे नहीं दिए तो एक व्यक्ति ने घर ही फूंक डाला

**नगांव (असम)।** असम के नगांव जिले में मादक पदार्थ खरीदने के लिए परिवार से पैसे नहीं मिलने पर नशे के आदी एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपने घर में आग लगा दी। जिले के मोरोनजिएल पाथर क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम यह घटना घटी।अधिकारी ने बताया, आरोपी ने मादक पदार्थ खरीदने के लिए अपने परिवार के सदस्यों से पैसे मांगे थे। जब उन्होंने मना कर दिया तब उसने शुरू में गंभीर परिणाम की धमकी दी और बाद में उसने घर को फूंक देने की भी धमकी दी। उसके बाद भी जब परिवार ने उसकी बात नहीं मानी तब उसने वाकई में घर में आग लगा दी। अधिकारी ने कहा, मकान आग में पूरी तरह जल गया था। हमने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और कानूनी कार्यवाही शुरू की गई है। उनके अनुसार पड़ोसियों ने बताया कि पहले भी जब 27 वर्षीय इस आरोपी को मादक पदार्थ खरीदने के वास्ते पैसे देने से उसकी मां और भाई ने मना किया था, तब उसने मां हमला किया था और भाई को धमकी दी थी।

## असम के उत्तर कछार पर्वतीय स्वायत्त परिषद में भाजपा का सत्ता बरकरार रखना लगभग तय

**हाफलांग (असम)।** भाजपा का असम के उत्तर कछार पर्वतीय स्वायत्त परिषद (एनसीएचएसी) में सत्ता बरकरार रखना लगभग तय है। भाजपा ने दिमा हसाओ जिले के 30 सदस्ईय शासी निकाय में 19 सीटें पहले ही हासिल कर ली हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि मतों की गिनती शुक्रवार सुबह 8 बजे शुरू हुई, जो अभी भी जारी है क्योंकि मतदान मतपत्रों के जरिए हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि भाजपा अब तक 13 सीटें जीत चुकी है और अन्य सीटों पर भी आगे चल रही है। भाजपा के छह उम्मीदवारों ने निर्विरोध चुनाव जीत लिया था, जिससे पार्टी की सीटों की संख्या पहले ही 19 हो गई और वह आधे के आंकड़े को पार कर गई है।एनसीएचएसी में 30 सदस्य हैं, जिनमें से 28 निर्वाचित और दो मनोनीत होते हैं। 13वीं एनसीएचएसी के लिए मतदान 8 जनवरी को हुआ था और 85.78 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। मतदान दिमा हसाओ जिले के 22 निर्वाचन क्षेत्रों के 231 मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ था।

## पश्चिम बंगाल पुलिस ने दस लाख रुपए के इनामी माओवादी नेता को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने पुरूलिया जिले से माओवादी नेता सब्यसाची गोस्वामी उर्फ किशोर को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गोस्वामी को झारखंड सीमा के पास बाघमुंडी थानाक्षेत्र में चौनिया गांव के पास एक जंगल से बृहस्पतिवार रात को गिरफ्तार किया गया और उसपर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित था। हमे झारखंड सीमा के समीप जंगलों में उसकी आवाजाही की सूचना मिली थी। हमने छापा मारा और उसे चौनिया के पास जंगल से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से कुछ कारतूस, एक पिस्तौल एवं कुछ दस्तावेज बरामद किए गए हैं। गोस्वामी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अति वांछितों की सूची में था और उस पर 10 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी। आईपीएस अधिकारी ने बताया कि गोस्वामी बांकुरा, पुरूलिया, झारग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर के कुछ क्षेत्रों समेत बंगाल के विभिन्न जिलों में माओवादियों को फिर से संगठित करने का प्रयास कर रहा था।

गोस्वामी की गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता है क्योंकि वह बंगाल में माओवादी आंदोलन को फिर से संगठित करने का प्रयास कर रहा था। वह उसके लिए धन जुटा रहा था। माओवादियों के बीच किशोरदा नाम से लोकप्रिय गोस्वामी दक्षिण 24 परगना जिले के सोदेपुर रोड इलाके का रहने वाला है और उसकी उम्र करीब 55 साल है। गोस्वामी 2000 में संगठन की कोलकाता सिटी समिति का सचिव निर्वाचित हुआ था और वह 2003-04 में राज्य समिति का हिस्सा था। उसे हाल ही में संगठन के पूर्वी क्षेत्रीय रीजनल ब्यूरो का प्रभार दिया गया था। उसे 2005 और 2013 में सीआईडी द्वारा, 2018 में पश्चिम मेदिनीपुर के गोअल्तोरे से बंगाल एसटीएफ द्वारा तथा तीन साल बाद फिर असम से एक केंद्रीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

## कुर्सी जाने के डर से कराई भाजपा नेता की हत्या, कांग्रेस नेता समेत 11 गिरफ्तार

**भाषा।** कांकेर

**छत्तीसगढ़** के कांकेर जिले की पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता असीम राय की हत्या के आरोप में कांग्रेस नेता और पखांजूर नगर पंचायत के अध्यक्ष समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिसके लिए अध्यक्ष भाजपा नेता को जिम्मेदार मान रहा था। कुर्सी के लिए लड़ाई ही इस हत्या की वजह बनी।

कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस महीने की सात तारीख को पखांजूर कस्बे में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष असीम राय की हत्या के मामले में पुलिस ने कांग्रेस नेता और नगर पंचायत अध्यक्ष बप्पा गांगुली (57), कांग्रेस पार्टी के पार्षद विकास पाल (47) और जितेंद्र बैरागी (37) समेत 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पटेल ने बताया कि असीम राय पर गोली चलाने वाला विकास तालुकदार फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सात जनवरी को पखांजूर के पुराना बाजार इलाके में असीम राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान एसआईटी ने पखांजूर शहर के सभी सीसीटीव्ही का अवलोकन किया तब जानकारी मिली कि मोटरसाइकिल सवार दो आरोपियों ने घटना के दिन असीम राय का उनके कॉम्प्लेक्स से घर जाने के दौरान पीछा किया और मोटरसाइकिल में पीछे बैठे आरोपी ने राय पर गोली चलाकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गोली चलाने वाले आरोपी की पहचान विकास तालुकदार के रूप में की और बाद में उसके एक मित्र नीलरतन मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान मंडल ने हत्या के लिए रचे गए षड़यंत्र की जानकारी पुलिस को दी।

## पेज 1 का शेष

### पीएम मोदी ने....

मोदी ने अपनी व्यस्तताओं और जिम्मेदारियों के बावजूद धर्मग्रंथों में वर्णित सभी निर्देशों का सख्ती से पालन करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने कहा, इसके लिए, प्रधानमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा के लिए 11 दिन के यम नियम का पालन शुरू कर दिया है। यम नियम के तहत इसका पालन करने वालों के लिए योग, ध्यान और विभिन्न पहलुओं में अनुशासन सहित कई कठोर उपायों का वर्णन है। अधिकारी ने कहा कि मोदी अपने दैनिक जीवन में इनमें से कई अनुशासन का पालन करते हैं, जिनमें सूर्योदय से पहले ब्रह्म मुहूर्त में जागना, ध्यान करना और सात्विक भोजन करना शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह नासिक में धाम-पंचवटी से अनुष्ठान शुरू करेंगे जिसके बारे में माना जाता है कि भगवान राम ने वहां लंबा समय व्यतीत किया था। उन्होंने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद की जयंती भी है। मोदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ही तो थे जिन्होंने हजारों वर्षों से आक्रांतित भारत की आत्मा को झकझोरा था और आज वही आत्म-विश्वास भव्य राम मंदिर के रूप में हमारी पहचान बनकर सबके सामने है। उन्होंने कहा कि आज मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की मां माता जीजाबाई की जयंती भी है। मोदी ने कहा कि उन्हें अपनी मां की याद आना भी स्वाभाविक है जिन्होंने जीवन के अंत तक माला जपते हुए सीता-राम का नाम जपा।उन्होंने कहा कि जब वह उस पवित्र पल के साक्षी बनेंगे तो उनके मन में 140 करोड़ भारतीय और उन अनगिनत लोगों की यादें होंगी जिनका एकमात्र ध्येय राम मंदिर का निर्माण रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता भी ईश्वर का एक रूप है और वह उनकी ऊर्जा साथ लेकर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। उन्होंने लोगों से अपने विचार साझा करने और उन्हें आशीर्वाद देने का भी अनुरोध किया।

### रामलला कै...

जिसमें भक्ति और शिल्प कौशल का सार है।भागवत ने कहा कि प्रत्येक दिन राम लला की पोशाक के लिए एक विशिष्ट रंग के लिए समर्पित है। सोमवार के लिए सफेद, मंगलवार के लिए लाल, बुधवार के लिए हरा, गुरुवार के लिए पीला, शुक्रवार के लिए क्रीम, शनिवार के लिए नीला और रविवार के लिए गुलाबी रंग की सिलाई की जाती है। साप्ताहिक रंग कोड का यह पालन पोशाक में एक प्रतीकात्मक और आध्यात्मिक आयाम जोड़ता है।चूँकि अयोध्या आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व का केंद्र बिंदु बनी हुई है, देवता से जुड़े प्रत्येक तत्व की सावधानीपूर्वक तैयारी इस पवित्र शहर में व्याप्त भक्ति और श्रद्धा के प्रमाण के रूप में मौजूद है।

### पारा पांच....

(सामान्य से एक डिग्री अधिक) दर्ज किया गया। आईएमडी अधिकारी ने कहा कि सूरज की रोशनी ने दिन के समय तापमान को थोड़ा बढ़ाने में मदद की, लेकिन साफ ??आसमान ने रात में तापमान को कम करने में मदद की, जिसके कारण पिछले दो दिनों से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कंपकंपी रही। उन्होंने कहा, 'शनिवार से न्यूनतम तापमान फिर से बढ़ने की संभावना है क्योंकि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी मैदानी इलाकों में बादल लेकर आएगा।'

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कई हिस्सों में बहुत घना कोहरा छाया रहा, जिससे सुबह 4.30 बजे से चार घंटे से अधिक समय तक हवाई अड्डे पर दृश्यता शून्य हो गई। घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ। सैटेलाइट इमेजरी में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार पर कोहरे/निचले स्तर के बादलों की एक परत दिखाई दी, जो पूर्वोत्तर भारत तक फैली हुई है। ओडिशा में भी कोहरे के टुकड़े दिखाई दे रहे हैं।दिल्ली-एनसीआर को गुरुवार को कुछ राहत मिली जब कोहरे की पतली परत के बीच सूरज चमका, लेकिन ठंडी हवाओं ने तापमान को नीचे गिरा दिया। आईएमडी ने कहा, 'लगभग दो सप्ताह के ऊपरी स्तर के घने कोहरे के बाद आसमान साफ ??होने के साथ यह सतह के करीब बन गया, जिससे दिन ठंडे हो गए। वही कोहरा रात में गर्मी के पर्याप्त नुकसान को रोकता है, न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट नहीं होने देता है।'पिछले वर्ष 11 जनवरी तक इसी अवधि में न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। 2023 (8 जनवरी) में न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस था, 4.2 2022 में (1 जनवरी) डिग्री सेल्सियस, 2021 में 1.1 डिग्री सेल्सियस (1 जनवरी), 2020 में 2.4 डिग्री सेल्सियस (1 जनवरी) और 2019 (1 जनवरी) में 4 डिग्री सेल्सियस। इस साल 1 जनवरी को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 10.1सेल्सियस था।आईएमडी ने कहा कि दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पालम वेधशाला में दृश्यता का स्तर शून्य हो गया। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा, सफदरजंग हवाई अड्डे पर 200 मीटर की दूरी तक देखा जा सकता है। शून्य दृश्यता के कारण 50 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। हालांकि दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने एक सलाह जारी कर यात्रियों से हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले उड़ान की जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने का आग्रह किया। दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता प्रक्रिया जारी है। सभी उड़ान परिचालन फिलहाल सामान्य हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अद्यतन उड़ान जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। रेलवे के अनुसार, दिल्ली और विभिन्न राज्यों में मौसम संबंधी स्थितियों के कारण दिल्ली आने वाली 23 ट्रेनें एक से 10 घंटे की देरी से चलीं।'ठंडा दिन' तब होता है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम या उसके बराबर होता है और अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री नीचे होता है। 'गंभीर ठंडा दिन' वह होता है जब अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 6.5 डिग्री नीचे होता है।

### ईडी ने...

अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'प्रतिशोध की राजनीति और हताशापूर्ण चाल' बताया।टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने कहा, 'यह विभिन्न ज्वलंत मुद्दों से जनता और मीडिया का ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा बढ़ते जन असंतोष को भांप लिया है और अपनी असफलता को छिपाने के लिए हर संभव तरीके का उपयोग कर रही है। यह प्रतिशोध की राजनीति का स्पष्ट उदाहरण है।'टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल की उद्योग मंत्री शशि पांजा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल स्पष्ट है कि केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है।'भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के नेताओं ने टीएमसी के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, 'जब भी ईडी या सीबीआई टीएमसी नेताओं के यहां छापा मारती है तो वे इस तरह की बातें करते हैं और इसे राजनीति से प्रेरित होने का आरोप लगाते हैं। वास्तविकता यह है कि टीएमसी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है और उनका लगभग हर नेता भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है।'भाजपा सांसद दिलीप घोष ने कहा कि यह खेला होबे की शुरुआत है। उन्होंने कहा, 'हम (टीएमसी का) खेला होबे के नारे के बारे में सुन रहे हैं। असली खेला होबे अब शुरू हुआ है। जो लोग इस खेल में शामिल हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।' विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बोस से अपना 'सामान बांधकर' रखने के लिए कहा। भाजपा के वरिष्ठ नेता अधिकारी ने कहा, 'ईडी ने कुछ सूचनाओं के आधार पर उनके आवास पर छापा मारा है। अगर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है तो उन्हें अपना सामान बांधकर रखना चाहिए।'केंद्रीय एजेंसियों ने हाल में नगर निकायों में भर्ती में कथित अनियमितता को लेकर खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रथिन घोष और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम के आवास सहित विभिन्न स्थानों पर छापे मारे थे। टीएमसी के वरिष्ठ मंत्री पार्थ चटर्जी और नेता अनुब्रत मंडल को 2022 में भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में केंद्रीय एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था। राशन वितरण घोटाले में राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को पिछले साल 27 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था।

# अमेरिकी हमलों में पांच हुती विद्रोही मरे

**छह अन्य घायल, यमन हुती विद्रोह**

**भाषा।** दुबई



**लाल सागर से** गुजरने वाले जहाजों पर यमन के हुती विद्रोहियों के हमलों के जवाब में इन विद्रोहियों पर अमेरिका के नेतृत्व में हवाई हमले किए गए। इसने शुक्रवार को दुनिया का ध्यान यमन में वर्षों से जारी युद्ध पर एक बार फिर से आकृष्ट किया, जबकि गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध से पश्चिम एशिया में तनाव पहले से ही बढ़ा हुआ है। हुती विद्रोहियों की ओर से कहा गया कि इन हमलों में कम से कम पांच लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। ईरान समर्थित विद्रोहियों के कब्जे वाले कई ठिकानों पर बमबारी के बीच, सऊदी अरब ने स्वयं को इन हमलों से दूर करने की कोशिश की क्योंकि वह ईरान के साथ सौहार्द बनाए रखना चाहता है और यमन युद्ध में संघर्ष विराम चाहता है। साथ ही सऊदी अरब इस युद्ध से अंततः हटना चाहता है। इस हमले से हमास पर इजराइल के युद्ध को लेकर क्षेत्रीय संघर्ष भड़कने का भी खतरा है, जिसे अमेरिका के बाइडन प्रशासन और उसके सहयोगी कई हफ्तों से शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी नौसेना ने कुछ दिन पहले हिंद महासागर के सुदूर इलाके में एक जहाज पर हमले की बात स्वीकार की थी। यह एक ऐसा हमला था जो ईरान की इजराइल-हमास संघर्ष को लेकर व्यापक समुद्री अभियान के तहत जहाजों पर हमला करने की इच्छा का संकेत दे सकता है। तेहरान ने बृहस्पतिवार को एक और टैंकर को जब्त कर लिया जो इस्लामिक गणराज्य के परमाणु कार्यक्रम पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण अमेरिका द्वारा ईरान तेल को जब्त करने से संबंधित एक संकट में पहले से शामिल था। यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी हमलों से कितना नुकसान हुआ है, हालांकि हुती विद्रोहियों की ओर से कहा गया है कि एयरफील्ड सहित कम से कम पांच स्थलों पर हमला किया गया है। ब्रिटेन के अनुसार उसने इन हमलों के जरिए बानी में एक स्थल को निशाना बनाया जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर हुती ड्रोन उड़ाने के लिए कर रहे थे। साथ ही ब्रिटेन ने कहा कि उसने एब्स में उस एयरफील्ड को भी निशाना बनाया जिसका इस्तेमाल क्रूज मिसाइल दागने और ड्रोन उड़ाने के लिए किया गया था। हुती के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी हुसैन अल-एजी ने अमेरिका और ब्रिटेन के जहाज, पनडुब्बियों और युद्धक विमानों द्वारा बड़े पैमाने पर आक्रामण की पुष्टि की। अल-एजी ने ऑनलाइन लिखा, अमेरिका और ब्रिटेन को निस्संदेह भारी कीमत चुकाने और इस ज़बरदस्त आक्रामकता के गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

## फलस्तीनियों के नरसंहार के आरोपों पर अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में इजराइल ने किया अपना बचाव

**भाषा।** द हेग (नीदरलैंड)

**फलस्तीनियों का** नरसंहार करने के आरोपों का सामना कर रहे इजराइल ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र के न्यायालय से कहा कि गाजा में इसका युद्ध इसके लोगों की न्यायसंगत रक्षा करने के लिए लड़ा जा रहा है। इजराइल ने यह भी कहा कि हमास आतंकी नरसंहार के दोषी हैं। इजराइल ने दक्षिण अफ्रीका द्वारा लगाए गए आरोपों को पाखंडपूर्ण बताया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय अदालत के सामने आए आए इस मामले ने बदली हुई दुनिया को प्रदर्शित किया है। इजराइली नेताओं ने हमास के 7 अक्टूबर के हमले के न्यायसंगत जवाब के रूप में गाजा में किए गए अपने हवाई और जमीनी हमले का बचाव किया। इजराइल पर किए गए हमास आतंकियों के इस हमले में लगभग ।,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया। इजराइली कानूनी सलाहकार ताल बेकर ने हेग के पैलेस ऑफ पीस के खचाखच भरे सभागार में कहा कि देश एक ऐसा युद्ध लड़ रहा है, जिसे उसने शुरू नहीं किया था और न ही चाहता था। उन्होंने कहा, इन परिस्थितियों में, इजराइल के खिलाफ नरसंहार के आरोप से अधिक झूठा और अधिक द्वेषपूर्ण आरोप शायद ही कोई हो सकता है। दक्षिण अफ्रीका के वकीलों ने एक दिन पहले, अदालत से 23 लाख की आबादी वाले तटीय क्षेत्र गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य अभियानों को तत्काल रोकने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया था।

## क्विक न्यूज

### महामारी के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा

**सियोल।** कोविड-19 महामारी के चलते 2020 में लॉकडाउन लगाए जाने के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। रूस सरकार संचालित तास समाचार एजेंसी द्वारा प्रकाशित खबर रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सहयोग को उजागर करती है। पिछले साल सितंबर में रूस के सुदूर पूर्व में एक कॉस्मोड्रोम में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बैठक के बाद पर्यटकों की यात्रा शुरू होने वाली है। तास की खबर में पर्यटकों की यात्रा के समय के बारे में नहीं बताया गया है लेकिन विश्लेषकों को इससे हैरानी हुई है जिन्होंने उम्मीद जताई थी कि उत्तर कोरिया महामारी के बाद पहले चीनी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। उत्तर कोरिया का सबसे करीबी मददगार और सहयोगी चीन है। तास की खबर के मुताबिक पर्यटक पूर्वी तट पर उत्तर कोरिया के मासिकपास की यात्रा करेंगे, जहां देश का सबसे आधुनिक स्की रिसॉर्ट स्थित है। इसमें कहा गया है कि यह यात्रा रूस के प्राइमरी क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेमायाको और उत्तर कोरियाई अधिकारियों के बीच हुए समझौते के तहत आयोजित की गई है। किम-पुतिन की शिखर वार्ता के बाद से द्विपक्षीय आदान-प्रदान के तहत आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने पर बातचीत के लिए कोझेमायाको ने दिसंबर में उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग की यात्रा की।

### ग्लोबल एडटेक प्रदान करेगा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**ग्लोबल।** बेहतरीन डीपटेक प्रोग्राम बनाने वाली ग्लोबल एडटेक कंपनी टैलेंटस्प्रिंट अग्रणी तकनीकी कंपनियों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रीमियम कैरियर के अवसरों तक पहुंच को आसान बनाने के लिए कार्य कर रही है। निष्पक्ष टेक लैंडस्केप बनाने और वैश्विक कंपनियों के डीईआई, विविधता, इक्विटी और समावेश मिशनों को सामने लाने के अपने मूल दर्शन के अनुरूप, टैलेंटस्प्रिंट ने गूगल के सहयोग से अपने महिला इंजीनियर कार्यक्रम के छठे बैच के शुभारंभ की घोषणा की है। छठी बैच देश भर की अलग-अलग सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाली प्रथम वर्ष की महिला इंजीनियरिंग छात्राओं के लिए 200 सीटें प्रदान करेगी। कार्यक्र म में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति शामिल है जो प्रोग्राम फीस को कवर करती है, और साथ ही अतिरिक्त रूप से 100-000 रुपये की नकद छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। इंजीनियरिंग महिला कार्यक्रम उन महिलाओं को प्रोत्साहित और समर्थन करता है जो एक ऐसे क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं जहाँ लैंगिक विविधता के चलते पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम है। वित्तीय सहायता और विशिष्ट अवसर प्रदान करके कार्यक्रम महत्वाकांक्षी और योग्य महिला इंजीनियरों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। घोषणा पर टिप्पणी करते हुए गूगल के वीपी जीएम शिव वेंकटरमन ने कहा'कि एक इन्क्लूसिव और रिप्रेजेन्टेटिव टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम आज पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है, क्योंकि दुनिया भर के लोगों के अनुभव इसके इनोवेशन और प्रगति से तेजी से प्रभावित हो रहे

### म्यांमा की सेना और जातीय गुरिल्ला समूहों के बीच तत्काल संघर्षविराम पर सहमति

**बीजिंग।** म्यांमा की सेना और वहां के जातीय अल्पसंख्यक गुरिल्ला समूहो के गठबंधन के बीच देश के पूर्वोत्तर में जारी लड़ाई को रोकने के लिए तत्काल संघर्षविराम समझौते पर सहमति बन गई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। म्यांमा की सैन्य सरकार ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि म्यांमा की सीमा से लगभग 400 किलोमीटर दूर चीन की एक प्रांतीय राजधानी कुनमिंग में बुधवार और बृहस्पतिवार को चीन की मध्यस्थता में हुई बातचीत में यह समझौता हुआ। उन्होंने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, चीन को उम्मीद है कि म्यांमा में संबंधित पक्ष ईमानदारी से समझौते को लागू करेंगे, एक-दूसरे के प्रति अधिकतम संयम बरतेंगे और बातचीत तथा परामर्श के माध्यम से मुद्दों को हल करेंगे। म्यांमा की सत्तारूढ़ सैन्य परिषद के प्रवक्ता मेजर जनरल ज़ॉ मिन तुन ने पत्रकारों को दिए एक ऑडियो नोट में कहा कि दोनों पक्षों ने कुनमिंग में बैठक की और बातचीत के बाद अस्थाई संघर्षविराम समझौते पर सहमत हुए। उन्होंने कहा,हम चर्चा जारी रखेंगे। हम संघर्षविराम को मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे।

### लंदन के मेयर पद के लिए चुनाव मैदान में उतरेंगे भारतीय मूल के दो कारोबारी

**लंदन।** लंदन के मेयर पद के लिए निवर्तमान मेयर सादिक खान को चुनौती देने वालो में भारतीय मूल के दो प्रत्याशी भी शामिल हो गए है। दो मई को होने वाले चुनाव के लिए भारतीय मूल के दो कारोबारी भी स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में दौड़ में उतर गए हैं। व्यवसाई तरुण गुलाटी (63) ने पिछले साल के अंत मे भारत की यात्रा के दौरान अपना मेयर पद का चुनावी अभियान शुरू किया था, वही, 62 वर्षीय उद्यमी श्याम भाटिया के चुनाव में ताल ठोकने से लगभग एक दर्जन उम्मीदवार मैदान में है। गुलाटी का चुनावी नारा विश्वास और विकास है, जबकि बत्रा ने आशा के दूत का नारा दिया है। ऐसी धारणा बढ़ रही है कि मौजूदा सत्ताधारी ने समर्थन खो दिया है और पार्टी के एक अन्य प्रमुख दावेदार से भी मतदाता बहुत खुश नही है। मै लंदन का अगला मेयर बनने के लिए एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में खड़ा हूं क्योंकि मै पार्टी विचारधारा और पूर्वाग्रह के बिना विचारो और नीतियो के मुक्त प्रवाह को प्रोत्साहित करना चाहता हूं।

### प्रधानमंत्री सुनक यूक्रेन के वास्ते एक नए सहायता पैकेज की घोषणा करने के लिए कीव के दौरे पर

**कीव।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक यूक्रेन के लिए सैन्य कोष में वृद्धि सहित एक नए सहायता पैकेज की घोषणा करने के लिए शुक्रवार को कीव के दौरे पर है। उनके कार्यालय ने एक बयान मे यह जानकारी दी। बयान मे कहा गया कि सुनक के अगले वित्त वर्ष के लिए यूक्रेन के वास्ते सैन्य कोष को बढ़ाकर 2.5 अरब पाउंड (3.2 अरब डॉलर) करने की घोषणा करने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि कोष मे रूस से युद्ध के मद्देनजर यूक्रेन के लिए लंबी दूरी की मिसाइल, हवाई रक्षा, तोपखाने से संबंधित गोला-बारूद और समुद्री सुरक्षा जैसी सहायता भी शामिल है। सुनक ने कहा,मै आज यहां एक संदेश के साथ आया हूं। ब्रिटेन लड़खड़ाएगा नही। हम यूक्रेन के साथ, उसके सबसे बुरे समय मे और आने वाले बेहतर समय मे खड़े रहेंगे। प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद सुनक ने पहली बार नवंबर 2022 मे यूक्रेन की यात्रा की थी। ब्रिटेन यूक्रेन के सबसे मुखर समर्थकों में से एक रहा है।

### भारत के साथ सीमा विवाद को वार्ता और कूटनीतिक पहल के जरिए सुलझाने के प्रयास जारीः सऊद

**काठमांडू।** नेपाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत के साथ सीमा मुद्दे को वार्ता और कूटनीतिक पहल के माध्यम से हल करने के प्रयास किए जा रहे है और एक संयुक्त समूह इस मामले पर काम कर रहा है। नेपाल पांच भारतीय राज्यो - सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ।,850 किलोमीटर से अधिक की सीमा साझा करता है। विदेश मंत्री एन. पी. सऊद ने पश्चिमी नेपाल के दधेलधुरा जिले मे नेपाल प्रेस यूनियन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मीडियाकर्मियो से बातचीत करते हुए कहा, कालापानी, लिंपियाधुरा, लिपुलेख और सुस्ता को छोड़कर सीमा पर (भारत के साथ) कई समझौते हुए है।

### पाक के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश ने इस्तीफा दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश ने सभी को चौंकाते हुए बृहस्पतिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। वह अगले मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में थे। न्यायमूर्ति एजाज-उल-अहसन से एक दिन पहले, शीर्ष अदालत के एक और न्यायाधीश मजहर अली अकबर नकवी ने भी इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति नकवी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था, जो कदाचार के आरोपो के संबंध मे सर्वोच्च न्यायिक परिषद (एसजेसी) की जांच का सामना कर रहे हैं। न्यायमूर्ति अहसन भी पांच सदस्ईय एसजेसी का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने 22 नवंबर, 2023 को न्यायमूर्ति नकवी को नया कारण बताओ नोटिस जारी करने वाले परिषद के अन्य सदस्यो से खुद को अलग कर लिया था।

### अमेरिकाः उड़ान के दौरान उड़ गए पैनल के डिजाइन की जांच कर रही संघीय सरकार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के संघीय अधिकारी इस बात की जांच कर रहे है कि क्या बोइंग यह सुनिश्चित करने मे विफल रही कि पिछले सप्ताह उड़ान के समय विमान का जो पैनल उड़ा गया था उसे उचित तरीके से तैयार किया गया था नही और वह इस्तेमाल के लिए सुरक्षित था या नही। अलास्का एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स 9 विमान का वह पैनल पोर्टलैंड, ओरेगॉन के पास मिला था और इसकी सरकारी प्रयोगशाला में जांच की जाएगी। संघीय विमानन प्रशासन ने एक बयान मे कहा, ऐसी घटना दोबारा नही होनी चाहिए। बयान में कहा गया है, बोइंग के विनिर्माण तौर-तरीकों में उच्च सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने की आवश्यकता है जिन्हें पूरा करने के लिए वे कानूनी रूप से जवाबदेह है।

### अफगानिस्तान में ग्रेनेड विस्फोट में दो लोगों की मौत, 12 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के निकट शिया बहुल इलाके मे हुए विस्फोट मे दो लोगो की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। बीते एक सप्ताह से भी कम समय मे यह दश्त-ए-बारची इलाके मे दूसरा घातक विस्फोट है। विस्फोट दोपहर के समय वाणिज्यिक केंद्र के बाहर हुआ और अभी किसी ने इसकी जिम्मेदारी नही ली है। काबुल पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता खालिद जरदान ने कहा कि सुरक्षा बल हमलावरो को न्याय के कटघरे मे लाने के लिए सभी प्रयास करेंगे। इससे पहले छह जनवरी को दश्त-ए-बारची मे मिनी बस मे हुए विस्फोट मे पांच लोगो की मौत हो गई थी। विस्फोट की जिम्मेदारी आईएस समूह ने ली थी।

### ईरान की नौसेना ने ओमान की खाड़ी में तेल टैंकर जब्त किया

**दुबई।** ईरान की नौसेना ने बृहस्पतिवार को ओमान की खाड़ी मे एक तेल टैंकर जब्त कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टैंकर जब्त किए जाने से पश्चिम एशिया मे जलमार्ग मे तनाव और बढ़ने की आशंका है। इस टैंकर को कभी स्वेज राजन के नाम से जाना जाता था और यह एक साल से विवाद मे फंसा हुआ था। अमेरिकी सरकार ने इस टैंकर मे मौजूद लगभग दस लाख बैरल ईरानी कच्चे तेल को जब्त कर लिया था।सरकारी समाचार एजेंसी इरना की खबर के अनुसार ईरान की नौसेना ने एक तेल टैंकर को जब्त किया है। खबर के अनुसार इसे एक न्यायिक आदेश के तहत जब्त किया गया है। इसके अनुसार हथियारबंद लोगों के इसमें सवार होने के कुछ घंटे बाद बृहस्पतिवार की दोपहर टैंकर को जब्त किया गया।निजी सुरक्षा कंपनी एंब्रे ने कहा कि चार से पांच हथियारबंद व्यक्ति जहाज पर चढ़े। कंपनी ने कहा कि इसकी पहचान तेल टैंकर सेंट निकोलस के रूप मे हुई।इसने कहा कि लोगों ने टैंकर पर चढ़ते समय निगरानी कैमरों को ढक दिया था। सेंट निकोलस को पहले स्वेज राजन नाम दिया गया था, जो यूनानी नौवहन कंपनी एम्पायर नेविगेशन से जुड़ा था।

# जयशंकर और ब्लिंकन ने लाल सागर में हमलों, गाजा, यूक्रेन पर चर्चा की

**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)



**अमेरिका ने** लाल सागर में हुती विद्रोहियों के हमलों को लेकर भारत के साथ साझा चिंताओं पर चर्चा की और क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का स्वागत किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को फोन पर बातचीत की और दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में हुती के हमलों को लेकर अमेरिका तथा भारत की साझा चिंताओं पर चर्चा की। इन हमलों ने वाणिज्यिक जहाजों के निर्बाध आवागमन, निर्दोष नौसैनिकों की जान खतरे में डाल दी है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान में कहा कि ब्लिंकन ने कहा कि लाल सागर एक प्रमुख वाणिज्यिक गलियारा है जहां से अंतरराष्ट्रीय व्यापार होता है और उन्होंने क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने में भारत के साथ बढ़ते सहयोग का स्वागत किया। बयान में कहा गया है कि जयशंकर और ब्लिंकन ने इजराइल–हमास संघर्ष, तनाव बढ़ने से रोकने के प्रयासों और गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता की आपूर्ति में वृद्धि पर भी चर्चा की। ब्लिंकन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध पर भी चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने अपने मित्र ब्लिंकन से अच्छी बातचीत की। उन्होंने कहा, हमारी बातचीत में समुद्री सुरक्षा चुनौतियों, विशेष रूप से लाल सागर क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गाजा समेत पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात पर उनके दृष्टिकोण को सराहा। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, 2024 के लिए हमारे व्यापक सहयोग एजेंडे को हासिल करने के लिए उत्साहित हूं। मिलर ने एक्स पर कहा कि ब्लिंकन ने जयशंकर के साथ सार्थक बातचीत की और अहम समुद्री क्षेत्रों में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए अमेरिका–भारत साझेदारी पर चर्चा की।

## यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले आत्मरक्षा के लिए किए गएः सुनक



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को कहा कि यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानो के खिलाफ अमेरिका के साथ मिलकर किया गया संयुक्त हवाई हमला आत्मरक्षा के लिए आवश्यक था। नवंबर 2023 से लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय नौवहन को निशाना बना रहे हूती के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाला यह पहला हमला है। सुनक ने ईरान समर्थित समूह पर ब्रिटेन के जहाजो को धमकी देने का आरोप लगाया। अमेरिकी वायुसेना ने कहा कि यमन मे हूती द्वारा इस्तेमाल किए गए 16 स्थानों पर 60 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया। सुनक ने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बार-बार चेतावनियों के बावजूद, हूती ने लाल सागर में हमले जारी रखा है, जिसमे इस सप्ताह ब्रिटेन और अमेरिकी युद्धपोतो पर हमले भी शामिल है। उन्होने कहा, इसे सहन नही किया जा सकता। ब्रिटेन नौ-परिवहन की स्वतंत्रता और मुक्त व्यापार के लिए हमेशा खड़ा रहेगा। हमने आत्मरक्षा के लिए कार्वाई की है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने कहा कि हूती पर दो हमले किए गए और हमलो के विस्तृत परिणामो का आकलन किया जा रहा है। ब्रिटेन, अमेरिका, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, जर्मनी, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और कोरिया गणराज्य की सरकारों के एक संयुक्त बयान में दोहराया गया कि कड़ी चेतावनियों के बावजूद, अमेरिका और ब्रिटेन के जहाजो सहित लाल सागर मे जहाजो के खिलाफ कई मिसाइल और एकतरफा हमले जारी थे। इसमे कहा गया है कि इन हमलो का उद्देश्य वैश्विक व्यापार और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक में अंतरराष्ट्रीय नाविकों के जीवन को खतरे में डालने के लिए हूती द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले ठिकानो को नष्ट करना था। हूती अधिकारियो ने जवाबी प्रतिक्रिया मे ब्रिटेन और अमेरिका को चेतावनी दी है कि उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# उत्तर कोरियाई मिसाइलों पर नजर रखने के लिए जापान ने उपग्रह प्रक्षेपित किया



**भाषा।** तोक्यो

**जापान ने** उत्तर कोरिया में सैन्य स्थलों की गतिविधियों पर नजर रखने और प्राकृतिक आपदाओं पर जवाबी कार्वाई में सुधार करने के मिशन के तहत शुक्रवार को सरकारी खुफिया उपग्रह को ले जाने वाला एक रॉकेट प्रक्षेपित किया।मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा प्रक्षेपित एच2ए रॉकेट, अपनी सैन्य क्षमता को तेजी से बढ़ाने के लिए तोक्यो के टोही प्रयास के हिस्से के रूप में ऑप्टिकल उपग्रह को लेकर दक्षिण–पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुआ।उपग्रह खराब मौसम में भी तस्वीरें खींच सकता है। 1988 में उत्तर कोरियाई मिसाइल के जापान के ऊपर से उड़ान भरने के बाद जापान ने खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला उपग्रह कार्यक्रम शुरू किया था और इसका लक्ष्य संभावित मिसाइल प्रक्षेपणों का पता लगाने और प्रारंभिक चेतावनी देने के लिए 10 उपग्रहों का एक नेटवर्क स्थापित करना है।फुमियो किशिदा सरकार, 2022 में अपनाई गई अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के तहत अमेरिका निर्मित टॉमहॉक और अन्य क्रूज मिसाइलों को अगले साल की शुरुआत तक तैनात करने पर जोर दे रही है ताकि आत्मरक्षा की नीति से आगे बढ़ते हुए वह मारक क्षमता हासिल कर सके। इसके पीछे सरकार चीन और उत्तर कोरिया द्वारा अपनी हथियार क्षमता को मजबूत किए जाने का हवाला दे रही है। नए रॉकेट की पहली परीक्षण उड़ान पिछले साल विफल रही थी।

# अमेरिका में शासन में रामायण की शिक्षाओं को एकीकृत करने पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित

**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**अमेरिका की** राजधानी वाशिंगटन में कैपिटोल हिल में आज के शासन में रामायण की शिक्षाओं को एकीकृत करने पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समकालीन भूराजनीति में सांस्कृतिक विरासत की महत्ता पर जोर दिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, एक गैर लाभकारी संगठन हिंदूएक्शन द्वारा बुधवार को कैपिटोल हिल में रामायण अक्रॉस एशिया एंड बियॉन्ड कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजनयिक और सांसद शामिल हुए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह सम्मेलन समकालीन भूराजनीति में सांस्कृतिक विरासत की महत्ता पर जोर देता है। इसका मुख्य संदेश आज के शासन में रामायण की शिक्षाओं को एकीकृत करना है। अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। संधू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूएस कैपिटोल में कांग्रेस सदस्य मैक्स मिलर, श्री थानेदार और अमेरिका में थाइलैंड के राजदूत तानी संगरत के साथ एशिया में रामायण : हिंद–प्रशांत की साझा सांस्कृतिक विरासत कार्यकम में शामिल होकर खुशी हुई। उन्होंने कहा, रामायण का कालातीत ज्ञान हिंद–प्रशांत और उससे आगे की भौगोलिक सीमाओं से परे है। विज्ञप्ति के अनुसार, अफगानिस्तान के हजारा समुदाय के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्होंने अफगानिस्तान में तालिबान से बौद्ध और हिंदू स्मारकों की रक्षा करने के अपने अनुभव साझा किए।

## जेलेंस्की का रूस के साथ संघर्ष विराम से इनकार, कहा- मॉस्को इसका प्रयोग हथियार जुटाने में करेगा



**भाषा।** ताल्लिन

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को रूस के साथ जारी युद्ध में संघर्ष विराम की संभावना से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि रूस संघर्ष विराम का इस्तेमाल यूक्रेन के सैनिकों के खिलाफ हथियारों को कमी को पूरा करने और सेना को फिर से संगठित करने में करेगा। एस्टोनिया की यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेनी युद्धक्षेत्र में हमलों पर विराम का मतलब युद्ध विराम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम रूस को फायदा पहुंचाएगा और बाद में हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकता है।रूस द्वारा फरवरी 2022 में पूर्ण युद्ध शुरू किए जाने के बाद से सीमित युद्ध विराम के कई बार प्रस्ताव किए गए पर इन पर कभी अमल नहीं किया गया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस को उत्तर कोरिया से तोप के गोले व मिसाइलें जबकि ईरान से ड्रोन मिल रहे हैं। चार जनवरी को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा था कि रूस ने उत्तर कोरिया से बैलिस्टिक मिसाइलें हासिल की हैं और वह उन्हें ईरान के रास्ते मंगा रहा है।जेलेंस्की बाल्टिक देशों के दो दिवसीय दौरे के हिस्से के रूप में एस्टोनिया की राजधानी ताल्लिन पहुंचे थे, जो यूक्रेन के कट्टर समर्थकों में से एक है।

## ट्रंप ने अदालत में समापन जिरह पर पाबंदी के बावजूद अपनी बात रखी

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ न्यूयॉर्क की अदालत में धोखाधड़ी के दीवानी मामले में बृहस्पतिवार की सुनवाई के दौरान समापन जिरह करने पर आधिकारिक रूप से रोक लगाई गई थी, इसके बावजूद उन्होंने संक्षेप में अपनी बात रखने का मौका खोज लिया। न्यायाधीश द्वारा उन्हें बोलने से रोके जाने से पहले ट्रंप को यह कहने का मौका मिल गया कि सुनवाई की प्रक्रिया मेरे साथ धोखाधड़ी है। हमारे पास ऐसी स्थिति है जहां मैं एक निर्दोष आदमी हूं। मेरा राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल किसी व्यक्ति द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। ट्रंप के करीब छह मिनट बोलने के बाद न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने उन्हें रोक दिया और दोपहर के भोजनावकाश की घोषणा कर दी। इससे पहले न्यायाधीश ने ट्रंप को मुकदमे में अंतिम दलीलों के दौरान उनका पक्ष रखने की अनुमति रद्द कर दी थी।

# शेख हसीना ने पांचवी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

**भाषा।** ढाक



**शेख हसीना** ने बृहस्पतिवार को पांचवे कार्यकाल के लिए बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगियों के चुनाव के बहिष्कार के बीच सात जनवरी को हुए आम चुनाव में अवामी लीग को मिले भारी बहुमत के बाद शपथ ली है। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति प्रासाद बंगभवन में आयोजित समारोह में 76 वर्षीय हसीना को पद की शपथ दिलाई और इस दौरान नेता, विदेशी राजनयिक, नागरिक समाज की हस्तियां और वरिष्ठ सैन्य एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। वह बांग्लादेश की 12वीं प्रधानमंत्री के तौर पर कार्य करेंगी। वह लागातार चार बार प्रधानमंत्री रही और यह उनका पांचवा कार्यकाल है। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हसीना रणनीतिक रूप से अहम भौगोलिक क्षेत्र में अवस्थित दक्षिण एशिया के देश पर 2009 से ही शासन कर रही हैं। वह दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन कर रही महिला शासना प्रमुखों में से एक हैं। प्रधानमंत्री के शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति द्वारा मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। हसीना की पार्टी ने 300 सदस्ईय संसद में 223 सीट पर जीत दर्ज की है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी ने सात जनवरी को मतदान कराने के लिए गैर राजनीतिक कार्यवाहक सरकार बनाने की मांग अस्वीकार किए जाने के बाद चुनाव का बहिष्कार किया था। हसीना ने अपने मंत्रिमंडल में 25 कैबिनेट मंत्रियों और 11 राज्य मंत्रियों को शामिल किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने पीटीआई–भाषा को बताया, हमें अभी तक (नए) मंत्रियों और राज्य मंत्रियों के विभाग नहीं मिले हैं, लेकिन बृहस्पतिवार को बाद में इसकी घोषणा होने की उम्मीद है। हसीना ने नए मंत्रिमंडल में कुछ दिग्गज नेताओं को जगह नहीं दी है जिनमें पूर्व सरकार के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमन, वित्तमंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल, योजना मंत्री अब्दुल मनन, कृषि मंत्री अब्दुल रज्जाक और वित्तमंत्री टीपू मुंशी शामिल नहीं हैं। निर्वतमान सरकार के 18 राज्य मंत्रियों में से 13 को भी नए मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है जिनमें विदेश राज्य मंत्री शहरियार आलम शामिल हैं। नए मंत्रिमंडल में 14 नए चेहरों को कैबिनेट मंत्री और सात नए चेहरों को राज्य मंत्री बनाया गया है। हालांकि उनमें से कुछ को कैबिनेट मंत्री के रूप में पदोन्नत किया गया है।जलने एवं झुलसने की समस्याओं के विशेषज्ञ डॉक्टर सामंत लाल सेन को एक टेक्नोक्रेट के तौर पर पहली बार कैबिनेट मंत्री बनाया गया। उनकी नियुक्ति ने कई लोगों को आश्चर्यचकित किया है क्योंकि उन्हें कभी भी राजनीतिक सक्रियता के लिए नहीं जाना जाता था।बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री तजुद्दीन अहमद की बेटी सिमिन हुसैन रिमी राज्य मंत्रियों की सूची में नामित नए चेहरों में से एक हैं।

